* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

29 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 11

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



रूसी राष्ट्रपति ने भारत के पीएम की तारीफ की, पुतिन बोले- मोदी सच्चे देशभक्त, फ्यूचर भारत का है

SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

## पीएम ने गृह मंत्रियों को सूरजकुंड में दिया सुझाव

# लागू हो वन नेशन वन यूनिफार्म पालिसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राज्यों के पुलिसकर्मियों के लिए 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' पॉलिसी का सुझाव दिया है। पीएम मोदी हरियाणा के सूरजकुंड में गुरुवार से चल रहे गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर के समापन समारोह को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और गृह मंत्रियों से कहा- पुलिस के लिए 'वन नेशन, वन यूनिफॉर्म' केवल एक विचार है। मैं इसे आप पर थोपने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। बस इस पर विचार करें। हो सकता है इसमें 5 साल या 50-100 साल लगें, लेकिन हमें इसके बारे में विचार करना चाहिए।

### पुलिस थानों के लिए दिया बेहतर सुझाव

थानों के ऊपर 20 मंजिल बिल्डिंग बना दें। सुरक्षा बना दें, ताकि पुलिस थाना आधुनिक हो जाए और उसी के ऊपर रहने की व्यवस्था बन जाएगी। हर शहर में 20-25 थाने ऐसे होंगे, जिन्हें सुधारा जा सकता है। ताकि कोई पुलिस वाला 20-25 किमी दूर जाकर घर न ले।

### फेक न्यूज पर भी अलर्ट किया

प्रधानमंत्री ने शिविर में फेक न्यूज पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- आज सोशल मीडिया दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है,



लेकिन इसके इस्तेमाल में सावधानी भी जरूरी है। एक छोटी सी फेक न्यूज पूरे देश में तूफान ला सकती है। लोगों को इस बारे में जागरूक करने की जरूरत है कि कुछ भी फॉरवर्ड करने से पहले सोचें। जो भी संदेश आपके पास आए, उसे फॉरवर्ड करने से पहले इसकी सच्चाई जरूर परख लें।

### लॉ एंड ऑर्डर सिस्टम को स्मार्ट होना होगा

पीएम मोदी ने कहा कि कानून-व्यवस्था के पूरे सिस्टम का विश्वसनीय होना बहुत महत्वपूर्ण है। स्मार्ट टेक्नोलॉजी से कानून-व्यवस्था को स्मार्ट बना पाना संभव होगा। साइबर क्राइम हो या फिर ड्रोन टेक्नोलॉजी का हथियारों और ड्रग्स तस्करी रोकने में उपयोग, इनके लिए हमें नयी टेक्नोलॉजी पर काम करते रहना होगा।

### हो रहे हैं इंटर स्टेट और इंटरनेशनल क्राइम

पीएम मोदी ने कहा- कानून-व्यवस्था एक राज्य तक सीमित नहीं है। इंटर स्टेट और इंटरनेशनल क्राइम हो रहे हैं। तकनीक के साथ, अपराधियों के पास अब राज्यों में अपराध करने की शक्ति है। सीमा से परे अपराधी तकनीक का दुरुपयोग कर रहे हैं। सभी राज्यों की एजेंसियों के बीच समन्वय, केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वय जरूरी है।

### अच्छी चीजें राज्य एक-दूसरे से सीखें

सूरजकुंड में गृह मंत्रालय का यह चिंतन शिविर सहकारी संघवाद का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह संविधान की भावना है और नागरिकों के प्रति हमारा कर्तव्य है। हर राज्य एक-दूसरे से सीखें और मिलजुल कर कार्य करें।

### आंतरिक सुरक्षा पर एक साथ काम करें राज्य

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा के लिए राज्यों का एक साथ मिलकर काम करना संवैधानिक आदेश के साथ ही देश के प्रति जिम्मेदारी भी है। सभी एजेंसियों को कार्य क्षमता, बेहतर परिणाम और आम आदमी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग करना चाहिए। कानून और व्यवस्था की स्थिति संविधान के अनुसार राज्य का विषय हैं। हालांकि, वह देश की एकता और अखंडता से समान रूप से संबद्ध है। आंतरिक सुरक्षा के लिए राज्यों का साथ मिलकर काम करना संवैधानिक अनिवार्यता है और साथ ही देश के प्रति जिम्मेदारी भी है।

### आजादी से पहले बनाये कानूनों की करें समीक्षा

दो दिवसीय चिंतन शिविर का उद्देश्य 'विजन 2047' और 'पंच प्रण' पर अमल के लिए एक कार्य योजना बनाना है, जिसका ऐलान प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में किया था। पीएम मोदी ने राज्यों से आजादी से पहले बनाये कानूनों की समीक्षा करने और मौजूदा संदर्भ में उनमें संशोधन करने के लिए भी कहा।

# सरयू और रघुवर समर्थक सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में भिड़े, जम कर मारपीट, पांच घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में छठ पर्व के आयोजन को लेकर विधायक सरयू राय और पूर्व विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास खेमे में तनातनी हो गयी। दोनों के बीच जम कर मारपीट हो गयी है। इन दोनों गुटों के बीच हुई मारपीट में सरयू राय और रघुवर दास गुट के पांच लोग घायल हो गये हैं। मारपीट की घटना के बाद पुलिस फोर्स को वहां तैनात कर दिया गया है, फिर भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। दोनों गुटों की भिड़ंत में काफी तोड़फोड़ भी की गयी है, जिसके बाद प्रशासन सकते में पड़ गया है। बताया जाता है कि सरयू राय गुट के लोगों ने सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में छठ व्रतियों के लिए एक शिविर लगाया था, जो रघुवर दास गुट के कार्यक्रम स्थल से सटा हुआ था। इस दौरान काफी देर तक दोनों ओर से तनातनी होती चली गयी। बाद में अचानक से कुछ लोग अंदर आये और सरयू राय के तंबू को उखाड़ कर फेंक दिया। इसके बाद सरयू राय की पार्टी भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों पर हमला कर दिया गया। सरयू राय गुट के लोगों ने भी कार्रवाई की और मारपीट दोनों ओर से हो गयी, जिसमें कई लोग घायल हो गये। खुद सुबोध श्रीवास्तव घटना में घायल हो गये हैं।



### रघुवर-सरयू गुट ने दिया था आवेदन जिला प्रशासन ने नहीं लिया फैसला

सूर्य मंदिर में गायिका का कार्यक्रम कराने के लिए रघुवर दास गुट की ओर से आवेदन दिया गया था। जमशेदपुर अक्षेस में विधायक सरयू राय के गुट का भी आवेदन था कि वे लोग चाहते हैं कि व्रतियों के रात में ठहराव का इंतजाम करें और शिविर लगाया जाये, लेकिन प्रशासन ने कोई फैसला नहीं लिया। इसके बाद दोनों गुट खुद से ही आयोजन कराने में लग गये। इस बीच सरयू राय गुट ने भी अपना तंबू लगा दिया। इसके बाद इस मामले ने विवाद का रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों ओर से तनातनी हो गयी और उसके बाद मारपीट। इस दौरान सरयू राय के कभी साथ रहे चंद्रगुप्त सिंह रघुवर दास गुट के साथ नजर आये।

# पेट में दर्द के बाद मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी अमित अग्रवाल रिम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तारी करवाने वाले कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की तबीयत बिगड़ गयी है। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार से उन्हें इलाज के लिए रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में लाया गया। जानकारी के मुताबिक अमित अग्रवाल को पेट के निचले हिस्से में दर्द के बाद उन्हें रिम्स लाया गया है। कब्ज की शिकायत की वजह से उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया है।



**पंकज मिश्रा और पूजा सिंघल का पहले से चल रहा है इलाज**

: निलंबित खान सचिव पूजा सिंघल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का भी इलाज रिम्स में चल रहा है। जनहित याचिका मैनेज करने के एक मामले में ईडी ने 7 अक्टूबर को कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को पूछताछ के लिए बुलाया था जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी हो गयी थी। उन्हें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया।

## पुलिस से न्याय की उम्मीद लगाये बैठी है छात्र कुंदन की मां

# एक हफ्ता बीत गया, पुलिस का एक्शन नजर नहीं आता

मुरी महतो टोली से स्वरूप भट्टाचार्य

**(आजाद सिपाही)** अभी उसकी उम्र ही क्या थी! मात्र तेरह साल! खाने, खेलने और पढ़ने के दिन ही तो थे उसके। वह पढ़ भी रहा था। स्कूल से पढ़ कर ही तो वह घर लौटा था। स्कूली कपड़े भी वह नहीं खोल पाया था। अमूमन स्कूल से घर आने पर बच्चे खाने और खेलने की बात ही सोचते हैं और जाहिर है, वह भी यही सोच रहा होगा। लेकिन उसे क्या पता था कि जिस क्षण वह अपने स्कूली कपड़े उतार रहा है, वह उसका अंतिम क्षण होगा। अचानक कोई हैवान आया और उसने उस हंसते-खेलते बच्चे का गला दबा दिया। देखते ही देखते उसके प्राण पखेरू उड़ गये। विडंबना देखिये कि जिस मां ने अपनी ममता की छांव में उसे जन्म दिया, पाल-पोस रही थी, अंतिम क्षणों में वह उस मां का दर्शन भी नहीं कर पाया। उससे भी बड़ी विडंबना देखिए कि गला दबा कर हत्या होने के बाद भी पुलिस हत्यारे को नहीं खोज रही है। वह हाथ पर हाथ धरे बैठी है। शायद इसलिए कि वह सामान्य परिवार का था। उसके परिवार की पहुंच किसी राजनेता या बड़े अधिकारी तक नहीं है। ऐसे में पुलिस भला हत्यारे तक पहुंचने की जहमत क्यों उठायेगी। परिवार के लोग हत्या के आठ दिन बाद भी खून के आंसू रो रहे हैं। मां की ममता कलप रही है। आस-पड़ोस और परिचित लोग हर दिन इस उम्मीद में समय काट रहे हैं कि शायद आज पुलिस हत्यारे तक



पहुंच जाये। लेकिन यह आज, उस परिवार के लिए नहीं आ रहा है। परिवार के लिए हर दिन पहाड़ सा कट रहा है। उनकी आंखों से आंसू नहीं थम रहे। आंखें पथरा सी गयी हैं। न्याय पाने की आस में हर पल-पल उस परिवार की जिंदगी बोझ सी हो गयी है।

यह कोई फिल्मी कहानी है, बल्कि मुरी ओपी क्षेत्र के बड़ा मुरी महतो टोली परिवार के साथ घटी एक हृदयविदारक घटना है। रांची से लगभग साठ किलोमीटर दूर मुरी ओपी क्षेत्र के बड़ा मुरी महतो टोली में घटी उस घटना ने मुरी ओपी पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा पर बड़ा सवाल पैदा कर दिया है। परिवार के साथ ही पड़ोसियों का भी विश्वास मुरी ओपी पुलिस पर से उठने लगा है। उन्हें समझ में नहीं आता कि आखिर पुलिस हत्यारे तक पहुंचने की कोशिश क्यों नहीं कर रही! क्यों हाथ पर हाथ धरे बैठ गयी है!



21 अक्तूबर को घटना है। बड़ा मुरी महतो टोली का 13 वर्षीय कुंदन आरटीसी स्कूल में छठी कक्षा का छात्र था। दोपहर करीब दो बजे का समय रहा होगा। हर दिन की भांति कुंदन स्कूल से अपनी साइकिल से घर लौटा था। उस समय उसकी मां रीना देवी सिगपुर नर्सिंग होम में अपनी ड्यूटी पर गयी थीं। वहां वह नर्स का काम करती हैं। कुंदन के पिता रोजी-रोटी की जुगाड़ में अजमेर शरीफ में काम करते हैं। उनकी दो बेटियां भी बाहर रह कर पढ़ाई कर रही हैं। उस दिन घर में कोई नहीं था। हर दिन की तरह कुंदन अपनी साइकिल को बाहर रख कर घर का दरवाजा खोला। घर के अंदर जाकर उसने दरवाजा बंद कर दिया। वह अपना कपड़ा खोल ही रहा था कि हत्यारा घर के अंदर प्रवेश कर गया और उसने कुंदन का गला दबा दिया। कुंदन के प्राण पखेरू उड़ गये। अपराधी भाग निकला। हत्यारे ने तीन से चार बजे के बीच इस घटना को अंजाम दिया। जब परिवार के लोग घर लौटे, तो उन्होंने कुंदन को आवाज लगायी। जब कुंदन ने कोई आवाज नहीं दी, तो घर के लोग सीढ़ी लगा कर चहारदीवारी को फांद कर घर के अंदर गये। कुंदन खटिया पर बेसुध पड़ा था। लोगों ने कुंदन की मां रीना देवी को फोन किया। वह सिगपुर नर्सिंग होम से घर आयी और आनन-फानन में रोते-बिलखते कुंदन को लेकर नर्सिंग होम पहुंची। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि कुंदन अब इस दुनिया में नहीं है। कुंदन के गले पर हाथ के अंगूठे के निशान पाये गये। इससे स्पष्ट है कि किसी ने गला दबा कर उसकी हत्या कर दी थी। उसके बाद कुंदन की मां ने मुरी ओपी पुलिस को सूचना दी। पुलिस आयी, उसने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद कुंदन के शव को परिजनों को सौंप दिया। घटना के सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस की जांच हत्या की दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पायी है।

बुधवार को यह संवाददाता कुंदन के घर पहुंचा था। मां रीना देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। बातचीत में यह तथ्य सामने आया कि घर के लोगों के साथ जमीन का विवाद वर्षों से चल रहा है। आज तक जमीन का बंटवारा नहीं हुआ है। पुलिस की खामोशी और कुंदन के साथ घटी घटना को याद करके कुंदन की बहनें भी भयभीत हैं कि कहीं हत्यारे का अगला निशाना वे नहीं बन जायें। जिनसे इस परिवार का जमीन विवाद चल रहा है, उनके बयान भी संदेहास्पद हैं। कुंदन की दादी का बयान संदेह को जन्म दे रहा है। आस-पड़ोस के लोगों की जुबान से हत्या की ही बात सामने आ रही है, जबकि पुलिस के हाथ अब तक हत्यारे तक नहीं पहुंच पाये हैं। कुंदन की हत्या के बाद यह परिवार टूट सा गया है। अब तो यह उम्मीद ही की जा सकती है कि मुरी ओपी पुलिस के हाथ हत्यारे तक पहुंचेंगे। यह इसलिए भी जरूरी है कि हत्यारे के हाथ रीना देवी की किसी और संतान के गले तक नहीं पहुंचें। यह तभी संभव है, जब पुलिस अपने कर्तव्य का पालन करेगी और कुंदन की मां रीना देवी को न्याय दिलवायेगी। वरना यह हत्या एक अबूझ पहेली ही बन कर रह जायेगी।

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS





HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 59,500 रु./प्रति किलो |



## एक बार फिर सवालों के घेरे में भारतीय नौकरशाही और जांच एजेंसियां

# पीएम मोदी की चिंता का सियासी मतलब निकालना गलत

**हरियाणा के सूरजकुंड में तीन दिन तक आयोजित गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौकरशाही और विभिन्न जांच एजेंसियों को लेकर जो चिंता व्यक्त की है, वह सचमुच गंभीर है। पीएम मोदी ने पूरे देश की पुलिस व्यवस्था में एकरूपता लाने पर जो जोर दिया, वह भी इसी चिंता से जुड़ा हुआ है। वास्तव में हाल के कुछ वर्षों में भारतीय नौकरशाही ने खुद को ही सवालों के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया है। अपनी विश्वसनीयता को लगातार नौकरशाहों ने खतरे में डाला है। नौकरशाही की विवादित कार्यशैली और संविधान-कानून की बजाय राजनीतिक नेतृत्व के प्रति इसके उत्तरदायी होने के कारण नौकरशाही अपनी मूल भावना और उद्देश्य से दूर छिटकती चली गयी। वास्तव में स्वतंत्र भारत में नौकरशाही को सामंती सोच से अलग करके सेवाव्रती बनाने के लिए अनुच्छेद 310 के तहत एक संरक्षण दिया गया है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि उसने खुद इस संरक्षण का बेजा फायदा उठाने की कोशिश की। हालांकि नौकरशाही को संरक्षण के मुद्दे पर संविधान सभा में जोरदार बहस हुई थी और कुछ सदस्यों ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि भविष्य में इसका फायदा उठा कर नौकरशाही जनरुचि के कामों में बाधाएं खड़ी करने लगेगी। आज उनकी यह चिंता पूरी तरह सही साबित हो रही है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में नौकरशाही के भटकाव को रेखांकित करते हुए जो कुछ कहा, उस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। राजनीतिक नेतृत्व के प्रति उत्तरदायित्व गलत नहीं है, लेकिन वह संविधान की कीमत पर नहीं होना चाहिए, यह बात सभी को समझनी होगी। पीएम मोदी के सूरजकुंड संबोधन की पृष्ठभूमि में भारतीय नौकरशाही के इसी पहलू का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह



यह देश की आंतरिक सुरक्षा और विकास के लिए सबसे जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के सूरजकुंड में राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में जो कुछ कहा है, उसका लब्बो-लुआब यह है कि भारतीय नौकरशाही को अपनी गिरेवां में झांकने और अपना मूल्यांकन खुद करने का समय आ गया है। उन्होंने भारतीय संघवाद के इस फौलादी कवच के कमजोर होने और इसकी विश्वसनीयता कम होने पर जो चिंता जतायी है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि आज भारतीय नौकरशाही अपने मूल उद्देश्य से भटक गयी है और संविधान की बजाय उसकी प्रतिबद्धता अपने राजनीतिक आकाओं के प्रति अधिक हो गयी है। पीएम मोदी की चिंता को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए।

आजादी के बाद से भारतीय नौकरशाही लगातार अपने स्वरूप में सैद्धांतिक नहीं, तो व्यावहारिक बदलाव लाती रही है। आजादी के फौरन बाद नौकरशाहों ने संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को न केवल अंगीकार किया, बल्कि उसे आत्मसात भी किया। कई नौकरशाहों की कहानियां आज भी सुनने को मिलती हैं। लेकिन आज क्या हो रहा है। अधिकारी अपने राजनीतिक आका के लिए सब कुछ न्योछावर करने को तैयार रहता है। वह यह भूल गया है कि राजनीतिक आका आते-जाते रहेंगे, लेकिन लोकतंत्र हमेशा रहेगा। यही कारण है कि नौकरशाहों के फैसलों पर राजनीतिक सवाल खड़े किये जा रहे हैं। यही हाल केंद्रीय जांच एजेंसियों का भी है, जिन पर आरोप लगता रहा है कि वे ज राजनीतिक नेतृत्व के इशारों पर काम करने के लिए तैयार रहती हैं।

यह हकीकत है कि भारतीय नौकरशाही को संविधान के तहत व्यापक संरक्षण मिला हुआ है। उस समय सरदार पटेल ने इस संवैधानिक संरक्षण का बचाव करते हुए कहा था कि आने वाले दिनों में इस बात की गारंटी नहीं है कि राजनीतिक अगुआ स्वाधीनता सेनानियों की तरह त्यागी और तपस्वी ही होंगे। हो सकता है कि भविष्य में अपने निजी उद्देश्यों के लिए वे नौकरशाही को दबाव में लेने की कोशिश करें। ऐसा हुआ तो यह व्यवस्था के लिए सही नहीं होगा। इसलिए सिस्टम चलाने वालों के लिए संरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए। लेकिन सूरजकुंड में गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में पीएम मोदी के संबोधन से साफ हो गया है कि आज स्थिति पूरी तरह बदली हुई है। राज्यों की पुलिस अपने राज्य की सरकारों के निर्देश पर काम करती है, तो केंद्र सरकार की एजेंसियां केंद्रीय नेतृत्व के कहे अनुसार। इससे राजनीतिक टकराव तो बढ़ा ही है, साथ ही संघवाद की नींव भी कमजोर हुई है। नौकरशाही की साख के कम होने का सबसे अच्छा उदाहरण झारखंड ही है। यहां एक हजार करोड़ के खनन घोटाले की बात तो खूब हो रही है, केंद्रीय जांच एजेंसियां काम भी कर रही हैं, लेकिन इसकी कुछ कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में है। राज्य का एक बड़ा वर्ग पूछ रहा है कि क्या यह घोटाला 2019 के बाद ही हुआ और आज जो लोग इडी की गिरफ्त में हैं, क्या वे एक दिन में इतने ताकतवर हो गये। अगर नहीं, तो इस घोटाले की नींव रखनेवाले अधिकारी या नेता के खिलाफ एक्शन क्यों नहीं हो रहा। आखिर पूजा सिंघल मात्र ढाई साल में तो इतनी ताकतवर नहीं हुईं। उनका सभी सरकारों में रुतबा था। इसी तरह प्रेम प्रकाश और विशाल चौधरी मात्र ढाई साल में इतने ताकतवर नहीं बने हैं। वे पूर्व की सरकार में ही अपनी धमक दिख चुके थे। जिन अधिकारियों ने उन्हें झारखंड में इंट्री दिलायी, उनकी पहुंच बनायी, उनके खिलाफ भी एक्शन होना चाहिए था। दूसरा उदाहरण पश्चिम बंगाल का है। वहां के तत्कालीन मुख्य सचिव प्रधानमंत्री के दौरे के समय भी उनके समक्ष नहीं गये, जबकि प्रोटोकोल कहता है कि उन्हें हर हाल में जाना चाहिए था। चूंकि ममता बनर्जी की कृपा पर वह मुख्य सचिव बने थे और ममता बनर्जी खुद मिलने नहीं गयीं, तो वह भी नहीं गये। उन्हें डर सता रहा था कि अगर गये, तो कहीं नाराज होकर ममता बनर्जी उन्हें मुख्य सचिव पद से हटा न दें। इस तरह के दृष्टांट भरे पड़े हैं। इसी तरह देश के दूसरे हिस्सों में चल रही जांच कभी भी अंजाम तक नहीं पहुंचती है, चाहे वह 2 जी घोटाला हो या फिर उससे पहले का शेयर घोटाला। यहां तक कि आपराधिक मामलों की जांच भी बहुत देर से अंजाम तक पहुंचती है, जिसका सीधा असर जांच एजेंसियों और उनके अधिकारियों की विश्वसनीयता पर पड़ता है।

यह बात सही है कि देश में कदाचार और भ्रष्टाचार की कहानियां 70 के दशक से बढ़नी शुरू हुईं। राजनीति पर पैनी निगाह रखने वाले कुछ जानकारों का मानना है कि नेताओं को भ्रष्टाचार की ओर प्रवृत्त करने में सरकारी तंत्र के प्रभावी वर्ग की बड़ी भूमिका रही। जिन लोगों का भी पाला सरकारी तंत्र से पड़ा है, वे मानते हैं कि नौकरशाही ने व्यवस्था को सहजता की ओर मोड़ने की बजाय उसे और जटिल ही बनाया है। अमूमन सत्ता के शीर्ष केंद्र की तरफ से खुले तौर पर कभी इस व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाया जाता। माना जाता है कि इससे नौकरशाही नाराज हो सकती है।

इस संदर्भ में 2002 में बाल श्रम पर आयोजित देशभर के जिलाधिकारियों की कार्यशाला के समापन समारोह में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संबोधन बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कह दिया था कि अगर अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी निभायी होती, तो इस कार्यशाला की जरूरत ही नहीं पड़ती। ऐसा नहीं कि प्रशासनिक सुधार के लिए कोशिशें नहीं हुईं। 1966 में मोरारजी देसाई और 2005 में वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में इन कमियों पर विचार करने और नौकरशाही में सुधार संबंधी सुझाव देने के लिए प्रशासनिक सुधार आयोग बनाये गये, लेकिन इनकी रिपोर्टों पर अमल नहीं हो पाया। माना जा सकता है कि नौकरशाहों के दबाव में ही राजनीतिक तंत्र यह काम नहीं कर पाया।

आजादी के बाद माना गया था कि नौकरशाही वैसी नहीं रहेगी, जैसी अंग्रेजों की थी। नौकरशाही को चुनने के लिए लोक सेवा आयोग की अवधारणा का मतलब भी यही था कि चुने गये लोग लोक के सेवक होंगे। हकीकत में देखें तो भारतीय नौकरशाही 'यस मिनिस्टर' का विस्तारित रूप बनती चली गयी। आजादी के आंदोलनों से क्रूरतापूर्वक निबटने वाली अंग्रेज नौकरशाही का सामना कर चुकी पीढ़ी अब अपने अवसान की ओर है। लेकिन मौजूदा व्यवस्था के प्रति उसका क्षोभ कई बार इतना बढ़ जाता है कि उसके लोग भी यहां तक कह देते हैं कि अंग्रेजी व्यवस्था आज से कहीं बेहतर थी। मौजूदा सरकारी तंत्र में कर्मठ और लोकोन्मुखी लोग भी हैं, लेकिन उनकी संख्या कम है। जिस तरह की व्यवस्था विकसित हो गयी है, उसमें ढलना या चुप पड़े रहना एक दौर के बाद उनकी मजबूरी बन जाती है।

एक पूर्व अधिकारी नौकरशाही की मानसिकता को विश्लेषित करते हुए कहते हैं, जब भी किसी जिम्मेदार अधिकारी के सामने कोई प्रस्ताव आता है, तो उसकी पहली प्रतिक्रिया उसे टालने की होती है। अगर वह टाल नहीं पाता, तो प्रस्ताव में वह पहले अपना फायदा देखता है। जरूरी नहीं कि वह आर्थिक ही हो। उनके मुताबिक, प्रस्ताव पर फैसला लेते वक्त अधिकारी सोचता है कि इससे उसकी अगली पोस्टिंग या प्रमोशन में कोई फायदा मिल सकता है या नहीं। अगर ऐसी कोई गुंजाइश नजर नहीं आती, तो वह अपने बैच का लाभ देखने की कोशिश करता है। अगर ऐसा भी नहीं हुआ, तो वह अपने संवर्ग के बारे में सोचता है। संवर्ग यानी अगर वह आइएएस है तो आइएएस के बारे में सोचेगा, आइपीएस है तो आइपीएस या आइआरएस है तो आइआरएस के बारे में। ऐसे मानस में लोक कहां रह जाता है? पूर्व अधिकारी का मानना है कि कहीं न कहीं, अधिकारियों के प्रशिक्षण में ही कमी है। इसी वजह से उनमें लोकोन्मुखी होने का भाव नहीं भर पाता और यही वजह है कि देश में अब तक जैसा जमीनी बदलाव दिखना चाहिए था, नहीं दिख रहा है। भारतीय नौकरशाही के बारे में यह भी कहा जाता रहा है कि वह भावी चुनौतियों को देख पाने की क्षमता विकसित करने में सफल नहीं हो पायी है। इसलिए सूरजकुंड में पीएम मोदी के संबोधन को इसी नजरिये से देखने की जरूरत है। भारतीय संविधान की एक खूबी यह भी है कि इसने शासन के किसी भी अंग को संपूर्ण स्वायत्तता नहीं दी है। इस खूबी को बरकरार रखने के लिए अब शासन के इन अंगों को ही आगे आना होगा, अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब लोग अधिकारियों और केंद्रीय जांच एजेंसियों को भी राजनीतिक चश्मे से देखने लगेंगे।

---

# एसीबी में हेहल के सीओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में आय से अधिक संपत्ति मामले में हेहल के अंचलाधिकारी (सीओ) रहे अनिल कुमार सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

अनिल कुमार के खिलाफ एसीबी ने 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2017 तक की अवधि को चेक पीरियड मानते हुए आय से अधिक संपत्ति की गणना की है। एसीबी के पुलिस उपाधीक्षक राज नारायण सिंह की शिकायत पर जांच के बाद अनिल कुमार सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया।

अनिल कुमार सिंह ने चेक पीरियड में कुल 30 लाख 54 हजार 967 रुपये की संपत्ति अर्जित की है। चेक पीरियड में अर्जित ऐसेट एवं व्यय के रूप में इनके द्वारा कुल 86 लाख 65 हजार 513 खर्च किया गया था। निर्धारित चेक पीरियड में इनकी आय 67 लाख 35 हजार 501 रुपये की गणना की गयी। इस आधार पर गणना करने पर पाया गया कि निर्धारित चेक पीरियड में इनके द्वारा आय की तुलना में 19 लाख 30 हजार 12 रुपये अधिक व्यय किया गया। इसके आधार पर इनके विरुद्ध 28.65 प्रतिशत आय से अधिक संपत्ति की गणना की गयी है।

# 13000 पदों पर सिपाही की भर्ती जल्द

## पहले शारीरिक परीक्षा के लिए कैबिनेट से मिल चुका है अप्रूवल

**झारखंड पुलिस भर्ती नियमावली में किया गया है संशोधन**

**सीएम ने बीते साल 21 दिसंबर को कहा था-शारीरिक क्षमता और दक्षता को देख कर पुलिस की नौकरी दी जायेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में तेरह हजार पदों पर सिपाही भर्ती की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। इसे लेकर गृह विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। दिसंबर माह में भर्ती के योग्य युवा पहले दौड़ (शारीरिक परीक्षा) लगायेंगे, फिर वे लिखित परीक्षा देंगे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (गृह विभाग) द्वारा ली जाने वाली इस परीक्षा के लिए गृह विभाग आयोग को अधियाचना भेजेगा। छठ पूजा के बाद अधियाचना भेजने की सूचना है।

### गृह विभाग में लगभग 20000 पद खाली अभ्यर्थियों की पात्रता भी हो चुकी है तय

वर्तमान में गृह विभाग में लगभग 20 हजार सिपाही के पद खाली हैं। ऐसे में तेरह हजार पदों पर भर्ती होने से पुलिस विभाग को काफी राहत मिलेगी। सिपाही भर्ती के लिए ली जाने वाली परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों की पात्रता भी तय कर दी गयी है। नयी नियमावली में सिपाही की नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों को मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों से दसवीं और इंटरमीडिएट होना अनिवार्य किया गया है। साथ ही आवेदकों को स्थानीय रीति-रिवाज को भी जानना अनिवार्य किया गया है।

सिपाही भर्ती के लिए पहले शारीरिक परीक्षा ली जायेगी, फिर लिखित परीक्षा होगी। इसे लेकर पिछले दिनों ही कैबिनेट से अप्रूवल मिल चुका है। सरकार ने झारखंड पुलिस भर्ती नियमावली में संशोधन किया है। इससे पहले दिसंबर 2021 को ही सीएम ने कहा था कि सिपाही भर्ती के नियमों में सरकार बदलाव करेगी। सिपाही भर्ती में पहले शारीरिक परीक्षा होगी, उसके बाद लिखित परीक्षा ली जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले की सरकारों ने पुलिस की छोटी सी नौकरी के लिए भी लिखित परीक्षा अनिवार्य कर दी, लेकिन हमारी सरकार नियमों को बदलेगी। नौकरी के लिए विभाग पहले शारीरिक क्षमता और दक्षता को देखेगा, उसके बाद ही युवाओं को पुलिस की नौकरी दी जायेगी।

### स्कूल ने फीस को लेकर किया था प्रताड़ित!

# बगोदर में स्कूल से लौट कर दसवीं के छात्र ने लगायी फांसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र दोदलो गांव के छात्र राकेश कुमार (पिता-लोचन महतो) ने घर में फांसी लगा ली। घटना की सूचना पर बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह मृतक छात्र के घर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। उपप्रमुख हरेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों के मुताबिक मृतक राकेश स्कूल गया था, जहां एसेंबली के दौरान स्कूल फीस को लेकर उसे प्रताड़ित किया गया था। इसके बाद घर आकर उसने खुदकुशी कर ली। इस घटना से परिजनों में आक्रोश है। छात्र ने स्कूल से लौटने के कुछ घंटे बाद कमरे को बंद कर लिया और रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। राकेश बगोदर-सरिया रोड में संचालित नेहरु पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ाई करता था। परिजनों का आरोप है कि स्कूल फीस को लेकर मानसिक रूप से उसे प्रताड़ित किया गया था। विद्यालय के प्रिंसिपल नागेशवर महतो और उनका भाई ओम प्रकाश महतो द्वारा स्कूल में प्रार्थना के समय मारपीट की गयी थी। यही वजह है कि स्कूल से घर लौटते ही उसने कमरे में फांसी लगा ली।

# भजंत्री के वीडियो वायरल, भाजपा ने कहा, ये झामुमो प्रवक्ता के बोल

## निशिकांत दुबे के बाद बाबूलाल मरांडी के निशाने पर देवघर के डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के साथ-साथ सरकार के कुछ पदाधिकारी भी भाजपा के निशाने पर हैं। इनमें सबसे ऊपर देवघर के डीसी हैं। सरकार के चहेते मंजूनाथ भजंत्री भाजपा नेताओं की हिटलिस्ट में हैं। गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बाद अब भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने भजंत्री को निशाने पर लिया है। शुक्रवार को बाबूलाल ने अपने ट्विटर अकाउंट में मंजूनाथ भजंत्री के दो वीडियो शेयर किये। पहले वीडियो में डीसी सारठ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। वह पूछ रहे थे, कितने लोगों ने देवघर एम्स में इलाज करवाया। क्या आपमें कोई एम्स या देवघर एयरपोर्ट में नौकरी कर रहा है। इस वीडियो पर बाबूलाल ने लिखा कि भजंत्री डीसी के पद पर रह कर झामुमो के प्रवक्ता की तरह काम कर रहे हैं। उन्हें देवघर में एम्स और एयरपोर्ट के निर्माण में विकास नहीं नजर आता।

दूसरी वीडियो में एक कांवरिया डीसी को देवघर आनेवाले कांवरियों को होने वाली दिक्कतों के बारे में बता रहा है। अंत में डीसी ने उससे पूछ लिया, किस पार्टी से हो। इस वीडियो पर बाबूलाल ने लिखा है, ये नौकरशाह अपनी पीड़ा बताने वाले कांवरियों पर पार्टी से जुड़े होने का आरोप लगा देते हैं। हाइकोर्ट की फटकार के बाद न्यायिक व्यवस्था पर गुस्सा दिखाने वाले इस व्यक्ति का आचरण शुरू से असंवैधानिक रहा है। ब्यूरोक्रेसी की छवि धूमिल करने वाले ऐसे अधिकारी पर भारत सरकार कड़ी कार्रवाई करे।

**23 अक्टूबर को भी बाबूलाल मरांडी ने उठाया था सवाल :** इससे पहले 23 अक्टूबर को भी बाबूलाल मरांडी ने राज्य के कुछ अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किये थे। कहा था, पैसे की लालच में मुट्ठी भर बेईमान अफसरों द्वारा सत्ता के इशारे पर किये जा रहे गलत और असंवैधानिक कार्यों के चलते देश-दुनिया में झारखंड की नौकरशाही की थू-थू हो रही है। ऐसे कुछ लोगों की करतूतों का पानी अब सर से ऊपर बह रहा है। राज्य के निष्ठावान अधिकारियों को आगे आकर ऐसे भ्रष्ट-बेईमान चेहरों का नाम उजाकर कर कार्रवाई की पहल करनी चाहिए, ताकि और फजीहत न हो।

इससे पहले मंजूनाथ भजंत्री और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के बीच भी जबरदस्त ट्विटर वार हुआ था। 31 अगस्त को एयरपोर्ट के एटीसी बिल्डिंग में घुसने को लेकर पहले डीसी और फिर सांसद की ओर से एफआइआर कराया गयी थी। इसके बाद दोनों के बीच ट्विटर पर लंबी बहस चली थी। उस वक्त निशिकांत के पक्ष में भाजपा के नेताओं के साथ-साथ निर्दलीय विधायक सरयू राय भी उतरे थे और डीसी को गलत ठहराया था। मधुपुर के विधानसभा उपचुनाव के समय से ही डीसी और सांसद के बीच विवाद शुरू हुआ था। धीरे-धीरे यह विवाद बढ़ता गया और अब भाजपा के दूसरे नेता भी डीसी के खिलाफ उतर चुके हैं।

# शूटिंग खिलाड़ी विभूति प्रसाद सिंह का निधन

## 11 अक्टूबर को सड़क हादसे में हुए थे घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेशनल शूटर, प्रशिक्षक और पुलिस विभाग में आरक्षी के पद पर कार्यरत विभूति प्रसाद सिंह का इलाज के दौरान मेदांता गुरुग्राम में निधन हो गया है। गौरतलब है कि 11 अक्टूबर को खेलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत खेलगांव चौक में सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गये थे। आनन फानन में इलाज के लिए रांची के मेडिका हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था, जहां से बेहतर उपचार के लिए उन्हें एयर लिफ्ट कर मेदांता ले जाया गया था। 11 अक्टूबर की रात को आसनसोल में संपन्न शूटिंग प्रतियोगिता के बाद विभूति




रांची लौट रहे थे। उसी दौरान खेलगांव चौक पर विपरीत दिशा से आ रही बिहार राज्य परिवहन निगम की बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हुए थे।

**20 अक्टूबर को किया गया था एयर लिफ्ट :** विभूति प्रसाद सिंह को बेहतर इलाज के लिए 20 अक्टूबर को एयर लिफ्ट कर मेदांता गुरुग्राम ले जाया गया था। उससे पहले झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 17 अक्टूबर को मेडिका अस्पताल पहुंच कर घायल विभूति का हालचाल लिया था। इस दौरान उन्होंने आरक्षी के परिजनों को इलाज के खर्च में हरसंभव मदद का भरोसा दिया था।

**पुलिस मुख्यालय में शोकसभा :** विभूति प्रसाद के निधन से विशेष शाखा के कर्मियों में शोक की लहर है। पुलिस मुख्यालय में संध्या 4:00 बजे दिवंगत आत्मा की शांति को लेकर शोकसभा आयोजित की गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2 °c | 15.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.13 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.32 बजे |



## संदर्भ: तीन आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई

# बहुचर्चित खनन घोटाले को लेकर आज की तारीख है बेहद अहम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के बहुचर्चित खनन घोटाले को लेकर 29 अक्टूबर यानी शनिवार की तारीख बेहद अहम है। इस दिन रांची स्थित इडी कोर्ट में खनन घोटाले के तीन चर्चित आरोपियों की अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की तिथि निर्धारित गयी है। इन तीनों ही आरोपियों के खिलाफ इडी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। अब ये तीनों आरोपी अदालत के समक्ष जमानत की गुहार लगा रहे हैं। इनके मामले में इडी ने जवाब दाखिल नहीं किया है, जिस पर कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत पर शनिवार को सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई में इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की थी। 17 अक्टूबर को पंकज मिश्रा ने जमानत याचिका दायर की है। 19 जुलाई से पंकज मिश्रा इडी की न्यायिक हिरासत में है। वही, पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से भी इडी कोर्ट में जमानत अर्जी दायर की गयी है। मामले में कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। इस पर भी 29 अक्टूबर को ही सुनवाई होगी। बच्चू यादव को इडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद 11 अगस्त को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। इडी की टीम ने पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव को 4 अगस्त को गिरफ्तार किया था। इडी की टीम ने पहले ही साहिबगंज में उसके जहाज को जब्त कर लिया है।

खनन घोटाले में चल रही इडी की कार्रवाई के तहत जेल में बंद चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश की जमानत अर्जी पर भी इडी कोर्ट में 29 अक्टूबर को सुनवाई निर्धारित है। इसमें भी ईडी की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया जिसके बाद अदालत ने इडी को जवाब देने के लिए समय दिया है।

इडी ने अवैध खनन के मामले में प्रेम प्रकाश के 16 ठिकानों पर पहले छापेमारी की थी और बाद में 25 अगस्त को ईडी ने प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था। इडी की टीम ने प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर हुई छापेमारी के दौरान अरगोड़ा स्थित आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद की थी। इसके अलावा कई अवैध संपत्तियों और कोयला कारोबार से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

# किसानों के प्रति असंवेदनशील है हेमंत सरकार : प्रतुल शाहदेव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने सत्ता में आने से पहले किसानों के लिए बड़े-बड़े वायदे किए थे, लेकिन वास्तविकता में यह सरकार किसानों के मुद्दे पर पूरे तरीके से असंवेदनशील और लापरवाह है।

प्रतुल ने कहा कि चुनाव से पूर्व धान की खरीद को इन्होंने 2500 रुपये प्रति क्विंटल करने का वादा किया था लेकिन उससे भी अब पीछे हट गए। भाजपा के पूर्ववर्ती सरकार के दौरान शुरू किए गए कृषि आशीर्वाद योजना को भी इस सरकार ने बंद कर दिया, जिसमें गरीब किसानों को 5000 रुपये प्रति एकड़ तक खेती के लिए प्रोत्साहन राशि देने की प्रावधान था। हजारों मामले में पिछले वर्ष खरीदे गए धान की राशि का भुगतान भी राज्य सरकार ने किसानों को नहीं किया है। प्रतुल ने कहा कि नवीनतम उदाहरण में राज्य सरकार को प्रदेश में सूखा की स्थिति की रिपोर्ट को 31 अक्टूबर तक केंद्र को भेजना था, जिससे सहायता राशि जल्दी मिलती लेकिन राज्य सरकार रिपोर्ट भेजने की स्थिति में नहीं लग रही है, जिसके कारण केंद्रीय मदद में देरी की संभावना हो सकती है। भाजपा राज्य सरकार से मांग करती है कि वह अब सुखाड़ संबंधी रिपोर्ट को केंद्र को अविलम्ब भेजे और अधिकारियों का दल लगवा कर समय पर किसानों को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास करे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — नौकरी में परिवर्तन। उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क की कोशिश कामयाब होगी।
- **वृष** — समस्याओं का समाधान होगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। बुद्धि-विवेक का सदुपयोग करें।
- **मिथुन** — आजीविका के क्षेत्र में सफलता। राजनीतिक लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी।
- **कर्क** — धार्मिक कार्य में रुचि। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण। धन-द्रव्य का लाभ।
- **सिंह** — योजनाएं सफल होने में बिलंब। वाहन-मकान या भूमि के सौदे अभी स्थगित करें। सक्रिय रहें।
- **कन्या** — प्रेम प्रसंगों में उलझन। नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद। विरोधियों से परेशानी।
- **तुला** — जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे। छात्रों के लिए समय उत्साहवर्धक रहेगा।
- **वृश्चिक** — प्रभावशाली पद प्राप्त होगा। संकल्पित कार्य पूरे होंगे। बकाये रकम की प्राप्ति।
- **धनु** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।
- **मकर** — प्रयास सफल होंगे। हर्षदायक समाचार मिलेंगे। एकाधिक स्रोतों से आमदनी होगी।
- **कुंभ** — स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। महत्वपूर्ण काम पूरा होगा।
- **मीन** — सरकारी तथा न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई। कठिन परिश्रम-प्रयत्न से व्यापार में लाभ।

## राजधानी रांची में हुई हिंसा को लेकर बड़ा खुलासा

# हिंसा सुनियोजित थी, पैसे देकर मंगवाये गये थे पत्थर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में 10 जून को हुई हिंसा के मामले में कई बड़े खुलासे हुए हैं। जांच में पता चला है कि हिंसा फैलाने की रणनीति पहले से तैयार थी। हिंसा में इस्तेमाल हुए पत्थर को पहले ही जमा करके रखा गया था। युवकों को पैसे का लालच देकर सीमेंट के बोरे में पत्थर और ईंटें पथराव के उद्देश्य से मांगायी गयी थीं। जुमे की नमाज के बाद हिंसा फैलाने की योजना पहले से थी।



### चार्जशीट में हुए कई बड़े खुलासे

इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने सीजेएम कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में कई बड़े खुलासे हुए हैं। ईंट-पत्थर की व्यवस्था करने के लिए युवकों को पांच हजार रुपये का लालच दिया गया था। हिंदपीढ़ी कांड संख्या 79/2022 में जेल में बंद कुर्बान चौक निवासी मो अमन एवं निजाम नगर निवासी मो सेराजुल के खिलाफ पथराव कराने, भड़काऊ नारा लगाने समेत कई गंभीर आरोप हैं।

**नमाज के बाद हिंसा फैलाने की थी योजना :** पुलिस ने इन दोनों को 24 अगस्त को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से दोनों आरोपी जेल में हैं। चार्जशीट में यह लिखा गया है कि घटना के दिन खेत मोहल्ला निवासी सद्दाम का फोन आरोपियों को आया। उसी के कहने पर ईंट-पत्थर बोरा में भर कर महावीर मंदिर के पास पहुंचे थे। वहीं से पत्थरबाजी शुरू हुई। जब दोनों तरफ से हिंसा तेज हो गयी, तो दोनों फरार हो गये। इस मामले में रांची हिंसा के बाद डेली मार्केट थाना में कांड संख्या 16/2022 दर्ज किया गया था। इसका अनुसंधान जारी है। इस केस में सैकड़ों लोग अभियुक्त हैं।

**घटना के अहम तथ्य**

कुल 18 केस दर्ज किये गये
22 नामजद सहित आठ-दस हजार अज्ञात आरोपी
आरोपियों में से दो मो मुद्दसिर और मो साहिल की फायरिंग में घायल होने के बाद हुई मौत
घटना में धनबाद के गोविंदपुर स्थित जैप-3 के जवान अखिलेश यादव के पैर में लगी थी गोली।
आठ-दस पुलिसकर्मी हुए थे घायल, पत्थरबाजी, फायरिंग और आगजनी हुई थी

## रांची सदर हॉस्पिटल को लेकर कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

# स्टेराइल जोन में ऑटोमेटिक स्लाइडिंग गेट लगाने की सलाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के बीचों बीच दूसरा सबसे बड़ा सरकारी हॉस्पिटल का भवन बन कर तैयार है। कई महीने से नये भवन के हैंडओवर को लेकर चर्चा तेज है, लेकिन हर बार एक नयी तारीख मिल रही है। इस बीच सदर हॉस्पिटल बिल्डिंग का एक कमेटी ने इंस्पेक्शन करने के बाद अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, जिसमें बताया गया है कि हॉस्पिटल पूरी तरह से हैंडओवर लेने के लिए तैयार है।

एक्सपर्ट मैनपावर के साथ ही हॉस्पिटल में कुछ बदलाव करने की जरूरत भी बतायी गयी है, जिसके तहत स्टेराइल जोन में आटोमैटिक दरवाजे लगाने की सलाह दी गयी है।



### ट्रीटमेंट प्लांट की छत पर रेलिंग

हॉस्पिटल कैंपस में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। यहां पर कमेटी ने छत पर रेलिंग लगाने की सलाह दी है, ताकि भविष्य में कोई दुर्घटना न हो। हालांकि इसे लेकर संबंधित इंजीनियर ने बताया कि एसटीपी की छत पर केवल आपरेटर्स को जाने की अनुमति होगी। फीलिंग प्लांट के पास रेलिंग लगायी गयी है।

### एक्सपर्ट मैनपावर की है जरूरत

500 बेड वाले इस बिल्डिंग में मॉड्यूलर ओटी, सीएसएसडी, लाउंड्री, किचन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, चिलर प्लांट, इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन, इलेक्ट्रिकल पैनल, ट्रांसफार्मर, एचटी पैनल, जेनरेटर को चलाने के लिए एक्सपर्ट की जरूरत है। कमेटी ने इसकी पूरी लिस्ट भी सौंप दी है। वहीं डॉक्टरों की भी सूची अटैच की गयी है। इसके अलावा हॉस्पिटल के संचालन के लिए पर्याप्त सिक्योरिटी गाड्र्स भी चाहिए होंगे।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ETCECONIIIBBS 2022110, दिनांक : 20.10.2022

**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे खोरधा रोड मण्डल में सालगांव स्टेशन से बुढ़ापंक स्टेशन के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना के लिए सालगांव एवं बुढ़ापंक के बीच विभिन्न स्टेशन में अन्य जुड़े कार्य सहित टाइप-II, टाइप-III एवं टाइप-IV स्टाफ क्वार्टर से संबंधित शेष कार्य तथा सालगांव स्टेशन से ढेंकानाल स्टेशन के बीच स्टेशन बिल्डिंग, सिग्नल एवं टेलीकॉम गुमटी, समपार गुमटी, हाई लेवल प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म शेल्टर, समपार कार्य, रोड डाइवर्शन कार्य, परिचलन क्षेत्र का उन्नयन जैसे विविध कार्य एवं अन्य जुड़े कार्य का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 2170.75 लाख, EMD : ₹ 12,35,400/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 18 (अठारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 21.11.2022 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

**निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-134/CF/22-23

# बैंकिंग सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों को जागरूक कर रही सखी मंडल की महिलाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण झारखंड की तस्वीर अब बदलती नजर आ रही है। अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने में सखी मंडल की महिलाएं अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीणों को बैंकिंग से जुड़ी तकनीक की जानकारी देने एवं जागरूक करने के लिए झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और जेएसएलपीएस की संयुक्त पहल से सखी मंडल की चयनित महिलाओं को एफएलसीसी (वित्तीय साक्षरता केंद्र काउंसलर) के रूप में तैयार किया गया है। एफएलसीसी आमतौर पर सेवानिवृत्त बैंकिंग अधिकारी होते हैं। झारखंड में पहली बार झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और जेएसएलपीएस के सहयोग से सखी मंडल के सदस्यों को एफएलसीसी के रूप में काम करने का मौका मिल रहा है। बैंकिंग सेवा को ग्रामीणों तक पहुंचाने की यह एक अभिनव पहल है।

**पूरी प्रक्रिया के तहत किया जाता है एफएलसीसी का चयन :** समूह के सदस्य, जो बैंक सखी का काम कर चुकी हैं (बैंक सखी एक प्रशिक्षित एसएचजी सदस्य हैं, जो ग्रामीण महिलाओं को बैंक लिंकेज फॉर्म भरने, एसएचजी बचत खाता खोलने, व्यक्तिगत बचत खाता, बैंकों में लेनदेन करने और बैंकों से संबंधित किसी भी अन्य सेवा जैसे बैंकिंग लेनदेन करने में सहायता करती है), जिनके पास स्नातक की डिग्री है और जिन्हें स्थानीय भाषा में पढ़ना, लिखना, बोलना और समझना आता हो। इन महिलाओं का चयन एफएलसीसी के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर होता है।




**बिरानी के जीवन में समूह के साथ से आया बदलाव :** बिरानी टूटी, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की खूंटी शाखा में वित्तीय साक्षरता केंद्र काउंसलर (एफएलसीसी) हैं। खूंटी के मुरहू प्रखंड की सुरंडा गांव की बिरानी, एफएलसीसी के तौर पर वित्तीय साक्षरता शिविर द्वारा बैंक खाता खोलने, बीमा योजनाएं और व्यवसाय करने के लिए संयुक्त या व्यक्तिगत ऋण जैसी सुविधाएं प्रदान करती हैं। बिरानी ग्रामीणों को बैंकों द्वारा उपलब्ध विभिन्न वित्तीय उत्पादों की जानकारी देती हैं, जिससे उनकी खुद की भी आजीविका चल रही है। आज बिरानी की मासिक आमदनी 15,000 रुपये है।

बिरानी ने सखी मंडल से जुड़ने के बाद चार वर्षों तक बैंक सखी के रूप में काम किया, जहां वित्तीय ज्ञान और विभिन्न बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। बिरानी अन्य बैंक सखियों को भी प्रशिक्षण देती थीं और प्रति माह लगभग 8,000 रुपये तक की आमदनी कर लेती थी। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा और साक्षात्कार को उत्तीर्ण करने के बाद बिरानी का चुनाव एफएलसीसी के लिए हुआ। एफएलसीसी के रूप में कार्य करते हुए आज वह विभिन्न गांव में प्रति माह 7 से 10 शिविर का आयोजन कर रही हैं। शिविर में वह वरिष्ठ नागरिकों और स्कूली बच्चों सहित अन्य ग्रामीणों को विभिन्न वित्तीय सेवाएं एवं जानकारियां प्रदान करती हैं। एक कैंप में औसतन बिरानी 40 से 50 लोगों का बीमा भी करती हैं। बिरानी बताती हैं, अब मेरी अपनी पहचान है। समूह में शामिल होने से पहले, मैं अपनी मां के साथ घास काटा करती थी, हालांकि, मेरे पास स्नातक की डिग्री थी। लेकिन तब डिग्री होने के बावजूद डिग्री लायक कोई काम नहीं था। लेकिन एफएलसीसी के तौर पर कार्य कर आज मेरी अपनी पहचान बनी है साथ ही आमदनी सुनिश्चित हो रही है।

बिरानी की तरह रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड के पलानी गांव की रहने वाली अनीता कुमारी, एक साल से एफएलसीसी के तौर पर काम कर रही हैं। अनीता कहती हैं, मुझे अपना काम करने में बहुत मजा आता है, मुझे लोगों की मदद करना और वित्तीय उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अच्छा लगता है। मैंने खुद भी सभी बीमा योजनाएं ली हैं। एक कैंप में मैं औसतन 40-45 लोगों का बीमा करती हूं। लोग मेरे पास वित्त संबंधी सुझाव लेने आते हैं। मैंने अपनी खुद की पहचान बनायी है और महीने के 15,000 रुपये की आमदनी कर रहीं हूं। झारखंड के 12 अलग-अलग जिलों देवघर, गिरिडीह, कोडरमा, चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, खूंटी, धनबाद और गुमला में कुल 12 एफएलसीसी कार्यरत हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

**कार्य का नाम :** व्यवसायिक विज्ञापन के उद्देश से वीडियो वॉल (VIDEO WALL) के संस्थापन एवं परिचालन। (प्रत्येक स्टेशन में 100 वर्गफुट क्षेत्र उपलब्ध करया जाएगा)।

**स्थान :** (1) सम्बलपुर (SBP), (2) सम्बलपुर सिटी (SBPY), (3) केसिंगा (KSNG), (4) बरगढ़ रोड (BRGA), (5) बलांगीर (BLGR), (6) मुनिगुड़ा (MNGD), (7) टिटिलागढ़ (TIG), (8) महासमुन्द (MSMD) एवं (9) कंटाबांजी (KBJ)।

**निलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 11.11.2022 को 1200 बजे (सभी क्रम सं. हेतु)।

**निलामी समाप्त होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 11.11.2022 को 1230 बजे (क्रम सं. 1 हेतु), 11.11.2022 को 1240 बजे (क्रम सं. 2 हेतु), 11.11.2022 को 1250 बजे (क्रम सं. 3 हेतु), 11.11.2022 को 1300 बजे (क्रम सं. 4 हेतु), 11.11.2022 को 1310 बजे (क्रम सं. 5 हेतु), 11.11.2022 को 1320 बजे (क्रम सं. 6 हेतु), 11.11.2022 को 1330 बजे (क्रम सं. 7 हेतु), 11.11.2022 को 1340 बजे (क्रम सं. 8 हेतु) एवं 11.11.2022 को 1350 बजे (क्रम सं. 9 हेतु)।

संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / सम्बलपुर
PR-644/N/22-23

# प्रभातफेरी : तेरा एक नाम तारे संसार, मैं ऐहो आस एहो आधार...

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा शुक्रवार को सुबह 5.15 बजे प्रभातफेरी बाबा नानक तेरी जय होवे के जयकारे के साथ गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकल कर विक्की मिड्ढा, हरीश नागपाल, पूर्व पार्षद देवराज खत्री, सुभाष बजाज, मनीष सरदाना, होलाराम तेहरी की गलियों से और विवेकानंद अस्पताल होते हुए गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊडी गेट पहुंच कर सुबह 7.45 बजे विसर्जित हो गयी। सत्संग सभा की कीर्तन मंडली के सुंदर दास मिड्ढा, रमेश पपनेजा, इंदर मिड्ढा, जीतू काठपाल, सुरजीत मुंजाल, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, रेशमा गिरधर, नीता मिड्ढा, इंदु पपनेजा, बबीता पपनेजा, बबली दुआ, मंजीत कौर तथा इशिका काठपाल ने तेरा एक नाम तारे संसार, मैं ऐहो आस एहो आधार... तथा सभ सुख दाता राम है दूसर नाहीं कोइ कहु नानक सुन रे मना तिह सिमरत गति होइ... जैसे कई शबद गायन कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। सेवक मनीष मिड्ढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास कर कुशल क्षेम की कामना की तथा निशान साहिब की सेवा भूपिंदर सिंह ने की। फेरी समाप्ति के उपरांत स्व. प्रकाश वंती वाधवा की स्मृति में परिवार द्वारा लंगर सेवा की गयी। प्रभातफेरी में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिड्ढा, अशोक गेरा, जीवन मिड्ढा, चरणजीत मुंजाल, मोहन काठपाल, सोनू खुराना, महेंद्र अरोड़ा, रमेश तेहरी, रौनक ग्रोवर, वेद प्रकाश मिड्ढा, पवनजीत सिंह खत्री, आशु मिड्ढा, नवीन मिड्ढा, राजेंद्र मक्कड़, प्रताप तलेजा, मनीष मल्होत्रा, किशन गिरधर, बसंत काठपाल, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, हरविंदर सिंह, लक्ष्मण दास सरदाना, गौरव मिढ़ा, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, कमल अरोड़ा, हरीश नागपाल, कमल धमीजा, राकेश गिरधर, कमल मुंजाल, स्वर्णदीप मिड्ढा, मनीष गिरधर, ज्ञान दुआ, अजय मुंजाल, चंदन गिरधर, मोहित मुंजाल, अश्विनी सुखीजा, पंकज मिड्ढा, हैप्पी अरोड़ा, अनमोल अरोड़ा, प्रथम मिड्ढा, श्वेता मुंजाल, अमर मुंजाल, रवि नागपाल, कमलेश मुंजाल, गोविंद कौर, नीता मिड्ढा, भजना देवी डावरा, देवकी मुंजाल, दुर्गी मिड्ढा, उषा झंडई, नेहा मुंजाल, हरदेवी गिरधर, पूनम मुंजाल, उर्मिला खत्री, बलबीर मिड्ढा, हर्षा मिड्ढा, निती थरेजा, शीतल तेहरी, शीतल अरोड़ा, हरनाम थरेजा, ममता थरेजा, सुषमा गिरधर, नीतू किंगर, स्वीटी सिडाना, जूली गाबा, कमलेश मिड्ढा, इशिका काठपाल, बीबी प्रीतम कौर, बिमला मुंजाल, रजनी तेहरी, गूंज काठपाल, गुड़िया मिड्ढा, प्रियंका मुंजाल शामिल हुए।

**राँची मंडल के तहत पार्सल, विज्ञापन, एटीएम, पार्किंग और पे एंड यूज टॉयलेट के लिए ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

सं. सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2022 दिनांक : 27.10.2022

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची के द्वारा राँची मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग को आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण निम्नानुसार है: ● **कैटेगरी:** पार्सल, **कैटलॉग सं.:** एसएलआर6, **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल से शुरू होने वाली 33 अदद पैसेंजर/मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के एसएलआर कम्पार्टमेंट को लीज पर देने के लिए 63 अदद परिसंपत्तियों की ई-नीलामी, **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 10.11.2022 को 10.00 बजे, **नीलामी समाप्त होने की तिथि:** 11.11.2022 को 13.10 बजे। ● **कैटेगरी:** विज्ञापन, **कैटलॉग सं.:** एडीवीटी6, **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों के लिए 10 अदद परिसंपत्तियों की ई-नीलामी (07 अदद घर में से एवं 03 अदद स्टेशन के अंदर), **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 11.11.2022 को 13.00 बजे, **नीलामी समाप्त होने की तिथि:** 11.11.2022 को 15.00 बजे। ● **कैटेगरी:** एटीएम, **कैटलॉग सं.:** एटीएम6, **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल के तहत एटीएम के लिए 06 अदद परिसंपत्तियों की ई-नीलामी, **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 11.11.2022 को 15.00 बजे, **नीलामी समाप्त होने की तिथि:** 11.11.2022 को 16.20 बजे। ● **कैटेगरी:** पे एंड यूज, **कैटलॉग सं.:** (i) पेएनयूज5, **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल के तहत पे एंड यूज टॉयलेट (हटिया) के लिए 01 अदद परिसंपत्ति की ई-नीलामी, **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 02.11.2022 को 16.00 बजे, **नीलामी समाप्त होने की तिथि:** 02.11.2022 को 16.30 बजे। **कैटलॉग सं.:** (ii) पेएनयूज6, **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल के तहत पे एंड यूज टॉयलेट (रामगढ़) के लिए 01 अदद परिसंपत्ति की ई-नीलामी, **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 11.11.2022 को 10.00 बजे, **नीलामी समाप्त होने की तिथि:** 11.11.2022 को 10.30 बजे। ● **कैटेगरी:** पार्किंग, **कैटलॉग सं.:** पार्किंग3, **परिसंपत्तियों का विवरण:** टू, थ्री और फोर व्हीलर पार्किंग रामगढ़ रेलवे स्टेशन की पार्किंग के लिए ई-नीलामी, **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 11.11.2022 को 12.00 बजे, **नीलामी समाप्त होने की तिथि:** 11.11.2022 को 12.40 बजे। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण ऊपर वर्णित कैटलॉग के अधीन उपलब्ध है।

(PR-734) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



# झारखंड में नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया। रांची के विभिन्न जलाशयों पर शुक्रवार सुबह से ही व्रतियों की भीड़ लगी रही। स्नान के बाद व्रती महिलाओं ने एक-दूसरे की मांग में सिंदूर लगाया।

व्रतियों ने पवित्र स्नान के बाद कद्दू की सब्जी, अरवा चावल का भात, चने की दाल, आंवले की चटनी, लौकी का बजका आदि प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को खरना, 30 अक्टूबर को सांध्य कालीन अर्घ्य और 31 अक्टूबर की सुबह प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जायेगा। इसके बाद पारण कर व्रती उपवास तोड़ेंगी। इसके साथ पर्व का समापन हो जायेगा।

छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय में लौकी की सब्जी, अरवा चावल, चने की दाल, आंवला की चटनी के सेवन का खास महत्व है। खरना के प्रसाद में ईख के कच्चे रस, गुड़ के सेवन से त्वचा रोग, आंख की पीड़ा समाप्त हो जाती है। इसके प्रसाद से तेजस्विता, निरोगिता और बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। छठ महापर्व शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि का पर्व है। वैदिक मान्यताओं के अनुसार नहाय-खाय से छठ के पारण सप्तमी तिथि तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है, जो श्रद्धापूर्वक व्रत-उपासना करते हैं।

पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि सूर्य षष्ठी का व्रत मनोकामनाओं को पूर्ण करने के लिए किया जाता है। स्कंद पुराण के मुताबिक राजा प्रियव्रत ने भी यह व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। भगवान भास्कर से इस रोग की मुक्ति के लिए उन्होंने छठ व्रत किया था। स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा है। वर्षकृत्यम में भी छठ की चर्चा है। प्रत्यक्ष देव भगवान भास्कर को सप्तमी तिथि अत्यंत प्रिय है। विष्णु पुराण के अनुसार तिथियों के बंटवारे के समय सूर्य को सप्तमी तिथि प्रदान की गयी। इसलिए उन्हें सप्तमी का स्वामी कहा जाता है। सूर्य भगवान अपनी इस प्रिय तिथि पर पूजा से अभीष्ट फल प्रदान करते हैं।

## पूर्व सचिव नहीं भेज रहे थे मंत्री के पास फाइल

# अंधकार में थे चंपई, विभाग नहीं दे रहा था कोई जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** परिवहन सचिव चंपाई सोरेन का परिवहन विभाग को भेजा गया एक निर्देश काफी चर्चा में है। उस निर्देश का अर्थ अलग-अलग तरह से लगाया जा रहा है। कोई कह रहा है कि चंपई सोरेन और मौजूदा सचिव के बीच नहीं पट रही है, तो कोई कह रहा है कि विभाग से कोई जानकारी नहीं देने के कारण मंत्री चंपाई सोरेन नाराज थे। जब इस संदर्भ में खोज खबर ली गयी, तो सूत्रों से पता चला कि परिवहन मंत्री पूर्व सचिव केके सोन के व्यवहार से क्षुब्ध थे। सूत्रों का कहना है कि केके सोन नीतिगत फैसलों की जानकारी भी मंत्री को नहीं देते थे। फाइल भी नहीं भेजते थे। मंत्री परिवहन विभाग के निर्णय से अनभिज्ञ थे। यही कारण है कि के-के सोन के बदलने के बाद मंत्री ने परिवहन विभाग के लिए नया निर्देश जारी किया है। उन्होंने निर्देश में कहा है कि परिवहन सचिव सिर्फ रूटीन कार्यों को देखेंगे। इसके अलावा सभी नीतिगत और वित्तीय मामलों से संबंधित फाइलों को मंत्री के पास अवलोकनार्थ या अनुमोदनार्थ भेजा जाये, ताकि वो उसका अवलोकन व अनुमोदन कर सकें। मालूम हो कि परिवहन विभाग के पूर्व सचिव के समय से ही कई महत्वपूर्ण फाइल मंत्री को बिना दिखाये आगे बढ़ा दी जा रही थी। इससे परिवहन मंत्री नाराज थे। अब नये परिवहन सचिव आ गये हैं, जिन्हें मंत्री ने उक्त निर्देश दिया है। बता दें कि परिवहन मंत्री ने 18 अक्टूबर को बफ शीट जारी कर विभागीय सचिव राजेश शर्मा को केवल दैनिक कार्यों को ही निपटाने का निर्देश दिया है। हालांकि कुछ लोग मंत्री के इस निर्देश को प्रशासनिक व्यवस्था में हस्तक्षेप मान रहे हैं। वे लोग झारखंड कार्यपालिका नियमावली का हवाला देकर कह रहे हैं कि यह अधिकार अधिकारी को मिला हुआ है। झारखंड कार्यपालिका नियमावली और परिवहन से जुड़े विभिन्न कानूनों में परिवहन सचिव और परिवहन आयुक्त को सीधा निर्णय लेने का वैधानिक अधिकार दिया गया है। ऐसे में मंत्री चंपई सोरेन का यह आदेश नए विवाद को खड़ा कर सकता है। कहा जा रहा है कि राज्य के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने परिवहन सचिव सह आयुक्त राजेश शर्मा के अधिकारों को परोक्ष रूप से यह कह कर सीज कर दिया है कि वे सिर्फ दैनिक कार्यों को देखेंगे। इसके अलावा सभी नीतिगत और वित्तीय मामलों से संबंधित फाइलों को मंत्री के पास भेजेंगे, ताकि वो उसका अवलोकन व अनुमोदन कर सकें। बता दें कि परिवहन मंत्री ने 18 अक्टूबर को बफ शीट जारी कर विभागीय सचिव राजेश शर्मा को केवल दैनंदिन कार्यों को ही निपटाने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के बाद अफसरशाही काफी चर्चा है।

# जेल में बंद छह महिला और एक पुरुष कैदी कर रहे हैं छठ व्रत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा के प्रति आम लोगों में खासा उत्साह है। वहीं यह आस्था जेल में बंद कैदियों के बीच भी देखी जा रही है। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद छह महिलाएं और एक पुरुष कैदी छठ की उपासना कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इन छठव्रती कैदियों के लिए सारी व्यवस्थाएं जेल प्रशासन ने की है। जेल प्रशासन ने परिसर स्थित तालाब को भी साफ करवाया है, जहां श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगे। छठ कर रहे कैदियों को प्रसाद, सूप, टोकरी के साथ नये कपड़े भी मुहैया कराये गये हैं। साथ ही बंदियों के बीच पूजन सामग्री भी बांटी गयी है। बताया कि भले ही व्रत कुछ बंदी ही कर रहे हैं, लेकिन उनकी मदद सभी कैदी कर रहे हैं। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में प्रतिवर्ष छठ होता है। कारा में छठ के गीत गूंज रहे हैं। नहाय खाय से छठ पूजा का आरंभ हो गया है। 29 अक्टूबर शनिवार के दिन खरना किया जायेगा। 30 अक्टूबर रविवार शाम को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य दिया जायेगा। वहीं, 31 अक्टूबर सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ ही छठ पूजा का समापन हो जायेगा।

# छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा छठव्रतियों के बीच पूजा सामग्री बांटी गयी। छठ महापर्व को देखते हुए सामाजिक संगठन एवं समाजसेवी व्रतियों की सेवा मे लग गये हैं। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, वरिष्ठ संरक्षक शेखर गुप्ता, आयोजक संजय सिंह (लल्लू सिंह) इस सेवा में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर 51 छठ व्रतियों को छठ पूजन सामग्री के साथ दौरा, सूप, नारियल, गुड़, पूजा सामग्री, आटा, डालडा, घी मिठाई प्रदान की गयी।

चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू ने कहा कि विगत दो वर्षों में कोविड के व्रतियों ने पर्व तो मनाया, लेकिन कोविड प्रोटोकॉल के कारण पर्व को लेकर उल्लास में कमी रही। इस बार लोग पूरे उल्लास के साथ छठ मनाने में लगे हैं। कुछ ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें महंगाई के कारण पूजा सामग्री को खरीदने में मुश्किलें आ रही हैं, इसलिए वैसे जरूरतमंद छठ व्रतियों के बीच हम पूजा सामग्री का वितरण कर रहे हैं, ताकि वैसे लोग छठ को उल्लासपूर्वक मना सकें।

इस अवसर पर किशोर साहू, शेखर गुप्ता, संजय सिंह (लल्लू), आशा देवी गुप्ता, राहुल सिंह, रवि मुंडा, जेपी महतो, करण सिंह, मोहित रजक, नमन भारतीय, आकाश रजक, आशीष रजक, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह, प्रियांशु वर्मा, आकाश वर्मा साथ थे। यह जानकारी चैती दुर्गा मंदिर के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

# जेसीआइ का एक्सपो उत्सव 24 नवंबर से

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में 24 नवंबर से जेसीआइ का एक्सपो उत्सव शुरू होगा। इस बार एक्सपो में 300 से अधिक स्टॉल धारक शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा 200 से अधिक स्टॉल की बुकिंग भी हो गयी है। एक्सपो उत्सव 28 नवंबर तक चलेगा। इसको लेकर जेसीआइ रांची ने 25वें एक्सपो उत्सव के कार्यालय की शुरूआत की। कार्यालय लाइन टैंक रोड में कॉमर्स टावर में स्थित है। ऑफिस का उद्घाटन संस्था के पूर्व अध्यक्षों ने किया। इसके अध्यक्ष सौरव साह के नेतृत्व में टीम एक्सपो के चीफ कोऑर्डिनेटर अभिषेक केडिया ने बताया कि ऑफिस में अब एक्सपो को लेकर बैठकें होंगी। बैठक में रणनीति पर भी चर्चा की जायेगी। इस मौके पर अनूप अग्रवाल, नारायण मुरारका, विजय पटेल, दीपक अग्रवाल, अरविंद राजगढ़िया, प्रतीक जैन, विनय मंत्री आदि सदस्य मौजूद थे।

# छठ पूजा सामग्री की कीमत में 20 फीसदी इजाफा



आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ जैसे ही छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ हुआ, रांची के बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। स्नान ध्यान के बाद लोगों ने सबसे पहले छठ पूजा का संकल्प लिया। इसके बाद खरीदारी के लिए बाजार की ओर चल पड़े। बाजार में चहल-पहल है। चहुंओर पूजा सामग्री ही नजर आ रही है। यानी बाजार भी सजजकर तैयार हैं। रांची में सबसे बड़ा छठ बाजार बकरी बाजार में लगा है। यहां एक ही जगह आपको सभी सामग्री आसानी से मिल जायेगी।

**रांची के इन इलाकों में सजी हैं दुकानें :** बकरी बाजार रांची में बड़ी संख्या में कारोबारियों ने अस्थाई दुकान भी सजा रखा है। मुख्य बाजार होने के कारण यहां लोग ज्यादा संख्या में खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। इस बाजार के अलावा रांची के चुटिया, डोरंडा, बरियातू, धुर्वा, बूटी मोड़, सिंह मोड़ हटिया में भी छठ बाजार सजकर तैयार हैं। यहां भी हर प्रकार की पूजा सामग्री आपको मिल जाएगी। रांची के जो लोग किसी कारणवश बकरी बाजार नहीं पहुंच पाते हैं, वे इन इलाकों में ही पूजा की सामग्री खरीदना पसंद करते हैं।

**दो वर्ष बाद बाजार में खुलकर हो रही खरीदारी :** रांची के प्रायः सभी बाजारों में इसबार ग्रामीण इलाकों से बड़े पैमाने पर बांस का सूप, बांस की टोकरी, मिट्टी के दीये, धूप गमला आदि बिक्री के लिए मंगाए गए हैं। वहीं अन्य राज्यों से नारियल मंगाया गया है। कोरोना संक्रमण के बाद यह पहला मौका है जब बाजार में इतनी चहल-पहल नजर आ रही है। हर तरफ लोग खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। दुकानदार बेहद उत्साहित हैं। एक तरह से देखा जाए तो दो साल बाद लोग खुलकर खरीदारी कर रहे हैं।

**महंगाई के बावजूद लोग खरीदारी में पीछे नहीं :** दुकानदारों का कहना है कि इसबार महंगाई ने लोगों को परेशान जरूर किया है, लेकिन छठ पूजा के उत्साह के कारण लोग खरीदारी से पीछे नहीं हट रहे हैं। कई खरीदारों ने भी कहा कि पूजा सामग्री पहले की तुलना में इस बार काफी महंगी हो गई है। पहले जहां चार हजार में खरीदारी हो जाती थी, वहीं अब ज्यादा रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। चूंकि छठ में कंजूसी नहीं कर सकते, इसलिए महंगाई झेलने को सभी तैयार नजर आ रहे हैं। मोलभाव के बीच लोग किसी तरह खरीदारी कर रहे हैं।

## पूजा सामग्री की कीमत

बांस की टोकरी : 120-150 रुपये
जायफल : एक रुपये पीस
अखरोट : 5 रुपये पीस
कमल गोटा : एक रुपये पीस
बड़ी ईलाइची : एक रुपये पीस
बदाम : एक रुपये पीस
मूंगफली दाना : 150 रुपये किलो
नारियल सूखा : 300 रुपये किलो
छोहाड़ा : 300 रुपये किलो
मखाना : 700 रुपये किलो
सौंफ : 300 रुपये किलो
किसमिस : 300 रुपये किलो
काजू : 700 रुपये किलो
लौंग : 800 रुपये किलो
ईलाइची 100 ग्राम : 160 रुपये
बड़ी इलाइची 100 ग्राम : 120 रुपये
कपूर : 60 रुपये पैकेट
अगरबत्ती : 10 रुपये पीस
आरत पत्ता : 5 रुपये
मंडल धूप 250 ग्राम : 30 रुपये
भकरा सिंदूर 250 ग्राम : 30 रुपये
गजी सिंदूर 250 ग्राम : 100 रुपये
माला : 20 रुपये दर्जन
मोली धागा : 5 रुपये
गंगाजल : 5 रुपये बोतल
जनेऊ : 5 रुपये पीस
बांस का सूप : 70-100 रुपये पीस
नारियल : 25 रुपये पीस
डंभा : 25 रुपये पीस
बड़ा दीया : 20 रुपये पीस
छोटा दीया : एक रुपये पीस
धूप दीया : 30 रुपये पीस
कलश : 20 रुपये पीस
केतारी : 20 रुपये पीस
केला थान : 400 रुपये कांधी

**बिहार, लोहरदगा एवं गुमला से बांस की टोकरी :** पूजा सामग्री की दुकान लगाने वाले ओमप्रकाश लाला कहते हैं कि पिछले बीस साल से छठ पर बकरी बाजार में दुकान लगा रहा हूं। इस साल सभी वस्तुओं की कीमतों में इजाफा हुआ है। बावजूद ग्राहक खरीदारी कर रहे हैं। यहां बाजार में बिहार, लोहरदगा, गुमला से बांस का सूप व बांस की टोकरी मंगाई गई है। बांस की टोकरी की कीमत भी इसबार 20 प्रतिशत बढ़ गयी है।

# बीजेएम के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने छठ व्रतियों के बीच वितरण किया नारियल



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने छठ व्रतियों के बीच नारियल वितरित किया। शुक्रवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक स्थित वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। श्री तिवारी ने कहा कि लोक आस्था के इस महापर्व छठ पर उनकी अगाढ़ श्रद्धा है और वे स्वयं भी इस पावन पर्व को वर्षों से करते आ रहे है। पिछले वर्ष भी उनके द्वारा डोरंडा में छठ पूजन सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया था। इसी क्रम में आज 1001 नारियल को छठ व्रतियों के मध्य वितरण किया गया। इस पुनीत कार्य में सहयोग करनेवालों में मनोज सिंह, शिवानी लता, भानु प्रकाश, अशोक ठाकुर, अविनाश कुमार, दुर्गेश चंद्रवंशी, राजेश श्रीवास्तव, अमन झा, बल्लू झा सहित अन्य मौजूद थे।

# विजय कुमार पांडेय झारखंड अधिवक्ता मंच जामताड़ा जिला के संयोजक नियुक्त



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिवक्ता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जामताड़ा निवासी अधिवक्ता विजय कुमार पांडेय को झारखंड अधिवक्ता मंच जामताड़ा जिला का संयोजक नियुक्त किया है और विश्वास जताया है कि वह अधिवक्ता संयोजक के रूप में झारखंड के अधिवक्ताओं के हित एवं मान सम्मान को बढ़ाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। विजय कुमार पांडेय के अधिवक्ता मंच के संयोजक बनने पर जामताड़ा जिला के अधिवक्ताओं का मान सम्मान बढ़ेगा। अधिवक्ता मंच जामताड़ा का जिला संयोजक बनने पर अधिवक्ता राजकुमार साहू, अखौरी प्रमोद बिहारी, विश्वंभर महतो, अरुण चंद, भगत चंद्र महतो, सतीश कुमार, अभय मींज, सौरभ पांडेय, अशोक नाथ, पूनम साहू, छोटी प्रसाद, सत्येंद्र कुमार, राजकुमार गुप्ता, बृजेश कुमार साहू, अभय कुमार, सतीश पाठक, प्रशांत कुशवाहा, कौशिकी गिरी, रोहन ठाकुर, अनूप मेहता एवं अन्य अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

# मारवाड़ी समाज का 28वां सामूहिक विवाह पांच को

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अग्रवाल सभा राची द्वारा आयोजित वृहद् मारवाड़ी समाज एवं संपूर्ण अग्रवालों का 28 वां सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 4-5 नवम्बर 2022 को स्थानीय महाराजा श्री अग्रसेन भवन, राँची में आयोजित होगा। महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित प्रेस- वार्ता में सामूहिक विवाह आयोजन समिति के मुख्य संयोजक भागचंद पोद्दार ने बताया कि अब तक 27 अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन में कुल 2872 युवक युवाओं ने भाग लिया जिसमें 283 संबंध तो परिचय स्थल पर ही तय हो गया। सैकड़ों संबंध बाद में भी तय हुए, जिसमें 609 परिवार लाभान्वित हुए। अब तक 27 सामूहिक विवाह में कुल 327 जोड़ों का विवाह सम्मेलन में कराया गया।

उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम भारत वर्ष के ईस्टर्न जोन में 1993 में सामूहिक विवाह के इस कार्यक्रम को अग्रवाल सभा रांची में प्रारंभ किया गया, जोकि अग्रवाल सभा प्रतिवर्ष बिना किसी रूकावट के संपादित करती आ रही है इस वजह से सफलता का सिलसिला चलता रहा। उन्होंने कहा कि विवाह की संपूर्ण जिम्मेदारी खर्च एवं व्यवस्था अग्रवाल सभा वहन करती है। तथा सामाजिक विवाह को भव्य आयोजन में समाज के प्रतिष्ठित लोग एवं प्रमुख सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह मे भाग लेने के लिए वृहद् मारवाड़ी समाज व संपूर्ण अग्रवाल विवाह योग्य युवक (21 वर्ष या उससे अधिक) एवम युवती (18 वर्ष या उससे अधिक) के अभिभावकों द्वारा निर्धारित पंजीयन प्रपत्र भरकर पंजीयन शुल्क 3000 रुपये मात्र, प्रत्येक पक्ष द्वारा अग्रसेन भवन कार्यालय मे जमा कर निबंधन करवा सकते हैं। निबंधन कार्य प्रारंभ हो गया हैं।

उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय पुनीत आयोजन मे विवाह के संपूर्ण नेगचार जैसे मेहंदी, हल्दात, तेलबान, चाकभात, कोरथ, वरमाला, स्वागत समारोह, फेरा व विदाई समस्त कार्य रीति रिवाज से किया जाता हैं। वर वधू जोड़ो को सभा की ओर से उपहार स्वरूप स्टील अलमारी, 52 वर्तन सेट, हाथ खड़ी, पॉली पाजेब नथ मंगटीका, 4 साडी, चुन्नी घाघरा वलाउज, सिलाई मशीन, आयरन इसके अलावा समाज के दाताओं द्वारा भेट भी प्रदान किया जाता हैं। साथ ही वर यात्रा नगर भ्रमण बैंड बाजो के साथ धूमधाम से किया जाता हैं।

सभा की ओर से आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था , वैवाहिक प्रमाण पत्र अन्य सुविधा प्रदान की जाती है। प्रेस वार्ता में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, पूर्व अध्यक्ष अशोक नारसरिया, चंडी प्रसाद डालमिया, मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ, प्रकाश बजाज, आकाश अग्रवाल उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 29 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

# झारखंड राज्य खुला विवि में ऑनलाइन प्रवेश और पंजीकरण प्रक्रिया का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने शुक्रवार को राज भवन में https://jharkhanduniversities.nic.in/jsou के माध्यम से झारखंड राज्य खुला विवि में ऑनलाइन प्रवेश, पंजीकरण प्रक्रिया का उद्घाटन किया। मौके पर राज्यपाल ने कार्यक्रम विवरणिका और अध्ययन सामग्री का भी अनावरण किया। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य खुला विवि के द्वारा अधिक-से-अधिक लोग उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कामकाजी लोग भी इसमें नामांकन लेकर पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस विवि के माध्यम से राज्य में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में भी वृद्धि होगी। विवि के कुलपति डॉ टीएन साहू ने अवगत कराया कि झारखंड राज्य खुला विवि राज्यवासियों के मध्य उच्च शिक्षा को सुगम बनाने के लिए पूर्णतः प्रयासरत है। इस विवि में नामांकन लेकर अधिक-से-अधिक लोग उच्च शिक्षा हासिल कर सकते हैं। चांसलर पोर्टल ttps://jharkhanduniversities.nic.in/jsou के



माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। कुलसचिव डॉ घनश्याम सिंह ने अवगत कराया कि झारखंड राज्य खुला विवि आम आदमी के लिए सस्ती कीमत पर उपलब्ध नई शैक्षणिक तकनीक के उपयोग सहित दूरस्थ और सतत शिक्षा के माध्यम से शिक्षा, अनुसंधान और विविधता द्वारा प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करेगा। विवि द्वारा शैक्षणिक कार्यक्रमों में यूजीसी, एआईसीटीई, एनसीटीई, एनसीआई, बीसीआई, डीईबी और एमसीआई आदि जैसे सांविधिक निकायों द्वारा निर्धारित सभी मानदंडों और विनियमों का सख्ती से पालन किया जाएगा। विवि का दृष्टिकोण शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के माध्यम से राज्य के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाना है, रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए कौशल आधारित व्यावसायिक ऐड-ऑन पाठ्यक्रमों पर जोर देना और पहुंच सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, झारखंड राज्य खुला विवि के कुलपति डॉ. टीएन साहू, कुलसचिव डॉ. घनश्याम सिंह, झारखंड राज्य खुला विवि, नागेंद्र नाथ मिश्रा, वैज्ञानिक-एफ एंड वरीय तकनीकी निदेशक एवं झारखंड राज्य खुला विवि के प्रवेश समन्वयक प्रेम सागर केशरी एवं विकास मौर्य मौजूद थे।

## एसबीयू में हार्वर्ड के प्रोफेसर जोसेफ एल बदारक्को ने लीडरशिप पर दिया व्याख्यान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के द्वारा मेकिंग द हार्डेस्ट लीडरशिप डिसीजंस टॉपिक पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक की अध्यक्षता में वेबीनार का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यवक्ता जॉन साद प्रोफेसर आफ बिजनेस एथिक्स, हारवर्ड बिजनेस स्कूल, यूएसए के प्रोफेसर जोसफ एल बदारक्को ने अपना विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने हार्डेस्ट लीडरशिप डिसीजंस के विभिन्न पहलुओं पर सविस्तार प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक लीडर को अपने जीवन और कैरियर में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने होते हैं, जिसमें कभी-कभी काफी कठिन निर्णय भी लेना पड़ता है। व्याख्यान के पश्चात एसबीयू के प्राध्यापकों यथाः डॉ मेघना घोष, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ विद्या झा द्वारा प्रश्नोत्तरी सत्र में टॉपिक से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गये, जिसका उचित और उपयोगी जबाब देते हुए प्रो जोसेफ ने उपयोगी प्रश्नों के लिए एसबीयू के प्राध्यापकों की सराहना की है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने प्रोफेसर जोसेफ एल बदारक्को के व्याख्यान देने के लिए हर्ष प्रकट करते हुए आभार प्रकट किया है। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर द्वारा सरला बिरला विश्वविद्यालय में ज्वलंत विषय लीडरशिप के लिए डिसीजन मेकिंग पर वेबीनार किये जाने की सराहना की है।

वेबिनार में अतिथि का स्वागत एवं परिचय प्रो आरोही आनंद ने कराया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ पूजा मिश्रा ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, अजय कुमार, डीन प्रो श्रीधर बी दंडीन, डीन प्रो नीलिमा पाठक, हरीबाबू शुक्ला, डॉ संदीप कुमार, डॉ राधा माधव झा, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ देवाशीष राय, डॉ अभिषेक चौहान, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ गौतम तांती, प्रो अनुषा लाल, चंद्रशेखर महथा, डॉ कुणाल कुमार, डॉ मुकेश कुमार सिंह, डॉ मुकेश बाबू गुप्ता, डॉ राजेश कुमार, डॉ रजत रक्षित, डॉ कुंतल दत्ता, किसलय कुमार, हेमंत ठाकुर, दिलीप महतो, उत्सव उमंग आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल मुख्यालय का सीएमडी ने किया निरीक्षण

### स्क्रैप को हटा कर सीसीएल ने 4,04,17000 रुपये की राजस्व प्राप्ति की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने सीसीएल मुख्यारलय परिसर में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी, राम बाबू प्रसाद, निदेशक, पवन कुमार मिश्रा, निदेशक, हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी, बी साईराम, महाप्रबंधक, एनपी सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। स्वच्छता अभियान में सीसीएल मुख्यालय में विशेष अभियान चलाते हुये कार्यालय तथा उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई के साथ-साथ स्क्रैप को हटाया जा रहा है। सीसीएल कर्मी इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

ज्ञातव्य हो कि कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित विशेष स्वच्छता आभियान 2.00 के तहत सीसीएल ने विभिन्न क्षेत्रों में 20 स्थानों का चयन किया था, जहां से लौह कचरा, बेकार टायर एवं बेकार ड्रम इत्यादि को हटा कर उन स्थानोंको सुंदर और साकारात्मनक उपयोग करने की योजना बनायी गयी। इन 20 चयनित स्थानो में से 10 स्थानों की सफाई हो चुकी है एवं बचे हुए 10 स्थानों में स्वच्छता का कार्य प्रगति पर है, जो 31 अक्टूबर, 2022 तक पूरा हो जायेगा। इस पूरे अभियान में अब तक सीसीएल को 4,04,17000 रुपये की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है। 648 मैट्रिक टन लौह कचरा हटाया जा चुका है एवं 133497 वर्गफीट स्थान खाली हो चुका है जिसमे सीसीएल के द्वाारा पर्यावरण- पार्क,पार्किंग स्थान, उद्यान इत्यादि विकसित किया जायेगा। इनके आतिरिक्त विभिन्न कार्यालयों में बिखरे पुराने संचिकाओं को कई स्थानों पर व्यवस्थित ढंग से सजा कर रखा गया है और अन्य स्थानों पर यह प्रक्रिया जारी है। ई-कचरा की सफाई कार्यक्रम के तहत सेवा से बाहर हुए ई-उपकरण जैसे कम्पूटर, प्रिंटर, स्कैनर इत्यादि को कोलियरी के आसपास के गांवों में वितरित कर शिक्षा के प्रसार में योगदान दिया जायेगा।

## भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धापूर्वक किया गया विसर्जन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** यम द्वितीया के अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा-आराधना का आयोजन राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में श्रद्धापूर्वक किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से दो दिनों तक भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा की और उनसे आशीर्वाद मांगा। पूजा आराधना के साथ ही अनेक स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, विविध प्रतियोगिताओं, सामूहिक भोज आदि का भी आयोजन किया गया। शुक्रवार को पूरे श्रद्धाभाव से राजधानी के 26 सार्वजनिक चित्रगुप्त पूजा समितियों के साथ ही झारखण्ड के 315 पूजा पंडालों में स्थापित श्री चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा को आसपास की नदियों और तालाबों में विसर्जित किया



गया। शुक्रवार को राजधानी रांची के करमटोली स्थित आईएमए भवन, मोरहाबादी में आयोजित श्री चित्रगुप्त पूजा आयोजन समिति के द्वारा दिव्यायन तालाब में धूम-धाम से किये गये विसर्जन आयोजन में विधायक समरी लाल, रांची के उपमेयर संजीव विजयवर्गीय सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि इस बार दो साल के कोरोना काल के बाद श्री चित्रगुप्त पूजा का सफलतापूर्वक सामूहिक एवं सार्वजनिक आयोजन किया गया। इस मौके पर उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, सुनील कुमार सिन्हा, अनुनय शंकर टिंकू, संजीव कुमार सिन्हा, प्रभात कुमार सहाय, शेखर कुमार सहाय, विजय दत्त पिंटू, प्रवीण सिन्हा,अजय कुमार सिन्हा, लक्ष्मी लाल, सूरज कुमार सिन्हा, संतोष दीपक, सुभाष सिन्हा, जितेंद्र कुमार, केशव कुमार सिन्हा, राकेश रंजन बबलू, लाभ कुमार लाल, राजीव रंजन सिन्हा, उपेंद्र कुमार बबलू, मुकेश कुमार सिन्हा, मनीषा कुमारी, डॉ रजनीश राज, डॉ अंबुज कुमार, डॉ अभिषेक प्रकाश, डॉ एके लाल, निभा सिन्हा, विनीता श्रीवास्तव, जयदीप सहाय, नीरू रॉय मौजूद रहे।

## 21वें झारखंड सीनियर फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप में 6 चक्रों का खेल समाप्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में चल रहे आदित्य बिरला मेमोरियल 21वें झारखंड सीनियर फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप 2022 में 6 चक्रों का खेल समाप्त हुआ। पहले बोर्ड पर सफेद मोहरों से खेलते हुए पूर्वी सिंहभूम के प्रितम सिंह 6 अंक बना कर पहले पायदान पर काबिज हैं, जबकी दूसरे बोर्ड पर बोकारो के अंकित कुमार सिंह को धनबाद के राजा बोस ने कांटे की टक्कर देते हुए ड्रॉ पर रोका। जबकी दिपक लाल शाह ने रांची के अरुण कुमार, पश्चिमी सिंहभूम के मनिष शर्मा ने हजारी बाग के सुयश पटेल को और पूर्वी सिंहभूम के लोकेश कुमार ने रांची के भावेश कुमार गुप्ता को पराजित कर संयुक्त रूप से पांच अंक बनाया। साथ ही साथ इस मुकाबले में हजारीबाग के आभाष ने पश्चिमी सिंहभूम के वरिष्ट खिलाड़ी कमल किशोर देवनाथ को ड्रॉ बाजी खेलने पर मजबूर किया। मुकाबला शीर्ष के पांच बोर्ड पर रोमांचक होता जा रहा है। प्रतियोगिता के आखिरी दिन 29.10.2022 को दो चक्रों का खेल खेला जायेगा जिसके बाद खिलाड़ियों का चयन आगामी दिसंबर में होने वाले नेशनल चैंपियनशिप के लिये किया जायेगा। उक्त जानकारी टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक सतीश कुमार ने दी। मौके पर चीफ आर्बिटर दिपक कुमार, डिप्टी आर्बिटर विशाल कुमार अन्य आर्बिटर हिमांशू चक्रवर्ती, मनीषा मासी, बैसाकी चैटर्जी, बिनोद कुमार साव, प्रियंका कुमारी, सुचीता चक्रवर्ती आदी उपस्थित थे।

## देश का गौरव को पुनर्स्थापित करने का कार्य कर रहे हैं पीएम मोदी



**राहुल अवस्थी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मई 2014 जब प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी तब 125 करोड़ देशवासियों ने उनके हाथों में देश का भविष्य सौंपा था, देशवासियों ने उनपर यह विश्वास जताया था कि नरेंद्र मोदी ही भारत को नयी दिशा व नयी सोच के साथ देश को आगे ले जा सकते हैं और वे लगातार आठ सालों से जनता के इस विश्वास को कायम रखने में कामयाब रहे हैं। आज उनके नेतृत्व में भारत देश का चहुमुंखी विकास हो रहा है, पूरी दुनिया में भारत के कुशल नेतृत्व का डंका बज रहा है। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबकी चिंता करते हुए गरीबों के अनाज, आवास, स्वास्थ्य और अब घर-घर पानी की भी व्यवस्था कर रहे हैं। साथ ही किसानों के खातें में केंद्र सरकार के माध्यम से पैसे डाले जा रहे हैं। आज देश लगातार प्रगति की ओर बढ़ रहा है एवं लोगों ने भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने का जो सपना देखा था, उसे भी मोदी पूरा करते हुए नजर आ रहे हैं। आज भारत की परंपरा की गूंज पूरे विश्व में सुनाई दे रही है। एक समय अंग्रेज जिस देश को सपेरों का देश बताते थे, आज वही देश में एक भारतवंशी प्रधानमंत्री बना हुआ है। पिछले आठ सालों में भारत देश के प्रति लोगों की मानसिकता बदली



है एवं विदेशी आक्रान्ताओं ने हमारे देश के इतिहास के साथ जो खिलवाड़ किया था उस गौरव को फिर से हासिल करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

जब उन्होंने सत्ता की बागडोर संभाली थी, तब उनके सामने देश को आगे ले जाने की चुनौती थी क्योंकि जनता पिछले दस सालों की केंद्र सरकार से ऊब चुकी थी, जनता हताश व निराश थी एवं पिछले किसी भी सरकार ने इतिहास को सही करने की जहमत नहीं उठायी, नरेंद्र मोदी की सरकार ने हिम्मत दिखायी और मंदिरों की पुनरुद्धार का काम शुरू किया।

आज राम मंदिर को लेकर 500 साल से चले आ रहे विवाद का समाधान हो चुका है। भव्य मंदिर का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। इस मंदिर निर्माण में हजारों लोगों ने जान गंवाई है, दूसरी तरफ सोमनाथ, केदारनाथ धाम, काशी विश्वनाथ, बद्रीनाथ धाम, आदि शंकराचार्य, रामानुज चार्य और उज्जैन महाकाल लोक के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही प्रारंभ हुआ है। इन विकास कार्यों से आज सनातन परम्परा फिर से पुनर्जीवित हो उठी है।

देश ही नहीं विदेशों में भी मोदी सरकार ने मंदिरो को भव्य बनाने पर जोर देना शुरू कर दिया है। साल 2019 में पीएम मोदी ने मनामा और अबू धाबी में भगवान श्रीकृष्ण श्रीनाथजी के पुनर्निर्माण के लिए 4.2 मिलियन डॉलर देने का ऐलान किया था। इसके साथ ही 2018 में पीएम मोदी ने अबू धाबी में बनने वाले पहले हिंदू मंदिर की आधारशिला रखी थी, जो अब बन कर तैयार भी हो गया है। प्रधानमंत्री का मानना है जब तक खंडित चीजों का पुनरुद्धार न किया जाये तब तक देश में अध्यात्मिक जागरण की शुरूआत नहीं होगी। अतः इनका पुनर्निर्माण कर पूरे देश में अध्यात्मिक और धार्मिक केंद्रों को स्थापित कर रहे रहे हैं।

**(लेखकः झारखंड भाजपा के सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक हैं।)**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सुजीत मुंडा को सम्मानित किया गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के नेत्रहीन क्रिकेटर सुजीत मुंडा का चयन टी-20 वर्ल्ड कप के लिए इंडिया टीम में होने पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया प्रभारी अनिल कुमार ने रांची धुर्वा स्थित उनके आवास में जाकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें शॉल ओढ़ाया और सहयोग राशि प्रदान की। उन्हें जीत की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। सुजीत मुंडा तेज गेंदबाज हैं। बता दें कि सुजीत मुंडा 17 सदस्यीय टीम इंडिया का हिस्सा हैं, जिन्हें 4 से 17 दिसंबर के बीच आयोजित होने वाले ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप में शिरकत करनी है। अनिल कुमार के साथ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बीके राजमती, समाजसेवी नंदकिशोर चंदेल, आशुतोष द्विवेदी, संपति देवी, मुकेश नायक मौजूद थे।

### मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई दी



**रांची (आजाद सिपाही)।** मल्लिकार्जुन खड़गे के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने पर रांची महानगर अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम ने बधाई दी है। राजू राम ने बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस ने अनुसूचित जाति विभाग को मान सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि इस देश की राजनीति में मल्लिकार्जुन खड़गे का कांग्रेस का अध्यक्ष्य बनना मील का पत्थर साबित होगा और उनके व्यापक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। उनके कुशल नेतृत्व में कांग्रेस मजबूत होगी और साथ-साथ अनुसूचित जाति विभाग को भी मजबूती मिलेगी। बधाई देनेवालों में निरंजन पासवान, वशिष्ठलाल पासवान, सूरज कुमार पासवान, रंजीत बौरी, संजय कुमार राम, बंटी दास, गणेश पासवान, प्रकाश राम भी शामिल हैं।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रदर्शनी का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर, राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में रांची रेल मंडल के 5 स्टेशनों रांची, हटिया, मुरी, लोहरदगा एवं रामगढ़ रेलवे स्टेशन पर सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी एवं देश के लिए उनके योगदान को दर्शाने हेतु सरदार पटेल - एकीकरण के वास्तुकार शीर्षक के तहत प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा हैं। 25 से 31 अक्टूबर, 1 सप्ताह चलने वाले इस प्रदर्शनी के द्वारा यात्रियों एवं लोगों को सरदार पटेल की दूरदर्शी सोच, उनकी जीवनी एवं देश के निर्माण के लिए किए गए महान कार्यों के बारे में और जानकारी मिल सकेगी। प्रदर्शनी के अंतर्गत 28 अक्टूबर को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी निशांत कुमार एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी माणिक शंकर की उपस्थिती में मंडल के सांस्कृतिक विभाग द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर यात्रियों एवं कर्मचारियों को देशभक्ति का संदेश दिया गया।

### खाटू नरेश का केसर तिलक का श्रृंगार



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सूर्य ग्रहण के बाद हुए महास्नान के उपरांत खाटू नरेश का केसर तिलक का श्रृंगार किया गया। नवीन वस्त्र बागा पहनाया गया सुगंधित इत्र से मसाज करके विभिन्न प्रकार के फूल लाल गुलाब रजनीगंधा मुर्गन मोती केसरिया गेंदा तुलसीदल की फूल मालाओं से खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का भव्य तथा अलौकिक श्रृंगार करके पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि आज तीज तृतीया को खाटू के श्री श्याम मंदिर में भी केसर तिलक का श्रृंगार हुआ है। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, विकास मोदी सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकार पर आयोजित चौपाल अब 29 नवंबर को लगेगी

**रातू (आजाद सिपाही)।** मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकार, न्याय, समुचित भागीदारी, रोजगार-विकास और उर्दू से जुड़े मुद्दों को लेकर 22 नवंबर को घोषित चौपाल कार्यक्रम की तिथि बढ़ा कर 29 नवंबर कर दी गयी है। कार्यक्रम रांची स्थित राजभवन के समक्ष आयोजित होगा। यह निर्णय शुक्रवार को रातू स्थित होटल ताज में आमया संगठन की बैठक में लिया गया। संगठन के अध्यक्ष एस अली ने चौपाल कार्यक्रम की सफलता को लेकर रूपरेखा तैयार करते हुए बताया कि 1 नवंबर को रांची में पोस्टर जारी किया जायेगा, साथ ही सभी प्रखंडों में भी पोस्टर अभियान शुरू किया जायेगा। इसके अलावा जिलेवार जन संपर्क अभियान चलाया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता आमया संगठन के सचिव नौशाद आलम ने की। वहीं संचालन केंद्रीय कार्यकारी सदस्य अंजुम खान ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन प्रभारी जियाउद्दीन अंसारी, केंद्रीय सचिव रहमतुल्लाह अंसारी, अब्दुल गफ्फार, मो सईद, अब्दुल बारी, मो जैद, आफताब आलम, आसिफ रूह हुल्ला, नसीम अंसारी, सरफराज अंसारी, हसन अंसारी, मो सिद्दीक, अफसर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने चोर को किया पुलिस के हवाले

**रांची (आजाद सिपाही)।** रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया नया टोली में इन दिनों चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गयी है। दिनोंदिन चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोगों का घर छोड़कर बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बीते दिनों इस क्षेत्र में चोरी की कई घटनाएं घट चुकी हैं। गुरुवार को ग्रामीणों को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक पिछले कुछ दिनों से मोहल्ले में रह रहे हैं, जो दिन में रेकी कर रात में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में युवकों की तस्वीर कैद होने की सूचना मिलने पर राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने मोहल्ले के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि कुछ युवकों का मोहल्ले में रह रहे रोहित नाम के युवक के यहां आना-जाना लगा रहता है। ये सभी कृष्णा महतो नाम के व्यक्ति के यहां रहते हैं। इस आधार पर युवक के घर जब पहुंचे, तो तीन युवक मौके पर पकड़े गये।

# परमाणु युद्ध की आशंका

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के यूक्रेन की ओर से डर्टी बम (ऐसा बम जिसमें यूरेनियम जैसा रेडियोएक्टिव एलीमेंट हो) के इस्तेमाल की आशंका जताए जाने के बाद युद्ध के कहीं घातक दौर में प्रवेश करने का डर बढ़ गया है। यूक्रेन और उसके अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे सहयोगी देशों ने इस आरोप को बेतुका बताया है। पश्चिमी देश पहले भी कह चुके हैं कि रूस यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हथियारों का प्रयोग करना चाहता है। इस बीच, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू के बीच बुधवार को फोन पर बातचीत हुई। इसमें सिंह ने भारत का पुराना रुख दोहराया कि रूस और यूक्रेन दोनों को अपने झगड़े बातचीत के द्वारा जल्द से जल्द सुलझाने चाहिए, वहीं यह भी साफ किया कि परमाणु युद्ध हर कीमत पर टाला जाना चाहिए। बातचीत की पहल रूस की ओर से हुई थी। ध्यान रहे कि नाटो देशों के साथ ही रूस भी परमाणु युद्धाभ्यास चला रहा है। दोनों पक्ष इसे संभावित परमाणु हमले से बचने की तैयारी बता रहे हैं। वैसे यह भी सच है कि न्यूक्लियर ड्रिल दोनों पक्षों की नियमित सालाना कवायद का हिस्सा है, लेकिन हालात की गंभीरता को देखते हुए यह अभी ज्यादा संवेदनशील हो गया है।

**आज की तारीख में मुख्य चिंता डर्टी बम के इस्तेमाल से ज्यादा इस बात की है कि कहीं बात बिगड़ते हुए परमाणु युद्ध की ओर न चली जाये। यही वजह है कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सबसे ज्यादा जोर इसी बात पर दिया।**

पश्चिमी देश आशंका जता रहे हैं कि न्यूक्लियर ड्रिल की आड़ में रूस डर्टी बम का इस्तेमाल करते हुए इसका इल्जाम यूक्रेन पर लगाने की कोशिश कर सकता है, ताकि उसे और बड़ी कार्रवाई का बहाना मिल जाये। डर्टी बम परमाणु बम जितने खतरनाक नहीं होते, लेकिन इसमें भी रेडियोएक्टिव पदार्थ होते हैं और सीमित क्षेत्र में ही सही पर काफी नुकसानदेह होते हैं। बहरहाल, आज की तारीख में मुख्य चिंता डर्टी बम के इस्तेमाल से ज्यादा इस बात की है कि कहीं बात बिगड़ते हुए परमाणु युद्ध की ओर न चली जाये। यही वजह है कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सबसे ज्यादा जोर इसी बात पर दिया। जहां तक भारत की बात है, तो उसने युद्ध को लेकर अपने रुख में कभी कोई नरमी नहीं आने दी। 10 अक्टूबर को जब रूस ने यूक्रेनी शहरों पर, खास कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाते हुए क्रूज मिसाइलें छोड़ीं तो भारत ने लड़ाई फैलने को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की थी। इससे पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से बातचीत में कहा था कि यह युद्ध का दौर नहीं है, लेकिन इन सबके बावजूद तथ्य यह है कि शांति स्थापना के अब तक के सभी प्रयास नाकाम रहे हैं। आज यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध की कीमत कमोबेश पूरी दुनिया चुका रही है। इसलिए युद्ध बंद करने की कोई राह जल्द से जल्द निकालने की कोशिशों को सभी संबद्ध पक्षों द्वारा पूरी गंभीरता से आगे बढ़ाये जाने की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**करियर के लिए विदेश प्रवास से पहले युवाओं के लिए नेशनल स्किल डिवैल्पमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) की एक पहल- इंडिया इंटरनेशनल स्किल सेंटर अमल में नहीं आ पायी। वास्तव में पूरे भारत में ऐसे सेंटरों की जरूरत है, जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों से मेल खाते हुनर के कोर्स देश में उपलब्ध करायें। अंतर्राष्ट्रीय कौशल मानकों के बगैर हमारे पढ़े-लिखे युवा भी विदेशों में जीवनयापन के लिए मजदूरी और साफ-सफाई जैसे काम करने को मजबूर हैं।**

# युवा प्रतिभाओं में ग्लोबल स्किल का अभाव

**दिनेश सूद**

'ब्रेन ड्रेन' की समस्या से जूझते पंजाब में इंटरनेशनल इंगलिश लैंग्वेज टैस्टिंग सिस्टम (आइलैट्स) एक असंगठित क्षेत्र के मिनी-उद्योग के रूप में तेजी से फैला है। यह बड़े पैमान पर उन युवाओं को आकर्षित कर रहा है, जो अपने सपनों को पंख लगाए दुनिया के विकसित देशों में करियर के लिए उड़ान भरने को तैयार हैं। पर दुर्भाग्य से युवा प्रतिभाओं के और कनाडा, अमरीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जाकर भी सपने पूरे नहीं हो पा रहे क्योंकि ग्लोबल स्तर की स्किल के अभाव में बेहतर प्लेसमैंट की उनकी इच्छा पूरी न हो पाने की वजह से वे वहां छोटे-मोटे काम करने को मजबूर हैं। देश में बेरोजगारी के चढ़ते ग्राफ के बीच रोजगार की तलाश में विदेशों का रुख करने से पहले युवाओं को देश में ही ग्लोबल स्किल से लैस करना बहुत जरूरी है।

हाल ही में कई ऐसी घटनाओं ने दिल दहला दिए जहां विदेशों में नौकरी की तलाश में उत्पीड़न का शिकार हुए युवाओं को अपनी जान तक गंवानी पड़ी। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारें सुनिश्चित करें कि विदेशों का रुख करने वाले युवाओं को उत्पीड़न से बचा कर उन्हें सही नौकरी दिलाने में कैसे मदद की जाये। इसके लिए कानूनी रूप से एक विदेशी प्लेसमेंट ईकोसिस्टम विकसित करने की जरूरत है, ताकि हमारे युवाओं और उनके परिवारों को धोखाधड़ी से बचाया जा सके। कथित प्लेसमैंट एजेंसियां युवाओं को गुमराह करके न केवल उन्हें लूट रही हैं, बल्कि गलत देशों में भेजकर उनकी जान भी जोखिम में डालती हैं।

**विदेशों में वर्क परमिट के लिए आवेदन करने से पहले हमारे युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों के कौशल से लैस करने के साथ विदेशी भाषाओं में भी अच्छी तरह प्रशिक्षित करने की जरूरत है।**



**विदेशों में ट्रांसपोर्ट, कंस्ट्रक्शन लेबर, हैल्थ सर्विसिज, ब्यूटी-वैलनेस, आइटी पेशेवरों, प्लंबर, बढ़ई जैसी हुनरमंद नौकरियों के लिए युवाओं में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कुशलता होनी चाहिए। दुर्भाग्य से हमारे युवाओं के कौशल में सुधार की सरकारी पहल सफल नहीं रही। यह एक प्रणाली गत समस्या की ओर इशारा करती है जो युवाओं की प्रतिभा को प्रभावित कर रही है।**

करियर के लिए विदेश प्रवास से पहले युवाओं के लिए नेशनल स्किल डिवैल्पमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) की एक पहल- इंडिया इंटरनेशनल स्किल संटर अमल में नहीं आ पायी। वास्तव में पूरे भारत में ऐसे सेंटरों की जरूरत है, जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों से मेल खाते हुनर के कोर्स देश में उपलब्ध करायें। अंतर्राष्ट्रीय कौशल मानकों के बगैर हमारे पढ़े-लिखे युवा भी विदेशों में जीवनयापन के लिए मजदूरी और साफ-सफाई जैसे काम करने को मजबूर हैं।

इसके अलावा सरकार को यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए कि फर्जी और अवैध इमीग्रेशन कंपनियों के हाथों युवाओं का शोषण न हो। आइलैट्स विदेशों में एक अच्छी नौकरी पाने का साधन नहीं है और न ही यह कोई हुनर है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आइलैट्स के साथ उन देशों के बारे में भी बुनियादी जानकारी उम्मीदवारों के साथ सांझा की जानी चाहिए। अगर स्कूली पढ़ाई बीच में ही छोड़ने वाले आइलैट्स पास कर सकते हैं, तो उन्हें अपनी पढ़ाई बंद करने की क्या जरूरत है? विदेशों में वर्क परमिट के लिए आवेदन करने से पहले हमारे युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों के कौशल से लैस करने के साथ विदेशी भाषाओं में भी अच्छी तरह प्रशिक्षित करने की जरूरत है। इससे उन्हें न केवल विदेशों में अच्छी नौकरी मिलने में मदद मिलेगी बल्कि उनके आगे बढ़ने के भी और कई रास्ते खुलेंगे। पंजाब के ग्रामीण इलाकों में रहने वाली 65 फीसदी आबादी खेती पर निर्भर है और इन इलाकों से बड़े पैमाने पर युवा कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका, ब्रिटेन,खाड़ी और अन्य देशों में रोजगार की तलाश में जा रहे हैं। कानूनी या अवैध रूप से, वे इन देशों में जा रहे हैं लेकिन सही कौशल के अभाव में उन्हें एक अच्छी नौकरी की बजाय मजदूरी करनी पड़ती है।

बेरोजगारी एक बहुआयामी समस्या है। पंजाब सरकार को कौशल विकास पाठ्यक्रमों के लिए विश्व स्तर पर प्रमाणित टैलेंट नोड बनाने की जरूरत है। हमारे तकनीकी संस्थानों और विश्वविद्यालयों को अपने कौशल पाठ्यक्रमों को विदेशी संस्थानों और ग्लोबल एंप्लॉयर के साथ तालमेल बिठाना चाहिए। केरल के बाद पंजाब देश में एक ऐसा राज्य है, जहां से हर साल विदेश में नौकरी के लिए सबसे अधिक पलायन हो रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक पंजाब से 5.78 लाख लोग रोजगार के लिए देश छोड़ कर गये। देश में रोजगार की बढ़ती संख्या की तुलना में सरकारी और प्राइवेट नौकरियां सीमित हैं। विदेशों में ट्रांसपोर्ट, कंस्ट्रक्शन लेबर, हैल्थ सर्विसिज, ब्यूटी-वैलनेस, आइटी पेशेवरों, प्लंबर, बढ़ई जैसी हुनरमंद नौकरियों के लिए युवाओं में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कुशलता होनी चाहिए। दुर्भाग्य से हमारे युवाओं के कौशल में सुधार की सरकारी पहल सफल नहीं रही। यह एक प्रणाली गत समस्या की ओर इशारा करती है जो युवाओं की प्रतिभा को प्रभावित कर रही है। एक युवा महिला के बारे में सोचें जो अपने अगले करियर बारे विचार कर रही है। उसे कहां ट्रेनिंग लेनी चाहिए? और उसके लिए किस तरह की नौकरियों के अवसर हैं? यह आज के कई युवाओं के लिए बड़ी दुविधा है। उन्हें अपने जीवन को बेहतर करने की इच्छा है, लेकिन कौशल के अभाव में उन्हें सही नौकरी नहीं मिल पाती।

**समाधान :** पंजाब में लगभग छह लाख लोग हर साल आइलैट्स की तैयारी करते हैं। सरकार को सभी आइलैट्स केंद्रों की स्थापना, मान्यता और प्रबंधन से एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करनी चाहिए। इससे फर्जी इमिग्रेशन कंसल्टेंसी पर भी रोक लगाने में मदद मिलेगी। कानूनी तरीकों से युवाओं के इमीग्रेशन को सुगम बनाने और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कौशल प्रदान करने के लिए प्रत्येक जिले में एनएसडीसी के मार्गदर्शन में इंडिया इंटरनैशनल स्किल सैंटर सक्रिय किये जायें।

## जमशेदपुर की खबरें

# मंत्री बन्ना गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान झाड़ू लेकर खुद छठ घाट की साफ-सफाई

**स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रशासन के प्रयास से सभी घाटों की साफ-सफाई युद्धस्तर पर की जा रही है। शुक्रवार को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।

मानगो के पंप हाउस छठ घाट में मंत्री बन्ना गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान झाड़ू लगा रही महिला सफाई कर्मी से झाड़ू लेकर खुद घाट की साफ-सफाई करने लगे। उस दौरान मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी भी साफ सफाई करते दिखे। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा आस्था के महापर्व में स्वच्छता और सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। शहर के विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है। शनिवार तक पूरे घाट की साफ-सफाई संपूर्ण कर ली जाएगी। साथ ही सभी छठ घाटों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। सभी छठ घाट पर गोताखोरों के साथ-साथ पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। ताकि व्रत धारियों एवं उनके परिवार के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया आस्था के महापर्व छठ पूजा बड़ा ही धार्मिक अनुष्ठान है। जिसमें हम सभी लोग भागीदारी निभा रहे हैं। धार्मिक अनुष्ठान में छठ घाटों की साफ सफाई, सुरक्षा की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, सूप का वितरण किया जा रहा है।

मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने आस्था के महापर्व छठ पूजा के लिए शहर वासियों को शुभकामनाएं दी।

# छठ मैया की कृपा सभी पर बनी रहे : काले

**जंबू अखाड़ा समिति की ओर से छठ व्रतियों के बीच सूप व पूजन सामग्री का वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** छठ पूजा के पावन अवसर पर भालूबासा स्थित श्री श्री बजरंग विजय मंदिर, जंबू अखाड़ा के तत्वावधान में छठ व्रतियों के बीच सूप एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले व समिति सदस्यों द्वारा पूजन सामग्री का वितरण किया गया।

मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि भगवान भास्कर के चार दिवसीय अनुष्ठान छठ महापर्व के शुभ अवसर पर छठ महापर्व का अनुष्ठान कर रहे वैसे छठव्रतियों के बीच आज जंबू अखाड़ा समिति द्वारा सूप और पूजन सामग्री की सेवा प्रदान की गयी। छठ मैया की कृपा सभी पर बनी रहे भगवान भास्कर सभी के जीवन में सुख समृद्धि लायें यही कामना है। मौके पर जंबू अखाड़ा समिति के अध्यक्ष बृज किशोर सिंह, संरक्षक बंटी सिंह, लाइसेंसी रणवीर मंडल, मधुसूदन गोस्वामी, अखिलेश पांडे, प्रहलाद लोहरा, जूगुन पांडे, देवाशीष झा, रमन मूर्ति, विशु राव, पप्पू, रवी राव, अमित चटर्जी, पंकज उपाध्याय, केशव राव, विक्की सिंह, अशोक दास, सबिता, काकुली चटर्जी, सुनीता पांडे, सपना सिंह, रूपा सिंह, रश्मि चौधरी, सपन कुंडू एवं अन्य मौजूद थे।

# सभी लैम्पस किसानों को आवेदन पर शत प्रतिशत करें निबंधित : विजया जाधव

**उपायुक्त ने रबी बीज के आवंटन को लेकर लैम्पसों के अध्यक्ष व सचिवों के साथ की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने किसानों का निबंधन ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी में सुनिश्चित करने को लेकर लैम्पसों के अध्यक्ष व सचिवों के साथ बैठक की। शुक्रवार को उपायुक्त सभागार में बैठक में प्रत्येक प्रखंड स्थित लैम्पस के सदस्यों के अनुरूप शत प्रतिशत धान अधिप्राप्ति के लिए किसानों का आवेदन निबंधित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी को एटीएम, बीटीएम एवं कृषक मित्रों को भी आवेदन निबंधन के लिए निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बैठक के दौरान प्रखंडवार धान अधिप्राप्ति के लिए निबंधित किसानों के बीच फॉर्म का वितरण एवं संग्रहण की समीक्षा की। उपायुक्त ने जिस प्रखंड में लक्ष्य के अनुरूप निबंधन नहीं किया गया उन सभी प्रखंडों के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को जनप्रतिनिधियों, लैंपस सचिव एवं अध्यक्षों के साथ बैठक कर किसानों में विश्वास जागते हुए निबंधन करने का निर्देश दिया।

मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया वर्तमान में 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर रबी बीज, गेहूं, चना, मटर, मसूर एवं तीसी का आवंटन जिला को प्राप्त हुआ है। जिला कृषि पदाधिकारी को बीज प्राप्ति के लिए किसानों का निबंधन (ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी) कृषि मित्रों के माध्यम से कराने का निर्देशित किया गया। साथ ही नोडल लैम्पसों को बीज के लिए ड्राफ्ट लगाने का भी निर्देश दिया गया। लैम्पसों के द्वारा पूर्व में किए गए धान अधिप्राप्ति के कमीशन राशि नहीं मिलने की बात लैम्पस के अध्यक्ष सचिव को भुगतान कराने का अनुरोध किया गया।

उपायुक्त ने इस संबंध में लैम्पसों को यथाशीघ्र आवेदन देने का निर्देश दिया। ताकि कमीशन का भुगतान के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। बैठक में एडीएम नंद किशोर लाल, जिले के विभिन्न प्रखंडों के लैम्पसों के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ-साथ जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निबंधक, सहयोग समितियां, घाटशिला अंचल प्रखंड एवं सहकारिता प्रसार जमशेदपुर एवं पदाधिकारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी शामिल रहे।

# मानगो जवाहरनगर में जाहिद खान हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, एक गिरफ्तार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मानगो थाना अंतर्गत जवाहरनगर में जाहिद खान की हत्या के मामला का पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने जवाहरनगर रोड नंबर 11 से छोटे उर्फ वसीम को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तार के लिए तलाश जारी है। छोटे ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जाहिद की हत्या की। जाहिद के हत्या का कारण जमीन विवाद बताया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मृतक के भाई शहजाद खान ने हत्या के बाद पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। फरार आरोपियों में आजादनगर रोड नंबर 2 के रहने वाले मुजाहिद खान, मानगो क्रॉस रोड नंबर 14 के रहने वाले जकी अजमल उर्फ सोनु, जवाहरनगर रोड नंबर 14 का मो.जाहिद उर्फ भक्कू और आजादनगर रोड नंबर 10 ए का गोहर अंसारी शामिल है। फिलहाल सभी फरार आरोपियों की तलाश जारी है।इधर इस मामले में नामजद आरोपी जैकी अजमल उर्फ सोनू के परिजन एसएसपी से मामले की निष्पक्ष जांच करने की अपील की। सोनू के पत्नी आमना खातून ने बताया इस घटना में उनके पति का कोई हाथ नहीं है। उसे फसाया गया है। घटना के वक्त वह घर पर ही मौजूद रहा। फि लहाल पुलिस हत्या से जुड़े सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# राजनगर में खूंटाव कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा, एक की मौत दो घयाल

**कार्यक्रम के दौरान एक उत्तेजित बैल भीड़ की ओर दौड़ पड़ा, जिसमें तीन लोग घायल हो गये, जिसमें एक की इलाज के क्रम में मौत हो गयी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**राजनगर।** सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर पुराना प्रखंड कार्यालय के पास कुरमाली भवन के सामने वाले मैदान में बंदना पर्व का आयोजन किया गया। गोरु खूंटाव कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। वैसे पूरा प्रकरण कैमरे में कैद है।

कार्यक्रम के दौरान एक उत्तेजित बैल खूंटा सहित उखाड़ कर भीड़ की ओर निकल पड़ा। मौके पर कई लोगों को बैल ने अपनी चपेट में ले लिया। घटनाक्रम के दौरान राजनगर निवासी एक बुजुर्ग शम्भू महतो व दो अन्य किशोर इस हादसे में घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर में भर्ती कराया। जहां राजनगर गांव के बुजुर्ग शम्भू महतो का स्थिति नाजुक देख बेहतर इलाज के लिए एमजीएम भेजा गया गया। शुक्रवार को इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार 60 वर्षीय मृतक शम्भू महतो बिजली मिस्त्री का काम करता था। घटना के बाद गांव में खुशी का माहौल मातम में तब्दील हो गया। ज्ञात हो कि हर साल बंदना पर्व के अवसर पर राजनगर के कुरमाली भवन के सामने स्थित मैदान में बैल खूंटाव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें कई पशुपालक भाग लेने के लिए अपने-अपने बैलों को कार्यक्रम में लाते हैं। बंदना पर्व में काफी संख्या में लोगों की भीड़ रहती है। बैलों को नचाने के लिए ढोल नगाड़ों से उत्तेजित कराते हैं। इस बार भी कुछ वैसा ही कार्यक्रम चल रहा था। जिसके बाद बड़ा दुर्घटना घट गई। अचानक कोई दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने ग्रामीण मंडल के चिरौंजीया छठ घाट पर चलाया सफाई अभियान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो गढ़वा जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में छठ पूजा को लेकर गढ़वा ग्रामीण मंडल के चिरौंजीया छठ घाट पर साफ सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि सूर्य उपासना आस्था का पर्व छठ हिन्दूओं का सबसे बड़ा महापर्व है। इसमें छठ व्रतियों का सहयोग करने पर सुखद अनुभूति होती है। छठ घाट सफाई अभियान कार्यक्रम 26 अक्टूबर से चलाया जा रहा है, जिसमें छठ घाट सफाई अभियान 28 अक्टूबर तक भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा गढ़वा जिला के सभी पंचायत से लेकर मंडल एवं जिला स्तर पर चलाया गया। भाजयुमो कार्यकर्ता जिले भर में हर मंडल में छठ घाट पर छठ व्रतियों को अन्य मदद भी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष रंजीत चौरसिया, गढ़वा ग्रामीण मंडल आईटी सेल संयोजक धनंजय विश्वकर्मा, मनीष कुमार गुप्ता, जितेंद्र चंद्रवंशी, विक्की गुप्ता, राहुल ठाकुर, विक्की पासवान, प्रमोद मेहता, महावीर राम, चंदू ठाकुर, सूरज गुप्ता, नसीम अंसारी, अमित पासवान, पूजन ठाकुर, आशीष गुप्ता, पंकज मेहता, प्रदीप मेहता, आशीष गुप्ता, मंटू चंद्रवंशी, अजय भूमिहार, अमित गुप्ता सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### रंका थाना प्रभारी ने अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न छठ घाटों में चलाया सभाई अभियान



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न छठ घाटों का रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में सफाई अभियान की शुरुआत रंका पुल नदी में की गई। छठ घाटों की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन वह मजदूरों के द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर महाकाली युवा संघ दुर्गा मंडप रंका के अध्यक्ष रंजीत कुमार शौडिक, सचिव अभिषेक सिन्हा, वेद प्रकाश, शुभम झा, गणेश कुमार गुप्ता, सोनू मद्धेशिया, सूरज कुमार, धर्मेंद्र पाठक, राजन कुमार गुप्ता, उत्तम पांडेय, रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, शशि कुमार सोनी, अरविंद कुमार सोनी, छोटू सिद्दीकी, अमरेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मजदूर का दुबई से शव घर आते ही मचा कोहराम

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव थाना क्षेत्र के मझिगांवा (रामपुर) गांव निवासी सुनील कुमार (48) का शव गुरुवार की रात्रि लगभग 1:00 बजे मझिआंव एम्बुलेंस द्वारा लाया गया। शव को मझिआंव में ही रात भर रखा गया। अहले सुबह शव को मझिगांवा गांव लाया गया, जहां पर लोगों को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। उधर मृतक की पत्नी रीना देवी, बड़ी बेटी मुस्कान (16), सुषमा (14), खुशी (11), पुत्र अभिषेक (9) एवं मृतक की मां शांति देवी, पिता राज मुनि सहित बहन एवं सगे-संबंधियों का रो -रो कर बुरा हाल था। मौके पर जिप सदस्य धर्मेंद्र सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम शंकर दुबे उर्फ मुन्ना दुबे, पंचायत की मुखिया अख्तर खान बरडीहा प्रखंड के ओबरा पंचायत के पूर्व मुखिया नंदु राम, झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष भानु पासवान, आरटीआई कार्यकर्ता दया चंद्रवंशी सहित कई लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया तथा परिजनों को सांत्वना दी। बताते चलें कि सुनील दुबई के आजमान शहर में 16 माह पूर्व मजदूरी करने गया था, वहां पर वह बिल्डर के पास काम करता था, इसी दौरान 19 अक्टूबर दिन बुधवार की रात्रि में अचानक बीमार होने के बाद उसे दुबई के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां बुधवार की सुबह लगभग 5:00 बजे उसकी मृत्यु हो गई। विदेश से शव को अपने यहां मंगाने को लेकर उसकी पत्नी रीना देवी ने भारत सरकार एवं झारखंड सरकार को अनुरोध पत्र भेजा था, जिसमें मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला के द्वारा झारखंड सरकार से पहल कर शव को मंगाने में अहम भूमिका निभायी गयी। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड सरकार के द्वारा शव को दुबई से विमान द्वारा दिल्ली एवं दिल्ली से पटना भेजा गया तथा पटना से एंबुलेंस के द्वारा 28 अक्टूबर की रात्रि लगभग एक बजे लाया गया एवं सुबह में मझिगांवा ले जाया गया। मौके पर मृतक के परिजन राजा कुमार, सतीश कुमार रवि, सीआरपीएफ इंदल राम, परमानंद कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नहाय खाय के साथ आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुरू, खरना आज

**छठ व्रतियों ने विभिन्न जल स्रोतों में स्नान कर भगवान भास्कर को प्रणाम कर कद्दू भात का किया सेवन**

**बाजार में पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए भी लोगों की बढ़ने लगी है भीड़**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में नहाय खाय के साथ शुक्रवार से छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। छठ व्रती महिलाओं ने विभिन्न जल स्त्रोतों में स्नान कर भगवान भास्कर को प्रणाम किया। इसके बाद नहाय खाय का खाना बनाने में जुट गयीं। छठ व्रतियों ने अरवा चावल, चने की दाल व कद्दू की सब्जी का सेवन किया। नहाय खाय के साथ ही छठ व्रती खरना की तैयारी में भी जुट गयीं। छठ पूजा को लेकर गेहूं की पिसाई शुरू हो गई। बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए भी लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है। विभिन्न क्लबों व पूजा समितियों के द्वारा शहर के दानरो नदी व सरस्वती नदी छठ घाट पर साफ सफाई पूरी कर ली गई है। क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य के द्वारा छठ घाट पर रंग बिरंगी रोशनीदार लाइट, स्नान करने के लिए झरना एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने को लेकर कार्य तेजी से किया जा रहा है।

वहीं गढ़वा जिला नगर परिषद क्षेत्र के 18 घाटों पर छठ व्रतियों के लिए रंग बिरंगी लाइट कपड़े बदलने व स्नान करने के लिए झरना की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसमें वार्ड नंबर 16 के बाईपास रोड दानरो नदी फ्रेंड्स क्लब छठ घाट वार्ड नंबर 17, स्टूडेंट क्लब छठ घाट वार्ड नंबर 18 के दानरो नदी टंडवा जय देवी संघ, वार्ड नंबर 15 के राखी मोहल्ला टी ग्रुप छठ घाट, वार्ड नंबर 21 के भागलपुर मोहल्ला, दानरो नदी टंडवा जागृति क्लब छठ घाट, वार्ड नंबर 14 के पीएचडी सहिजना छठ सेवा समिति छठ घाट, वार्ड नंबर 14 के सहिजना सूर्यांश क्लब छठ घाट आदि शामिल हैं।

वहीं गढ़वा जिला प्रशासन एसडीओ राज महेश्वरम ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ गढ़वा जिले में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, लोग दूर-दराज से भी आकर जिले में छठ पर्व मनाते हैं। यहां छठ कर रही छठ व्रतियों के लिए जिला प्रशासन की ओर से निगरानी टीम के द्वारा विशेष सुविधा मुहैया करायी जाएगी। साथ ही रात्रि के मेले में किसी तरह की भगदड़ असामाजिक तत्व के लोगों द्वारा ना फैले इसकी भी विशेष निगरानी जिला प्रशासन के द्वारा की जाएगी। जगह जगह पर पुलिस प्रशासन तैनात रहेगा। यदि किसी तरह की अप्रिय घटना घटती है तो उससे निपटने के लिए जिला प्रशासन तैयार है।

## बिजली करंट की चपेट में आने से दो की मौत

**मंत्री मिथिलेश ने सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली एवं सांत्वना दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला चिनिया थाना क्षेत्र के राज बांसगांव बिलेतीखेर पंचायत में बिजली की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतक चिनिया थाना क्षेत्र के राज बांस गांव निवासी राम अवतार यादव 50 वर्ष एवं राम प्रकाश साव 40 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि राम अवतार यादव अपने सरसों की खेत पटाने के लिए मोटर के तार को मीटर में लगे तार से जोड़ रहा था, इसी दौरान उसे करंट लग गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने दोनों को गंभीर स्थिति में घटनास्थल से उठाकर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली एवं परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा जो प्रावधान है उसके अनुसार पांच लाख रुपये की राशि मृतक के परिजनों को दी जाएगी। इस दौरान मंत्री ने बिजली विभाग के एक्जक्यूटिव को बुलाकर मुआवजा का 5 लाख रुपये की राशि उसे जल्द से जल्द मृतक के परिजनों को भुगतान करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार को मृतक का अंत्य परीक्षण कराकर उसे मोक्ष वाहन के द्वारा मृतक के घर तक पहुंचवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा सदर अस्पताल पहुंचने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा की महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजली गुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सूरज कुमार गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग के सांसद प्रतिनिधि संजय कुमार दुबे, शिवकुमार दूदून आदि लोग उपस्थित थे।

## डायन बिसाही को लेकर मारपीट मामले में ओझा गिरफ्तार

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां गांव के सखुईयाखाला टोले पर बीते दिनों डायन बिसाही के मामले को लेकर मारपीट करने की घटना घटित हुई थी। जिसमें राजकुमार बैठा पिता झरी बैठा घायल हो गया था। इस घटना को लेकर राजकुमार ने हरिहरपुर ओपी में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसके आलोक में सखुईयाखाला टोला निवासी भरदुल बैठा उम्र 45 वर्ष पिता स्व. हरि बैठा को हरिहरपुर पुलिस ने शुक्रवार को डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि भरदुल बैठा कई वर्षों से गांव में ओझा गुनी का कार्य करता था तथा इसके इशारे पर कई घरों के बीच अक्सर मारपीट की घटनाएं घटती रहती थीं। जिसकी शिकायत क्षेत्र से मिल रही थी।

## टेम्पू व बाइक की टक्कर में एक महिला की मौत, पांच घायल

**एक घायल युवक की स्थिति गंभीर, रिम्स रेफर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रंका-अंबिकापुर मार्ग पर सदर थाना क्षेत्र के ओबरा गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर में आटो व बाइक की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। मृतका सुनीता देवी 30 वर्ष पति राजनंदन राम सदर थाना क्षेत्र के नगर परिषद अंतर्गत सोनपुरवा मोहल्ला की रहनेवाली थी। जबकि घायलों में कांडी थाना क्षेत्र के भरत पहाड़ी गांव की बरती कुंवर, गढ़वा थाना क्षेत्र के सोनपुरवा मोहल्ला की कालिंदा देवी पति नंदलाल राम, गढ़वा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव निवासी निकेश कुमार सिंह पिता सत्येंद्र सिंह, दिनेश कुमार सिंह पिता संजय सिंह व पिंटू कुमार प्रजापति पिता मिथिलेश प्रजापति शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया था। इनमें पिंटू कुमार प्रजापति को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। जबकि अन्य सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार सुनीता देवी, बरती कुंवर व कालिंदा देवी गढ़वा थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव स्थित सालोम चर्च में गये थे। चर्च में प्रार्थना में भाग लेने के बाद आटो से तीनों महिलाएं गढ़वा लौट रही थीं। बताया गया कि आटो में आठ लोग सवार थे। इस दौरान ओबरा गांव में विपरीत दिशा से आ रही एक ही मोटरसाइकिल पर सवार निकेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह व पिंटू कुमार प्रजापति ने आटो में टक्कर मार दी। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने परीक्षण कर सुनीता देवी को मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर गढ़वा थाना पुलिस ने उसके शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया।

## जेएमएम नेता अयूब मंसूरी हत्याकांड मामले में छत्तीसगढ़ से दो गिरफ्तार, एक फरार

**झामुमो नेता सह मुखिया पति अयूब मंसूरी की चिनिया थाना के बगल में अज्ञात अपराधियों ने 20 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो नेता अयूब मंसूरी हत्याकांड मामले में छत्तीसगढ़ राज्य के बलरामपुर जिला के चांदो थाना क्षेत्र अंतर्गत कंदरी गांव से पुलिस ने दो हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि अयूब मंसूरी झामुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य थे और मुखिया पति अयूब मंसूरी को चिनिया थाना के बगल में अज्ञात अपराधियों ने 20 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी थी। अपराधी पुलिस से बचने की फिराक में झारखंड छोड़ छत्तीसगढ़ में शरण लेना चाह रहे थे। अपराधी सूरजपुर, बोरियों थाना अंतर्गत ग्राम पंचायतआरा में छुपते चल रहे थे। लेकिन गढ़वा पुलिस के द्वारा कॉल ट्रेसिंग किया जा रहा था।

कॉल ट्रेसिंग में पता चला कि चांदो थाना के ग्राम पंचायत कंदरी में अयूब मंसूरी के अपराधी छुपे हैं। तत्पश्चात झारखंड पुलिस ने छत्तीसगढ़ के चांदो थाना पुलिस को इसकी सूचना दी और सूचना पाकर चांदो थाना प्रभारी विजय कैवर्त ने तत्काल टीम गठित कर मौके पर पहुंच दो अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक अपराधी भागने में सफल रहा है। बताया जाता है कि गिरफ्तार अपराधी सद्दाम खान पूर्व में यूपी में भी कई मामले में संलग्न रह चुका है। उसके ऊपर यूपी पुलिस ने सद्दाम खान को देखते ही गोली मारने का फरमान जारी कर दिया है। सद्दाम खान यूपी छोड़ झारखंड के पिपरा में शरण लिया था और झारखंड में रह कर घटना को अंजाम देता था। गिरफ्तार कर दो अपराधियों एवं एक बोलेरो वाहन के साथ उक्त अपराधियों के गिरफ्तार होने की सूचना है।

## अवैध महुआ शराब निर्माण के खिलाफ ओपी पुलिस ने की कार्रवाई

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के घुटुरुआ व मेरौनी गांव में चल रहे अवैध महुआ शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक 100 किग्रा जावा महुआ नष्ट कर दिया। ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में घुटुरुआ के संतु चौधरी के घर में से 50 किग्रा जावा महुआ नष्ट किया गया। पिछले कई दिनों से बन रहे अवैध महुआ शराब भठ्ठी को भी ध्वस्त कर दिया। घरवालों को हिदायत देते हुए ओपी प्रभारी ने कहा कि अगली बार से शराब बनाते पकड़े जाने पर कानूनी करवाई की जाएगी।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(जिला खेल शाखा)**
दूरभाष : ............... Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

सूचना

**Fit India Freedom Run 3.0 के अन्तर्गत Run/Walk Events का आयोजन दिनांक 29.10.2022 को प्रातः 7.00 बजे से रामगढ़ जिला के ऐतिहासिक स्थल मायाटुंगरी (पहाडी मंदिर), कांकेबार से जिला खेल कार्यालय, (अनुमण्डल परिसर) रामगढ़ तक।**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के D.O. NO. KI/FIT INDIA/FREEDOM RUN/2022 दिनांक 20.09.2022 एवं निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची 445 दिनांक 20.10.2022 के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव (AKAM) के तहत रामगढ़ जिला अन्तर्गत Fit India Freedom Run 3.0 के तहत Run/Walk Events का आयोजन दिनांक 29.10.2022 को प्रातः 7.00 बजे से ऐतिहासिक स्थल मायाटुंगरी (पहाडी मंदिर), कांकेबार से जिला खेल कार्यालय, (अनुमण्डल परिसर) रामगढ़ तक आयोजन किया जा रहा है।

जिसका थीम –"आजादी के 75 साल फिटनेस रहे बेमिसाल"

उक्त प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ का सम्पर्क मो0 नं0– 8709816456, 8521422407 से अधिक जानकारी हेत सम्पर्क कर सकते है।

ह०/–
जिला खेलपदाधिकारी,रामगढ़
PR 280966 District(22-23).D



**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

शुद्धि पत्र

पी0 आर0 संख्या – 279708 द्वारा विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित **Chainpur Block Remaining VillagesCoverage Rural Water Supply Scheme** के ई0 निविदा में निम्न प्रकार से शुद्धि पत्र प्रकाशित की जाती है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 09.11.2022, 04.00 बजे अपराहन तक। |
| 2 | प्री बीड मीटिंग की तिथि :– | 14.11.2022, 01.00 अपराहन में अभियन्ता प्रमुख, का कार्यालय, नेपाल हाउस, राँची |
| 3 | बीड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 22.11.2022, 5.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अन्तिम तिथि, समय एवं स्थान :– | 23.11.2022, 5.00 बजे अपराहन तक, (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला के कार्यालय में (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला के कार्यालय में (3) क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र राँची के कार्यालय में |
| 5 | निविदा के तकनीकी बीडों के खोलने की तिथि एवं समय :– | 24.11.2022, 12.00 बजे अपराहन से |

निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
PR.NO.280958 Drinking Water and Sanitation(22-23):D


## तैयारी : छठ महापर्व को लेकर सूर्य मंदिर परिसर की साफ-सफाई पूरी

# सूर्यनारायण मंदिर परिसर में छठ करने झारखंड समेत अन्य राज्यों से आते हैं श्रद्धालु

**आगंतुक श्रद्धालुओं की सेवा करने के लिए 100 वोलेंटियर नियुक्त किये गये हैं**

रविकांत चंद्रवंशी



**केतार।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के लिए भगवान भास्कर नगरी स्थित सूर्य नारायण मंदिर परिसर की साफ-सफाई पूर्ण हो चुकी है। सूर्य मंदिर परिसर में जलकुंड एवं शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। इस बार प्रशासन के दिशा निर्देश की वजह से पार्किंग व्यवस्था मंदिर से एक किलोमीटर दूर रखी गयी है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से पहली बार डीएसपी के निर्देश पर सूर्य नारायण मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरा का व्यवस्था की गयी है। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस बार काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होने की अनुमान है। इस वजह से मंदिर परिसर की साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था पहले ही कर दी गयी है। मेला परिसर में सुरक्षा, स्वास्थ्य, पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुक श्रद्धालुओं की सेवा करने के लिए 100 वोलेंटियर नियुक्त किए गए हैं। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने दल बल के साथ प्रत्येक दिन सूर्य नारायण मंदिर परिसर की अवलोकन करते है ।

**सूर्य नारायण की उत्पत्ति :** भगवान भास्कर नगरी में सूर्यनारायण प्रसिद्ध हं। यहां साक्षात उदयीमान सूर्य की आकृति का एक पत्थर है जो सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय पूरा मंदिर में लालिमा छा जाती है। इस समय यहां बहुत ही आकर्षक दृश्य देखने को मिलता है। यह देवस्थल गढ़वा जिला के बंशीधर नगर एनएच 75 से 35 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। यहां आने के लिए बंशीधर नगर से 27 किलोमीटर उत्तर दिशा में केतार आकर मुकुंदपुर गांव के दक्षिण दिशा में तीन ओर घिरी पहाड़ी वादियों में बसा हुआ है। केतार प्रखंड के मुकुंदपुर अवस्थित सूर्य मंदिर सैकड़ों वर्ष से छठ महापर्व के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। छठ महापर्व के अवसर पर झारखंड समेत बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश सहित देश के अन्य हिस्सों से हजारों हजार की संख्या में छठ व्रती यहां पंहुच अनुष्ठान को संपन्न करते हैं।

छठ महापर्व के दौरान तीन दिवसीय मेले को लेकर कमेटी एक पखवाड़ा पूर्व से ही छठ व्रतियों की सुविधाओं के लिए जी तोड़ मेहनत शुरू कर देती है।

ऐसी मान्यता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व सिंहपुर गांव में कृष्णा नंद ब्रह्मचारी यज्ञ करा रहे थे। उसी समय रात्रि में ब्रह्मचारी जी ने स्वप्न देखा। सुबह में उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि मुकुंदपुर स्थित भुतगड़वा में सूर्य भगवान भूमि के नीचे दबे हुए हैं। ग्रामीणों के सहयोग से बाजे गाजे के साथ उस स्थान पर कृष्णा नंद जी पहुंचे और जमीन की खोदाई करायी। इसी दौरान लाल रंग का एक पत्थर मिला। जिस पर उदीयमान सूर्य की आकृति झलक रही थी। ग्रामीणों के सहयोग से ब्रह्मचारी जी ने यज्ञ कर यहां छोटा सा मंदिर बनवाकर भगवान भास्कर की स्थापना की। इसके बाद इस स्थान का नाम बदल कर भुतगड़वा से नारायण वन कर दिया गया। इसी समय से श्रद्धालु यहां छठ व्रत करने लगे। अब मंदिर को कार सेवा एवं दान से भव्य रूप दिया जा रहा है। मान्यता है कि यहां श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी होती है।


**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।**

शुद्धि पत्र

पी0 आर0 संख्या – 279717 द्वारा विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित **Raidih Block Full Coverage Rural Water Supply Scheme** के ई0 निविदा में निम्न प्रकार से शुद्धि पत्र प्रकाशित की जाती है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 09.11.2022, 04.00 बजे अपराहन तक। |
| 2 | प्री बीड मीटिंग की तिथि :– | 14.11.2022, 01.00 अपराहन में अभियन्ता प्रमुख, का कार्यालय, नेपाल हाउस, राँची |
| 3 | बीड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 22.11.2022, 5.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अन्तिम तिथि, समय एवं स्थान :– | 23.11.2022, 5.00 बजे अपराहन तक, (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला के कार्यालय में (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला के कार्यालय में (3) क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र राँची के कार्यालय में |
| 5 | निविदा के तकनीकी बीडों के खोलने की तिथि एवं समय :– | 24.11.2022, 12.00 बजे अपराहन से |

निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
PR 280964 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

## खूंटी, खलारी और पिपरवार कोयलांचल समेत आसपास के क्षेत्रों में छठ पूजा की धूम

# नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ शुरू, खरना आज

आजाद सिपाही टीम



खूंटी, खलारी और पिपरवार में शुक्रवार को नहाय खान के दिन दाल-भात व कद्दु की सब्जि आदि का प्रसाद ग्रहण करती छठ ब्रतियां व परिवार के सदस्य।

**खूंटी/खलारी/पिपरवार।** नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा शुरू हो गया। व्रतियों ने पूर्ण शुद्धता के साथ कदू भात का प्रसाद ग्रहण किया। जिला मुख्यालय के राजा तालाब, साहू तालाब और चौधरी तालाब के अलावा अन्य छठ घाटों की साफ-सफाई का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। प्रशासन के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा छठ घाटों की सफाई की गयी। शनिवार को खरना होगा और रविवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्ध्य दिया जाएगा। सोमवार को उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व छठ का समापन होगा। उधर, तोरपा में सामूहिक रूप से छाता नदी स्थित घाट पर व्रती व श्रद्धालु भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अपर्ण करते हैं। छठ घाट पर श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी। फ्रेंड्स क्लब के बनैर तले स्थानीय युवा प्रत्येक वर्ष छठ घाट की साफ सफाई से लेकर रोशनी की व्यवस्था करते हैं। क्लब के सदस्य दीपक तिग्गा, सावन महतो, प्रणय जायसवाल, विक्की, सोनु, भानु ने बताया कि इस वर्ष छठ घाट पर सूर्यदेव की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। रविवार को शाम में नदी के तट पर महाआरती की जायेगी। छठ घाट की सफाई, बिजली की समूचित व्यवस्था, घाट में महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, छठ घाट पहुंचने वाले मार्ग को दुरुस्त किया जा रहा है। क्लब की ओर से प्रसाद व दूध का भी वितरण किया जायेगा।

### खलारी में कद्दू-भात खाकर शुरू हुई पर्व की तैयारी

लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। इस महापर्व के पहले दिन व्रतियां नहा धोकर स्वच्छता से शुद्ध चूल्हे पर अरवा चावल, चना दाल और लौकी की सब्जी बनाईं। भगवान भास्कर को भोग लगाने के बाद छठव्रतियों ने खुद प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही परिजनों और आसपड़ोस के बीच भी बांटा गया। नेम निष्ठा से गेहूं की सफाई की गई। जिन व्रतियों के आसपास जांता उपलब्ध था, वे जांता में ही गेहूं पिसी। प्रसाद बनाने के लिए व्रतियों के परिजन आम की लकड़ी एकत्रित किये। इधर खरना के दिन बनाए जाने वाले खीर प्रसाद के लिए दुध की मांग भी बढी है। कई लोगों ने दूध के लिए अग्रिम बुकिंग भी करा रखी है। वहीं सभी छठ घाटों की साफ-सफाई व तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूरा खलारी कोयलांचल छठमय गीतों से गुंज रहा है। दूसरी ओर, **सीसीएल पिपरवार** कोयलांचल और आस पास के ग्रामीण इलाकों में भी नहाय खाय के साथ सूर्य उपासना का महापर्व छठ प्रारंभ हो गया है। सबसे कठिन माने जाने वाले इस महापर्व के पहले दिन व्रतियों द्वारा घर की पूरी सफाई करते हुए स्नान कर लौकी और चना की दाल की सब्जी के साथ अरवा चावल का भात, दाल का भोजन किया। शनिवार को खरना का महाप्रसाद बनता है, जिसमें व्रतियों द्वारा विधि विधान से पूजा करने के बाद प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का कठिन उपवास शुरू होता है। खरना के महाप्रसाद का बड़ा महत्व माना जाता है। इस दिन श्रद्धालुओं द्वारा घूम-घूमकर छठ व्रतियों के घर जाकर महाप्रसाद ग्रहण किया जाता है। तीसरे दिन शाम को व्रतियों द्वारा नदी घाटों पर जाकर अस्ताचल गामी भगवान भास्कर हो अर्ध्य दिया जाता है। चौथे दिन पुनः सुबह घाट पर व्रतियों द्वारा उगते सूर्य को अर्ध्य देकर परिवार की सुख शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य के लिए सर्वमनोकामना की जाती है। इधर, बचरा सपही नदी स्थित छठ घाट की साफ सफाई कराई गई। स्थानीय सीसीएल प्रबंधन के अलावे कई पंचायत प्रतिनिधि और समाजसेवी के द्वारा छठ घाट की साफ सफाई की गई।

## सिल्ली में नहाय खाय के साथ महापर्व छठ शुरू

**सिल्ली/राहे (आजाद सिपाही)।** सिल्ली व आसपास क्षेत्रों में शुक्रवार से लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। महापर्व छठ के प्रथम दिन प्रातः व्रती नदियों के घाटों व तालाबों किनारे पहुंच स्नान एवं सूर्य उपासना के साथ नहाय खाय की रस्म पूरी की। इस दौरान व्रतियों ने अरवा चावल का भात, चने की दाल, कद्दू की सब्जी का भोग लगाया। सूर्य उपासना के इस पावन पर्व पर नहाय खाय के बाद शनिवार को निर्जला उपवास रखकर खरना किया जाएगा। खरना में दूध, अरवा चावल व गुड़ से बनी खीर एवं रोटी का भोग लगाया जाता है। खरना के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा जो कि रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ पूरा होगा। दूसरी ओर, राहे में भी लोक आस्था महापर्व छठ नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। महापर्व छठ के प्रथम दिन प्रातः व्रती नदियों के घाटों व तालाबों किनारे पहुंच स्नान एवं सूर्य उपासना के साथ नहाय खाय की रस्म पूरी की। शनिवार को निर्जला उपवास रखकर खरना किया जाएगा। खरना में दूध, अरवा चावल व गुड़ से बनी खीर एवं रोटी का भोग लगाया जाता है। खरना के बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा जो कि रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण के साथ पूरा होगा। राहे और दुलमी गांव में पर्व को उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

## खलारी सीओ व थाना प्रभारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, पूजा समितियों को दिये कई दिशा निर्देश



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य एवं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम की ओर से खलारी क्षेत्र के छठ घाटों का शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। क्षेत्र के मोहननगर सीएचपी छठ घाट, एसीसी छठ घाट, मानकी सपही नदी छठ घाट, चूरी छठ घाट, सुभाष नगर दामोदर नदी छठ घाट, राय छठ घाट सहित अन्य जगहों पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा समितियों से उनकी तैयारियों को लेकर जानकारी ली। साथ ही दोनों अधिकारियों ने छठ घाट स्थल पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं छठ व्रतियों की सुविधाओं को लेकर पूजा समितियों को कई विषेश दिशा निर्देश दिए। वहीं छठ घाटो पर छठ व्रतियों-श्रद्धालुओं के आने की सुरक्षा को लेकर भी निर्देश दिया।

## सोनाहातू में हत्या के आरोपी को भेजा जेल

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू बाजारटांड़ कटहल टोली निवासी 15 वर्षीय अमित महतो को जला कर हत्या करने के आरोपी परमेश्वर दास और संजय दास को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों 10 अप्रैल को कांड संख्या 21 की धारा 302/201 के प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त है। बतातें चलें कि 10 अप्रैल को अमित का जला अवशेष झाड़ियों में मिला था।

## पांडुडीह कला संस्कृति दल को विधायक ने दिया वाद्य यंत्र

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** कला संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये विधायक सुदेश महतो ने प्रखंड के बरेन्दा पंचायत के पांडुडीह कला संस्कृति दल को वाध्य यंत्र (ढोल व नगाड़ा ) सौंपे। विधानसभा कार्यालय में एक सादे समारोह में वाध्य यंत्र दिये। मौके पर अनगड़ा पूर्वी जिप सदस्य राजेन्द्र साही मुंडा, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक,पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, सुकुमार महतो, जिला उपाध्यक्ष विकास महतो आदि उपस्थित थे।

## गाड़ाडीह गांव में हाथियों ने धान की फसल को रौंदा

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दुलमी पंचायत के गाड़ाडीह गांव में गुरुवार की रात जंगली हाथियों ने धान की फसल खाने के बाद उसे रौंद कर नष्ट कर दिया। किसान मृत्युंजय महतो, जागरू महतो, लालटू महतो, बंका राम महतो, फूल महतो, प्रदीप महतो, दिलीप महतो, तरुण महतो, तापस महतो और शिष्टिधर महतो के 10 एकड़ में लगे धान को नष्ट किया गया। वहीं, राढू नदी आसपास दिन में हाथी घूमते देखे गये।

## मुखिया ने किया आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रड़गांव पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आधार पंजीकरण केंद्र का उद्घाटन मुखिया दुर्गा उराव ने किया। मौके पर मो शहजाद, संतोष गुप्ता व वार्ड सदस्य फुलन्दर शीतला देवी आदि मौजूद थे।

# अर्जुन मुंडा ने किया खूंटी के छठ घाटों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को खूंटी के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान सहित अन्य प्रशानिक अधिकारियों को निर्देश दिये। केंद्रीय मंत्री ने जिला मुख्यालय के राजा तालाब, साहू तालाब और चौधरी तालाब का निरीक्षण कर साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, वरीय अधिवक्ता लाल रूपेंद्र नाथ शाहदेव, अश्विनी कुमार मिश्र, बालमुकुद कश्यप, ज्योतिष ड्डागत, सुनील कुमार मिश्र, राजू गुप्ता आदि थे।

# तैयारियों में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** विधायक कोचे मुंडा ने शुक्रवार को तोरपा के छाता नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट में व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुंविधा के लिए की गयी व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिये। विधायक ने फ्रेंड्स क्लब तोरपा द्वारा छठ महापर्व को लेकर की जा रही तैयारियों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया। कहा कि तैयारियों में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मौके पर सीओ सचिदानंद वर्मा, बीडीओ दयानंद करजी, इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, थाना प्रभारी सत्यजीत सिंह, विनोद भगत भगीरथ राय, एवं फ्रेंड्स क्लब तोरपा के सदस्य दीपक तिग्गाए अड्डिषेक राय, टुनटुन साहू, विक्की, सावन, सन्नी, भोला यहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोहराई जतरा हमारी विरासत, इसे अक्षुण्ण रखें: नीलकंठ मुंडा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरही पंचायत के हुरलूंग ग्राम में काली पूजा सह सोहराई मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी के विधायक और पूर्व ग्राम विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित थे। जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस तरह के मेला का आयोजन बहुत प्राचीन समय से होता आ रहा है। यह हमारी विरासत है। इसी से हमारी पहचान है। इस तरह की परंपरा को अक्षुण्ण बनाये रखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैलाश राम, बिनोद नाग, सुरेश जायसवाल, लव चौधरी, जनार्दन मिश्रा, मदन गोप, दीपक राम, पंकज कुमार, नीलू पहान, देवानंद मुंडा आदि उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण से संबंधित आध्यात्मिक शक्ति का प्रचार करें : ब्रह्मचारी गोविंद दास



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन नामहट के तत्वावधान में शुक्रवार को भागवत कथा का आयोजन इस्कॉन केंद्र में किया गय। मुख्य प्रवचनकर्ता स्लोवेनिया देश से आए यूरोपियन ब्रह्मचारी गोविंद दास प्रभु व्यास आसन पर विराजमान हुए। केंद्र के अध्यक्ष शुकामृत दास ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। प्रवचन करते हुए ब्रह्मचारी जी ने कहा कि भारत भूमि में जिनका भी जन्म हुआ है, वह बहुत ही भाग्यशाली है। हर एक व्यक्ति का कर्तव्य है वह अपना जन्म सार्थक कर दूसरों का परोपकार करे। लोगों के बीच श्रीकृष्ण से संबंधित आध्यात्मिक शक्ति का प्रचार करें। श्रीकृष्ण चौतन्य महाप्रभु की आज्ञा अनुसार सब गुरु बन जाएं और जहां भी हैं वैदिक ज्ञान का प्रचार प्रसार करें, यही अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावना मृत संघ का उद्देश्य है।

## सरदुल्ला का प्रसिद्ध पड़हा जतरा आज

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड की बमरजा पंचायत के सरदुल्ला गांव में प्रत्येक वर्ष लगने वाला पाड़हा जतरा शनिवार को लगाया जाएगा। बमरजा पंचायत मुखिया अनूप कुजूर ने बताया कि पड़हा जतरा में विभिन्न गांवों से खोडहा द्वारा जतरा में झंडा लेकर आदिवासी परिधानों के साथ आयेंगे और मांदर की थाप में नृत्य करेंगे। खुंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा इस जतरा में मुख्य अतिथि होंगे। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा अपराह्न एक बजे जतरा स्थल पहुंचेंगे।

## बेंती में सोहराई जतरा महोत्सव का आयोजन

# संस्कृति ही हमारी पहचान : कनुप्रिया

आजाद सिपाही संवाददाता



जतरा मेला का उद्घाटन करते अतिथिगण।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव में शुक्रवार को सोहराय जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी और विशिष्ट अतिथि मे पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया, रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि पर्व-त्योहार और मेला हमारी संस्कृति की पहचान है। आज भी इसे उत्साह के साथ मनाया जाता है। पूर्वजों के समय से चलते आ रहे इस तरह के आयोजन आगे भी जारी रखने का आह्वान किया। इससे पूर्व गांव के पाहन की ओर से सोहराय जतरा खूंटा में विधिवत पूजा किया गया। इस मौके पर पारम्परिक रूप से खोडहा नृत्य प्रस्तुत किया गया। रात्री में नागपुरी ऑरकेस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला में खेल खिलौना, मिठाई, ईख, की खूब बिक्री हुई। आस पास के इलाकों से लोगों की काफी भीड़ मेला में पहुंची और खरीदारी की। इस मौके पर स्थानीय बच्चों की ओर से कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष हरिनारायण गंझू, रचित गंझू, उपमुखिया किरण देवी, छोटू गंझू, समाजसेवी रोहन गंझू, धनेश्वर गंझू,करण महतो,प्रेम ठाकुर, रामबालक गंझू, दिलीप गंझु, मनु केशरी, आदित्य केशरी, सिकेन्द्र प्रजापति आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मोहननगर में छठ घाट पर होगा भक्ति जागरण का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मोहननगर छठ पूजा समिति की ओर से मोहननगर सीएचपी छठ घाट पर लगभग सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। समिति की ओर से छठ घाट की सफाई कार्य किया जा रहा है। समिति के कृष्णा चौहान ने बताया कि रविवार को संध्या अर्ध्य के बाद छठघाट पर ही समिति की ओर से छठ व्रतियों एवं उनके परिजनों के रूकने के लिए टेंट और लाईट की व्यवस्था की गयी। साथ ही छठ घाट पर छठ व्रतियों के बीच पूजा समिति की ओर से फल, अगरबत्ती का वितरण भी किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि रविवार को रात में छठघाट पर भक्ति जागरण व भक्ति झांकी का आयोजन किया गया है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भक्ति जागरण में शामिल होने को कहा। इधर मोहननगर सीएचपी छठ घाट का शुक्रवार को खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य एवं खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने निरीक्षण किया। उन्होंने मोहननगर छठ पूजा समिति को शांतिपूर्ण छठ पर्व सम्पन्न कराने को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर आयोजन सममित के नंदलाल चौहान, शैलेंद्र शर्मा, असर्फी राम, रामबली चौहान, अवधेश प्रसाद, जगदीश चौहान, लक्ष्मण शर्मा, बुटन चौहान, मुन्नु शर्मा, रमेश चौहान, सुरेंद्र चौहान, अरुण चौहान, भरत चौहान, सोनू चौहान, पंकज चौहान, रवि सिंह, दीपक सिंह, श्रीकांत, सूरज, धीरज, आशीष चौहान, दीपक, रितेश, कृष, बॉबी, रवि, चंदू, गोलू, सौरभ, पीयूष, सुधीर चौहान, अजय चौहान आदि उपस्थित थे।

### केडी साइडिंग लंबा धौड़ा छठ पूजा समिति त्योहार की तैयारी को दे रही अंतिम रूप



**डकरा (आजाद सिपाही)।** केडी साइडिंग लम्बा धौड़ा छठपूजा समिति की ओर से छठ पर्व को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रविवार को लम्बा धौड़ा स्थित छठ पूजा स्थल पर समिति के सदस्यों द्वारा साफ सफाई किया गया। वहीं छठ व्रतियों की सुविधा के लिए छठ पूजा स्थल तक आने वाले मार्ग को दुरूस्त किया गया। साथ ही छठ व्रतियों को अरग देने के लिए अस्थाई रूप से तलाब का निर्माण किया गया। केडी साइडिंग लम्बा धौडा छठ पूजा समिति के द्वारा हर वर्ष छठ पर्व को लेकर छठ व्रतियां एवं छठ स्थल पंहुचने वाले लोगों के सुगमता और सुविधा के लिए छठ पूजा स्थल एवं इसके आसपास के जगहों में साफ.सफाई आपसी सहयोग से कराया जाता है। छठ पूजा स्थल को आर्षक विद्युत रौशनी से सजाया जा रहा है। पूजा समिति के श्यामजी महतो ने बताया कि छठ पर्व के पहले अर्घ्य के दिन रात 9 बजे से भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। वहीं 31 अक्टूबर सुबह में खीर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। श्यामजी महतो ने साफ सफाई में सहयोग करने के लिए प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, मजदूर नेता अब्दुल्लाह अंसारी, चुरी मध्य पंचायत मुखिया सुनीता देवी, मुखिया पतनिधि राजकुमार उरांव, रैयत विस्थापित मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता का विशेष आभार प्रकट किया। इस दौरान आनन्द कुमार, सत्येन्द्र कुमार, संतोष सिंह, अमित लोहरा, दीपक कुमार, नागेष्वर उरांव, अखिलेश महतो, सोने कुमार, महेंद्र पटेल, पिन्टु पटेल, राजेन्द्र सिंह गंझू, सुनील महतो, अजय महतो, जीवन रजवार, राजकुमार नोनिया, दीलिप चैधरी, कार्तिक खंडित, सुरज कुमार, मुकेश चौधरी, नागेष्वर मुंडा, यूरोप चौहान, बादल उरांव सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### मोहननगर साप्ताहिक हाट में सूप 120 से 150 और दउरा 220 से 350 रुपये बिके



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के मोहननगर में लगने वाले शुक्रवार को साप्ताहिक हाट बाजार में छठ पर्व को लेकर लोगों को सूप, दउरा, फल, आदि समानों के खरीददारी करते देखा गया। बाजार में सूप-दउरा की खूब बिक्री हुई। बाजार में सूप 120 से 150 रूपए, दउरा की कीमत 220 से 350 रूपए थी। इसके अलावा केला कांदी 450 रुपए से शुरू था। सेब 750 रुपए पेटी, सरीफा 80 रुपए प्रति किलो, सिंघाड़ा 120 प्रति किलो, ईख 30 प्रति पीस के अलावा पूजन सामग्री में सुखा नारियल 20 रुपए प्रति नग, छोहड़ा 250 रुपए किलो, किसमिस 250 रुपए किलो बिका।

### सीओ और थाना प्रभारी ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** लौंकेल छठ घाट का निरीक्षण करने शुक्रवार को अंचलाधिकारी बैद्यनाथ कामती, कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एसआई रंजीत यादव पहुंचे। सीओ ने कहा कि छठ घाट की जेसीबी से सफाई करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों को किसी तरह का दिक्कत नहीं होगी। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों के सहयोग से छठ घाट में प्रकाश और टेंट की व्यवस्था की जायेगी। मौके पर बिष्णु प्रसाद सोनी, पवन साव, लाल्ला, रवि महतो, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

### जनसंघ काल के भाजपा कार्यकर्ता मनोहर भगत का निधन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जनसंघ काल से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे मुरहू निवासी मनोहर भगत का गुरुवार को निधन हो गया। उनके असामयिक निधन पर खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने गहरी संेदना व्यक्त की है। राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री मुंडा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके असामयिक निधन से उन्हें व्यक्तिगत और भाजपा को बहुत बड़ी क्षति हुई है। भगवान उन्हें श्री चरणों में स्थान दें।

### वनवासी कल्याण केंद्र की खूंटी नगर समिति का पुनर्गठन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** संघ कार्यालय में वनवासी कल्याण केंद्र के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक में नगर समिति कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। नगर समिति को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। मौके पर नगर समिति का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। नगर समिति में संरक्षक रूपेश जायसवाल, अध्यक्ष जयप्रकाश ड्डागत, उपाध्यक्ष अरिंदम दास और सुकरा मुंडा, सचिव रमेश राम, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता और सह कोषाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता को बनाया गया है। इनके अलावा अंशुमन मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, सुरेश मुंडा, राजेश कुमार, राजू गुप्ता, शंकर लोहरा, सुरेश महतो और अमूल्य पांडे को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। उक्त जानकारी मुसाफिर विश्वकर्मा ने दी।

## नहाय खाय के साथ छठ महापर्व पर नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में उत्साह का माहौल



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नहाय खाय के साथ नगड़ी प्रखंड के आसपास क्षेत्र नगड़ी, देवरी, नारो, चिपरा, सपारोम, साहेर, कुदलोंग, बलालोंग, दक्षिणी टूण्डूल, उत्तरी टूण्डूल, एडचोरो, लालगुटवा, चेटे में चार दिवसीय छठ महापर्व आरंभ हो गया। नहाय खाय के पूर्व छठ व्रती स्थानीय तालाबों और नदियों के तट पर स्नान कर सूर्य भगवान को नमन किये, फिर दोपहर में चावल, कदू और चना दाल बनाकर छठी मइया का भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण कर सभी लोगों को भोजन कराया। कल शनिवार को शाम खरना किया जाएगा। इससे पूर्व स्थानीय समाजिक संस्थाओं तथा छठव्रती के परिजनों ने मिलकर छठ तालाबों की साफ सफाई की।

## विधायक ने इटकी प्रखंड के मुख्य केसरी नया तालाब छठ घाट का किया निरीक्षण

**इटकी (आजाद सिपाही)।** नहाय खाय के साथ ही क्षेत्र में चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार से शुरू हो गया। पर्व को लेकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने इटकी के मुख्य केसरी नया तालाब के छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने बीडीओ गौतम प्रसाद साहू को व्रतधारियों के लिये घाटों की सफाई सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक के साथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, उप प्रमुख परवेज राजा, अबू माज, लाला खान, अजित केसरी, विनय उरांव, मनोज केसरी व हाजी अली हसन सहित अन्य शामिल थे।

## लापुंग में छठ घाट का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड में छठ को लेकर तैयारी जोरों पर है। आज नहाय खाय के साथ छठ व्रतियों का 36 घंटे का उपवास शुरू हुआ। छठ घाट की साफ सफाई को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयवीरस लकड़ा ने निरीक्षण किया। उन्होंने ककरिया के कनकी नदी व लालगज के भंगी नदी का निरीक्षण किया। उन्होंने छठ घाट में लाइट, गाड़ी पार्किंग, सड़क व छठ घाट की सफाई व सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात करने की बात कही। छठ घाट की सफाई कल 29 अक्टूबर से करने की बात कही।

## बेड़ो में नहाय-खाय का अनुष्ठान कर व्रतियों ने लिया छठ महाव्रत का संकल्प, खरना आज



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सूर्य उपासना के चारदिवसीय छठ महापर्व की शुरुवात शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में नहाय खाय के साथ महाव्रत का अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। पहले दिन छठ व्रतियों ने अंतःकरण की शुद्धि के लिए जलाशयों में स्नान कर व्रत का संकल्प लिया। जहां व्रतियों ने शुद्धता के साथ सेंधा नमक से बनी चना दाल व कद्दू की सब्जी तथा अरवा चावल का प्रसाद बनाया। पूजा के पश्चात व्रतियों ने छठ व्रत का संकल्प लेकर खुद कद्दू भात का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों व स्वजनों के बीच कद्दू भात के प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं नेम निष्ठा के महापर्व छठ व्रत को लेकर पूरा बेड़ो भक्तिमय हो गया है। छठ पूजा के पारम्परिक गीत चहुंओर गूंज रहे हैं।

## ओरमांझी में नहाय खाय के साथ छठ महा पर्व को लेकर पूरे प्रखंड में बढ़ी चहल-पहल



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व छठ नहाय खाय के साथ शुक्रवार से शुरू हो गया। पूरे प्रखंड में छठ को लेकर विशेष चहल-पहल देखी जा सकती है। ओरमांझी बाजार में भी छठ पर्व को लेकर काफी भीड़भाड़ देखी गई। प्रखंड के लगभग सभी गांव गली महल्ला छठ के पारंपरिक गीतों से गुंजायमान हो रहा है। छठी माई की महिमा सारा संसार जाने ला जैसे पारंपरिक गीत वातावरण में मिठास घोल रहे हैं। छठ व्रतियों के यहां विशेष चहल-पहल देखी गई। सुबह से व्रती घर की साफ सफाई कर नहा धोकर अरवा चावल का भात, चना दाल, लौकी की सब्जी प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने के बाद परिवार के सारे लोगों के द्वारा इस प्रसाद को ग्रहण किया गया।

## सिरका पंचायत के मुखिया अपने खर्चे से करा रहे हैं खराब चापाकलों की मरम्मत



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सिरका पंचायत के मुखिया रोशन लाल मुण्डा ने पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति के लिए सराहनीय कदम उठाया है। मुखिया सूचना प्राप्त होने के तुरंत बाद पंचायत के किसी भी क्षेत्र में खराब पड़े चापाकलों की त्वरित मरम्मति कराने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। मरम्मति का पूरा खर्च मुखिया स्वयं वहन करते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मुखिया रोशनलाल मुंडा ने पंचायत के कई इलाकों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत अपनी देखरेख में करायी। मुखिया की इस पहलकदमी की पंचायत के ग्रामीणों ने सराहना करते हुए कहा कि इनके इस कार्य से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। मौके पर मुखिया ने कहा कि चापाकल मरम्मति के लिए लोगों को विभाग का महीनों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सूचना दो चापाकल बनवाओ की तर्ज पर वे पंचायत के लोगों की हर समस्या का सामाधान के लिए तत्पर हैं। आने वाले दिनों में पंचायत के लोगों की समस्या को लेकर वे इसी तर्ज पर कार्य करने की कोशिश करेंगे ताकि जिस उम्मीद और भरोसे के साथ जनता ने उन्हें मुखिया बनाया है उनके उम्मीदों पर खरा उतर सकूं।

### कार्यक्रम : बदरी आंबाटुंगरी में सोहराई परब पर जतरा सह सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

# अपनी सस्कृति, परंपरा और झारखंड की धरोहर को संरक्षित करने की जरूरत है : आदित्य साहू

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सांस्कृतिक दलों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिकिदिरी।** अनगड़ा प्रखंड अतंर्गत कुच्चू पंचायत के बदरी अम्बाटुंगरी में सोहराई परब के अवसर पर सोहराई जतरा सह पारंपरिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोहराय जतरा का मुख्य अतिथि रांची राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक की धर्मपत्नी रिया तिर्की, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, आजसू जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, आजसू जिला उपाध्यक्ष रामधन बेदिया, समाजसेवी राजेश साहू, सीता लकडा, विपिन टोप्पो, अनगड़ा पूर्वी जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, सुरेंद्र महतो रामानंद बेदिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। जतरा में स्थानीय पहान रामेश्वर बेदिया, दिनेश बेदिया, भूना बेदिया के द्वारा पहाड़ी बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी एवं जतरा का उद्घाटन किया गया। जतरा में बदरी, खभावन, खख्सीटोली, हुण्डरु जारा, हाड़राबेड़ा, कुच्चू, बुटगोड़ा, सिमराटोली आदि दर्जनों गांवों से सांस्कृतिक टीम आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा, ढोल नगाड़े के साथ मेले में शामिल हुई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले सास्कृतिक दल को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार सिमरा टोली के टीम को पांच हजार रुपये नगद राशि, द्वितीय पुरस्कार हुंडरु जारा को तीन हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार में खख्सीटोली के टीम को पच्चीस सौ रुपये एवं पांच गावों की टीमों को एक-एक हजार रुपए सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि अपनी सस्कृति, परम्परा और झारखंड के धरोहर को संरक्षित करने की जरूरत है, तभी हम लोग अपने धरोहर को बचा पायेंगे विशिष्ट अतिथि रिया तिर्की ने कहा कि भाषा, संस्कृति व परंपरा आदिवासियों का पहचान है। इसलिए इसे बचा कर रखने अवशयकता है, ताकि आदिवासी का पहचान बना रहे। मेला का सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष सौहरैया बेदिया, सचिव बालेश्वर बेदिया, कोषाध्यक्ष महेंद्र बेदिया, पंचमी देवी, संतोष बेदिया, शनिचरवा बेदिया, सहदेव बेदिया उपमुखिया संगीता देवी, श्रवण मुखियार, सचिमोहन कुमार, जयशंकर पहान, मुचीराम बेदिया, मन बोध बेदिया, तिलक नाथ बेदिया, बिरसू बेदिया, जोन तिग्गा, सुधेश्वर बेदिया शम्भू लोहरा, सुकरा लोहरा, शिवशंकर बेदिया नंदलाल बेदिया, सोमरा बेदिया का योगदान रहा।

# शिक्षा से ही समाज और महिलाओं का विकास संभव : स्वामी भवेशानंद

**भगिनी निवेदिता के जन्मोत्सव पर प्राकृतिक खेती पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिकिदिरी।** दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची द्वारा प्रस्तावित आदिवासी आदर्श पंचायत नवागढ़ के बरवाटोली में भगिनी निवेदिता जन्म उत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था 'स्थानीय संसाधन अधारित पोषण युक्त खाद्य सुरक्षा एवं प्राकृतिक खेती'। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर असीमा घोष, डोरंडा कॉलेज रांची उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी भवेशानन्द महाराज सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची ने किया व संचालन भगिनी निवेदिता सेवा केन्द्र के सचिव पार्वती कुमारी ने किया।

स्वामी भवेशानन्द ने कहा कि देश के विकास के लिए आम आदमी व महिलाओं का विकास होना जरूरी है। जो कि शिक्षा के द्वारा ही संभव है। उन्होंने भगिनी निवेदिता द्वारा महिलाओं के लिए विद्यालयी शिक्षा, कारीगरी शिक्षा, नैतिक शिक्षा, दिलाने के लिए किए गए प्रयासों के बारे जानकारी दी। असीमा घोष ने अपने संबोधन में वैल्यू शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण की बात कही। दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. विशाखा सिंह ने स्थानीय खाद पोषणयुक्त एवं पोषण थाली की जानकारी दी।

दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक डॉ. अजित कुमार सिंह ने प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ के संबन्ध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपना कर झारखंड प्रदेश पूरे देश व विश्व के सामने रोल मॉडल बन सकता है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि दीपा उरांव प्रमुख अनगड़ा ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं रीना नायक ने मां सारदा की जीवनी नागपुरी भाषा में कही। कार्यक्रम में अखंडानन्द शिक्षा एवं संस्कार केन्द्र के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुति की।

मौके पर स्वामी सुखम्यानन्द जी महराज, ब्रह्मचारी देवात्मचैतन्य महराज, कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार, मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, करमी देवी, गीता देवी, सरीता देवी, सुगन देवी, धुरूप देवी, सोहेब मंडल, चिरंजीवी मण्डल, सोमरा बेदिया, रोहित शाही, तुलसी महतो के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर जरीया गांव के पावरग्रिड के समीप गुरुवार की शाम पांच बजे अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मुस्ताक खान मलिक (40) पिता कुर्बान खान चचकोपी गांव निवासी के रूप में की गई। जिसे राहगीरों व परिजनों ने इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया। उपचार के लिये रांची ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मुस्ताक रांची से अपने गांव चचकोपी स्कूटी न जेएच 01डीआर5240 से लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे चार पहिया वाहन उसे अपनी चपेट में ले लिया। मृतक की पत्नी सजीदा खातून चचकोपी की स्वास्थ्य सहिया है। जिसका रो रोकर बुरा हाल था। मृतक के दो बेटा दो बेटी हैं। इधर घटना की जानकारी मिलते ही कई स्वास्थ्य सहिया अस्पताल पहुंची व मृतक के स्वजनों को सांत्वना दी।

# चान्हो में भारी मात्रा में चोरी का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद



मांडर (आजाद सिपाही)। बीते 18 अक्टूबर को मांडर थाना क्षेत्र के महुआजारी हाई स्कूल से सरकारी उपकरण की चोरी हो गई थी। चोरों ने स्कूल में लगे सभी कंप्यूटर, सीपीयू, कीबोर्ड, वेब कैमरा सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर अपना हाथ साफ किया था। मांडर थाने में स्कूल के शिक्षक ने लिखित शिकायत दर्ज करायी थी। अनुसंधान के उपरांत मांडर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चान्हो थाना क्षेत्र के राजू नगर से सभी सामानों को बरामद कर लिया। यह सभी सामान पुलिस ने 21 वर्षीय रमजान अंसारी के घर से बरामद किए हैं। पुलिस जब अपराधी के घर रेड करने पहुंची तो पुलिस को देखते हुए अपराधी सहित घर के सभी लोग फरार हो गए। पुलिस ने ताला तोड़कर घर की तलाशी ली, जिसमें आठ एलईडी कंप्यूटर, 23 केबल तार, एक स्टेबलाइजर, पांच सेटअप बॉक्स, तीन कीबोर्ड, एक वेब कैमरा सहित कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की बरामदगी की। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि मांडर पुलिस के लिए यह बड़ी कामयाबी है। मांडर पुलिस ने आरोपी की धरपकड़ के लिए छापेमारी तेज कर दी है। छापेमारी अभियान में मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार एवं चान्हो थाना प्रभारी के साथ एएसआई सुनील कुमार एवं पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### कार्यक्रम : मांडर-चान्हो क्षेत्र के कई स्थानों में इक्कीस पड़हा सोहराई जतरा का आयोजन

# पड़हा को बचाने के लिए समाज को संगठित होना जरूरी है : सुभाष मुंडा

**जतरा हमें जीने का मकसद देती है : आशुतोष तिवारी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडर/चान्हो।** मांडर के चटवल में शुक्रवार को इक्कीस पड़हा सोहराई जतरा का आयोजन किया गया। इसमें करगे, चुंद, मलती, कंदरी, चटवल, कठचांचो के लोग अपने अपने खोड़हा के साथ मौजूद होकर अपने नृत्य का प्रदर्शन किया। अतिथि के रूप में बोलते हुए सीपीआई नेता सुभाष मुंडा ने कहा कि आज पड़हा को बचाने के लिए संगठित होना बहुत जरूरी है। तभी जाकर हमारा जतरा और समाज बचेगा। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि अपने समाज में कला और संस्कृति को बचाए रखने के लिए सभी जाति धर्म को संगठित करने की बात कही।

वहीं चान्हो प्रखंड के बरहे में भी सात पड़हा सोहराई जतरा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा कि जतरा हमारे जीवन में खुशी का संदेश लेकर आती है और हमारे सारे गम को भुला कर जीवन को आनंदित कर देती है। हमें जीने का मकसद देती है। उन्होंने जतरा समिति की व्यवस्था को काफी सराहा। साथ ही वहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

वहीं चोरेया में भी इक्कीस पड़हा सोहराई जतरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को दिनेश राम, मुखिया रेखा सांगा, पूर्व मुखिया भंगा उरांव ने भी संबोधित किया। उपस्थित सभी खोड़हा को सम्मान राशि दी गई। इससे पहले समिति की ओर से अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र उरांव ने किया।

मौके पर अरविन्द सिंह, शिव उरांव, मगही उरांव,गुलपा पाहन, शुकरा उरांव, शमीम अंसारी, जितेंद्र महली, जुल्फीकार अली, नीरज सिंह, मो सत्तार, अशोक मुंडा, राजेश, जगदीश, टुनू, अमित, रंजीत, रंथू उरांव,एक,मुखिया रेखा सांगा, उप मुखिया सरिता देवी, सोमे उरांव, पप्पु साहु, राजेंद्र मुंडा, रामचंद्र मुंडा , चंद्रमोहन उरांव, आदि शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## नहाय खाय के साथ महापर्व छठ शुरू नामकुम क्षेत्र में उत्साह का माहौल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नहाए खाय के साथ शुक्रवार को छठ महापर्व की शुरुआत हो गई है। नामकुम से सटे आस-पास के गांवों में महापर्व को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। नहाय खाय में छठ व्रतियों ने अरवा चावल का भात, चने की दाल के साथ कद्दू की सब्जी का प्रसाद बनाया। पारंपरिक छठ गीतों के साथ छठ व्रतियों ने कद्दू भात प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद व्रती खरना के साथ 36 घंटों का महानिर्जला व्रत करती हैं। शनिवार 29 अक्टूबर को छठव्रती खरना करेंगी।

## जतरा आदिवासियों की पहचान है : प्रमोद सिंह



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सरवल गांव में शुक्रवार को सोहराई जतरा सह फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य मध्य क्षेत्र रामावतार केरकेट्टा, हाहाप मुखिया नन्हे कच्छप, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व मुखिया रमेश सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान लाल सिंह मुंडा, सोमरा स्वासी, दिलीप महतो एवं अंजली लकड़ा थे। जतरा को संबांधित करते हुए प्रमोद सिंह ने कहा कि जतरा आदिवासियों की पहचान और परम्परा है, जो समाज को जोड़ने और भाईचारा बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। वहीं, फुटबॉल टूर्नामेंट में फाइनल मैच बांधटोली बुण्डुबेड़ा बनाम लदनापिड़ी के बीच खेल गया। जिसमें बांधटोली की टीम विजयी रही। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सहित सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## लापुंग के तीन गांवों में सोहराई जतरा का आयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के तीन अलग-अलग गांवों में शुक्रवार को सोहराई जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें मालगो, नवाटोली व सरसा में जतरा के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। वहीं नवटोली गांव में सात पड़हा व मालगो में बाइस पड़हा के तत्वावधान में ऐतिहासिक सोहराई जतरा मेला लगा। जतरा में आसपास के गांवों के आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे। गांव के पाहन द्वारा सभी गांवों से पहुंचे पड़हा और खोड़हा का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। वहीं नवाटोली में मुख्य अतिथि के रूप में सीपीआई नेता सुभाष मुंडा, विशिष्ट अतिथि राज कमल गोप व जिला परिषद सदस्य हिन्दीया टोप्पो नवटोली में विशिष्ट अतिथि व मालगो में मुख्य अतिथि शामिल हुए। सुभाष मुंडा ने कहा कि जतरा झारखंडी संस्कृति की पहचान है। यह समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करता है। अब हमारे युवा पीढ़ी को आगे आकर इसे सहेजने की जरूरत है। मौके पर देवगांव पंचायत के मुखिया दुर्गा उरांव, फगुआ उरांव, कृष्णा उरांव पंसस पुनम टोप्पो, समाजसेवी सुखदेव उरांव, जितेंद्र उरांव, कार्तिक उरांव, समेत कई लोग मौजूद थे।

## मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो में किया छठ घाट का निरीक्षण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)** प्रखंड मुख्यालय स्थित डुकू छठ तलाब का निरीक्षण शुक्रवार को प्रातः विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया। इस दौरान छठ घाट के साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि तलाब परिसर साफ हो। जिससे छठव्रतियों को किसी भी तरह से कोई परेशानी न हो। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने घाट में सज्जा व लाइट का व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं सफाई में लगे मजदूरों को आवश्यक निर्देश दिया।पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने लाईट, बाजा, टेंट, रोशनी व सजावट के लिए राशि उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर बीडीओ डा प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, सीआई भीखम कुमार, प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, बीपीओ संजय तिर्की, अंकित सोनी, पिंकु लाल खन्ना, जयंत लाल खन्ना, किशोर साहु, लीबु बड़ाईक व ईश्वर बड़ाईक समेत कई लोग मौजूद थे।

## पिठोरिया में शॉर्ट सर्किट से घर में आग लगने से सभी सामान जल कर खाक



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के पिठोरिया थाना अंतर्गत इचापीड़ी गांव के निवासी बबलू महली के घर शुक्रवार की सुबह दस बजे बिजली के तार से शार्ट सर्किट होने की वजह से घर में रखे समान जलकर खाक हो गई। पीड़ित बबलू महली ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवार के सभी सदस्य सुबह ही बगल के खेत में काम करने के लिए गए हुए थे। घर पर उनका दो साल का बेटा सोया हुआ था। अचानक मोहल्ले वालों के हल्ला गुल्ला से घर पहुंचा तो देखा कि मेरे घर में आग लगी हुई है और मोहल्ले वाले आग बुझाने की कोशिश कर रहे है। वहीं मेरे दो साल के बेटे को मोहल्ले वालों ने किसी तरह आग की चपेट से निकालकर जान बचा लिया। लेकिन घर में रखे टीवी, पलंग, वॉशिंग मशीन, कपड़ा व अन्य समान एवं 30 हजार रुपये जो पलंग के नीचे छुपा कर रखे हुए थे कुल मिलाकर लगभग एक लाख रुपये का नगद और सामान सभी आग में जलकर खाक हो चुका था। मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया लाखो उरांव और उप मुखिया मोहम्मद गुफरान अंसारी ने कहा कि बबलू महली का परिवार बेहद गरीब है और इनका परिवार दिहाड़ी मजदूरी कर घर का पालन पोषण करता है। इनके पास जो भी जमा पूंजी थी वह इस हादसे में सब जलकर खाक हो चुकी है। हम लोग सरकार और बिजली विभाग से मांग करते हैं कि बबलू महली को तत्काल मुआवजा देकर इसकी मदद की जाये।

## पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने किया पूजन सामग्री का वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हर साल की भांति इस वर्ष भी महापौर अरुणा शंकर के द्वारा शिवाजी मैदान में हजारों छठ व्रत करने वाले व्रतियों को निःशुल्क सूप, नारियल, पूजा की सामग्री का वितरण पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में किया गया। इस अवसर महापौर ने कहां मेरा यह सौभाग्य है की मेरे द्वारा दी गई पूजा सामग्री स्वीकार कर मुझे व्रतियों ने कृतज्ञ किया। मैं सूर्य देवता से कामना करूंगी कि हमारे निगम में बसने वाले हर परिवार की मनोकामना पूरी करें। इस अवसर पर चेंबर के लगभग सैकड़ों सदस्य तथा आनंद मोटर्स परिवार के सभी सदस्यों ने सामग्री वितरण करने में काफी सहयोग किया। महापौर ने कहा अगले वर्ष से मैं चैनपुर शाहपुर,बैरिया, बारा लोटा में भी निशुल्क छठ सामग्री का वितरण किया जायेगा। इस मौके पर पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर, इंद्रजीत सिंह डिंपल, जिप सदस्य अमित जयसवाल, नगर निगम के उपाध्यक्ष मंगल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## छठव्रतियों की सेवा से पवित्र कोई कार्य नहीं : चंदन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** छठ हिंदुओं की आस्था का सबसे पवित्र पर्व है। इस पर्व में पृथ्वी को रोशनी और जीवन प्रदान करनेवाले सूर्य भगवान की पूजा की जाती है। इस लिए छठव्रतियों की सेवा से पवित्र कार्य कोई भी नहीं है। उक्त बातें पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रयाग राज चंद्रवंशी द्वारा विगत एक दशक से निशुल्क ईख वितरण कार्यक्रम का पोखराहा खुर्द में उद्घाटन करते हुए कहीं। प्रयाग राज चंद्रवंशी ने कहा कि छठ माता ही पूरे संसार की तारणहार है। जब तक सांस है तब तक छठव्रतियों के बीच निशुल्क ईख का वितरण करता रहूंगा। आज मेरे पास जो भी है छठी मैया की ही कृपा से है। इस अवसर पर राहुल राज चंद्रवंशी, नवल चंद्रवंशी, प्रदीप यादव,जमरुद्दीन अंसारी,अनिल चंद्रवंशी, श्रवण चौहान, रामावतार गुप्ता, राधे जयसवाल, समीर चंद्रवंशी, विशाल पासवान, राहुल गुप्ता,चंदन यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### प्रमंडलीय आयुक्त ने छठ पूजा पर सुखी आम लकड़ी का वितरण किया

# छठ मैया पलामू प्रमंडल के सभी लोगों के जीवन में लायें सुख समृद्धि : आयुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छठ पूजा बहुत ही पवित्रता का त्योहार है। इस पर्व को मनाने वाले लोग पवित्र भाव से इस त्योहार को मनाते हैं। इस पर्व में प्रसाद बनाने के लिए सुखी आम की लकड़ी का प्रयोग होता है। इस अवसर पर सुखी आम लकड़ी का वितरण किया गया। छठ व्रती खुद आकर लकड़ियों को लिया। छठ मैया से प्रार्थना है कि वे पलामू प्रमंडल के सभी लोगों के जीवन में सुख समृद्धि लाएं। उक्त बातें पलामू आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने कही। वे शुक्रवार को मेदिनीनगर के तीनकोनिया गैरेज के समीप कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा छठ पूजा के अवसर पर आम की सुखी लकड़ियों के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे। मौके पर उन्होंने छठ व्रतियों के बीच आम की सुखी लकड़ियों का वितरण किया। साथ में



पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला परिषद सदस्य अमित कुमार भी थे। आयुक्त ने कहा कि पवित्रता व शुद्धता का इस महान पर्व के अवसर पर व्रतियों को मदद करना उत्कृष्ट समाज सेवा है। मानव जीवन के लिए यह बड़ा पुण्य का काम है। उन्होंने पिछले 30 वर्षों से पर्यावरणविद की ओर से किये जा रहे इस पुनीत कार्य की काफी सराहना की। पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि आम के पौधे लगाने के लिए अभी से ही लोगों को प्रयास करना होगा। पौधे पर्याप्त मात्रा में नहीं लगेंगे, तो लोगों को इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए घी से भी ज्यादा कीमत पर आम की लकड़ी का देना होगा। आम के हरा पेड़ से धरती और आम की सूखी लकड़ियां जलाने से ब्राह्मण्ड तक का प्रदूषण मुक्त होता है। उन्होंने कहा कि पहले राजा महाराजा आम के बगीचे लगाते थे। जब वही पेड़ बूढ़ा होकर गिरने लगते थे, तो उसका उपयोग त्योहार में किया जाता था। उन्होंने बताया कि पूजा को लेकर वे उड़ीसा, छत्तीसगढ़ से सुखी हुई आम की लकड़ी खरीद कर इकट्ठा करते हैं और छठ महापर्व के अवसर पर उसका वितरण करते हैं।

### ये रहे मौजूद

मौके पर जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल, बसंत सिंह, अनुज कुमार, गोपाल प्रसाद, मुनेश्वर माझी,शमीम अंसारी, अमरेंद्र कुमार,अरविंद जायसवाल, रोहित जायसवाल, मनीष सिंह, आशुतोष जायसवाल आदि लोग उपस्थित थे।

## राकेश ने छठ घाट की करायी सफाई, सड़क की मरम्मत भी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर के बैरिया- निमियां नगर निगम वार्ड तीन के प्रत्यासी राकेश कुमार सिंह ने लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बैरिया निमियां मे स्थित सभी छठ घाट की सफाई एवं मरम्मत करवायी। टीवी टावर से लेकर सत्संग मंदिर सहित बैरिया के कई सड़क की मरम्मत व बैरिया के कई स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करवाया। यह सभी कार्य राकेश ने अपने निजी खर्च से किया है। राकेश ने बताया कि बैरिया मे कई सड़क बहुत हि ज्यादा जर्जर हो गया था रोजाना किसी न किसी प्रकार की दुर्घटना के लोग शिकार होते रहते थे। छठ महापर्व को लेकर बैरिया निमियां मे हर घर जाकर प्रसाद का भी वितरण करूँगा। मै पिछले कई दिनों से वार्ड 3 के ग्रामीणों के लिए हर संभव समस्या का समाधान करने मे लगा हुआ हूं और आगे भी करते रहूंगा।

## क्षेत्र वासियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता: राजू मेहता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जीएलए कॉलेज के स्नातकोत्तर सत्र 2020-22 में हिंदी के लिये नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के टॉपर रहे विद्यार्थी को सम्मानित किया गया। हुसैनाबाद प्रखंड के बेलबिगहा पंचायत के काजरात गांव निवासी रंजन कुमार यादव को हुसैनाबाद उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता ने शुक्रवार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री मेहता ने कहा कि रंजन कुमार यादव ने हिंदी विषय मे एनपीयू विश्वविद्यालय में टॉपर बनकर अपने परिवार, गांव समाज और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उन्होंने बधाई देते हुए छात्र की उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी काफी प्रतिभाशाली हैं, जरूरत है उन्हें आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को हर संभव सहायता कर उन्हें आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देकर ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है। मौके पर कृष्णा यादव, अजीत मेहता, पप्पू यादव, अजीत प्रजापति आदि मौजूद थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से मानसिक और बौद्धिक विकास होता है: संजय यादव



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के दंगवार पंचायत के बरवाडीह में बाबा बिरनाथ के पूजनोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पूर्व बिधायक संजय कुमार सिंह ने यादव लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी सौहार्द्र, भाईचारा एवं मिल्लत का वातावरण कायम होता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से साधन ही नही बल्कि इससे मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। अपने संबोधन में मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से क्षेत्र में भाईचारा का भाव बढ़ता है साथ में लोगों के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेलबिघा मुखिया प्रतिनिधि राम लखन यादव, कमिटी के अध्यक्ष राहुल यादव, हसन खलीफा, सहेंद्र यादव, सूर्यनाथ सिंह, विजय गुरुजी, सुमंत रजक, अवधेश गुप्ता समेत काफी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

## पवित्रता एवं धूमधाम से मनायें छठ पूजा : दीपक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा महोत्सव की धूम हर ओर मची है। पलामू के सेवादार दीपक तिवारी फेम इंडियन रोटी बैंक की टीम भी स्थानीय स्तर पर छठवतीयों को समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सामने आई है। दो दिनों तक छठ घाट एवं रास्तों की साफ-सफाई की मुहिम प्रारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ नहाय-खाय के शुभ दिवस पर आम की लड़की वितरण के साथ किया गया। पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर के वार्ड नंबर 17 स्थित आवासीय कार्यालय में इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी के नेतृत्व में छठवतीयों के बीच निशुल्क आम की लकड़ी का वितरण किया, साथ ही बताया गया कि जिन उपासकों को आम की लकड़ी की आवश्यकता है वो रांची रोड रेड़मा स्थित आवासीय कार्यालय आकर ले जा सकते हैं। मौके पर सूर्य उपासना के महापर्व पर लोकगीत गाती महिलाओं ने आकर वातावरण को भक्तिमय



बना दिया। मौके पर आईआरबी स्टेट कॉर्डिनेटर दीपक तिवारी ने बारी-बारी से सभी आये महिला, पुरुष, बच्चों को आम की लकड़ी मुहैया करायी, एवं जरूरत पड़ने पर हरसंभव मदद का भरोसा दिया। दीपक तिवारी ने बताया कि छठ पूजा की महत्ता का बखान करना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। पावन, पवित्र, पारंपरिक महापर्व को मनाने में हर घर परंपरागत तरीके से जुटा हुआ है। जिसे देखने दिल्ली से आई आइआरबी की टीम झारखंड के पलामू पहुंची है। सेवादार दीपक ने बताया कि प्रसाद वितरण की परंपरा पुरानी है, लेकिन भौतिकवादी युग में आम की लकड़ी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती है। जो इंडियन रोटी बैंक हर वर्ष छठ पूजा में अहम आम की लकड़ी का वितरण करती है। साथ ही अपील भी की जिसे भी जरूरत होता है वो आवासीय कार्यालय से ले जा सकता है। इतना ही नहीं दीपक तिवारी ने बताया कि कोई भी छठवर्ती को किसी भी तरह की समस्या या परेशानी होती है तो निगम ही नहीं बल्कि अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी इंडियन रोटी बैंक की युवा टीम उन तक सुविधा उपलब्ध कराने में आगे रहती है। मौके पर स्टेट वाइस कॉर्डिनेटर परवेज अख्तर ने कहा कि छठ पूजा प्रकृति के साथ जुड़ाव एवं पावन, पवित्रता का संदेश देता है। एकमात्र दर्शनीय देव की उपासना में हर धर्म-कर्म के लोग आस्था रखते हैं। जहां हर धर्म, हर जाति, हर तबके के लोग एक सूत्र में बंध जाते हैं। यही वजह है कि छठ पूजा को महापर्व कहा जाता है। इंडियन रोटी बैंक की टीम हर दिन सेवाकार्य करती है, आस्था, उपासना, अराधना के महापर्व पर हमारी टीम सहयोग करके धन्य मानती है।

### इनकी रही मुख्य भूमिका

इस दौरान आम की लकड़ी का बंडल बनाने से लेकर वितरण में इंडियन रोटी बैंक की पलामू ईकाई के साथ साथ इंडियन रोटी बैंक की दिल्ली टीम के युवाओं की भूमिका अहम रही। जिसमें प्रदेश प्रवक्ता यशवंत तिवारी, पलामू जिला कॉर्डिनेटर मनीष यादव, वाइस कॉर्डिनेटर राकेश तिवारी मिकू, सुभाष कुमार, दिलीप तिवारी, मनीष पाण्डेय, विजय यादव, विशाल सिंह, कृष्ण सिंह, हरिशंकर दूबे, संत, रंजीत, प्रिंस, दक्ष सम्मिलित रहे।

## 50 वर्षों में किये 5 बड़े काम बतायें: महापौर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने 50 वर्ष निगम की अध्यक्षता करने वाले परिवार से विनम्र प्रार्थना करते हुए कहा कि यह समय खासमहाल भूमि पर राजनीति करने का नहीं समाधान ढूंढने का है 'मेरे सीने में ना सही तेरे सीने में ही सही आग लगी है तो आग जलनी चाहिए' वरना अब तक जहां 2 प्रतिशत भी लीज नहीं हुआ आगे इससे भी बत्तर होगा। महापौर ने श्रवण भैया का समर्थन करते हुए कहा कि एक खासमहाल संघर्ष समिति जरूर बने जिसमें सारे लीज धारी एक होकर न्यायालय की शरण में चले। महापौर ने पूर्व अध्यक्ष के प्रेस कांफ्रेंस का स्वागत करते हुए कहा कि मैंने 5 साल में कभी भी पूर्व अध्यक्ष परिवार पर मोर्चा नहीं खोला लेकिन जब उन्होंने मोर्चा खोला ही है तो मेरे सवालों का जवाब दें। जिस तालाब का अतिक्रमण और दीनदयाल मार्ग रोकने की बात वह कर रहे वह बताएं किसके कार्यकाल में उक्त तालाब का नक्शा पारित हुआ और सरकार को नक्शा भेजने तथा



पारित करने से पूर्व इन सब बारीकियों पर नजर क्यों नहीं रखी गई?। दूसरा माननीय जो चौधरान। बाजार के दर की बात कर रहे हैं वह बतायें कि किसके कार्यकाल में किराया 6 गुना बढ़ाकर 1 से 6 किया गया। दम था तो बोर्ड के पावर का इस्तेमाल कर दर को बढ़ने से रोका क्यों नहीं गया? मैंने तो अपने ताकत और बोर्ड के पावर का इस्तेमाल कर 1 भी रुपया किराया बढ़ने नहीं दिया। जिसे चौधराना देनेवाले सभी व्यवसाई भाई जानते हैं और मैं आपको आश्वस्त करती हूं जब तक मैं रहूंगी आगे भी किराया बढ़ने नहीं दिया जायेगा क्योंकि निगम ने उन्हें कोई मॉल बनाकर नहीं दिया मात्र खाली भूखंड दी गई है। माननीय जहां तक लीज भूमि की बात है मैंने तो उपायुक्त द्वारा बनाये रेजोल्यूशन पर हस्ताक्षर तक नहीं की साथ ही लिखित विरोध भी दर्ज कराया है। जिसे खासमहाल पदाधिकारी के यहां जाकर संचिका में देखी जा सकती है। और अगर मैं रेजोल्यूशन में सिग्नेचर की हूं तो उसकी छाया प्रति दम है तो समाचार पत्रों में सार्वजनिक करें। मैं कल के समाचार पत्र का बेसब्री से इंतजार करूंगी। महापौर ने माननीय से पूछा है कि 2014 में जो आपके परिवार का कार्यकाल था उस वक्त 30 हजार रुपया से बढ़ाकर खासमहाल भूमि कि दर 630000 कैसे हो गया ? अगर उस वक्त आपने ऑब्जेक्शन किया था तो कल के समाचार पत्र में साथ ही साथ संचिता की छाया प्रति भी प्रकाशित करें मुझे खुशी होगी। महापौर ने कहा कि माननीय आइए छठ एक शुभ अवसर है पहले हम सब मिलकर आपके एवं आपके परिवार द्वारा बिना केवाला के बेची गई भूमि का कैंप लगाकर केवाला करवा दें। आपके परिवार की ओर से इससे बड़ा दिवाली और छठ का तोहफा कुछ नहीं होगा क्योंकि लीगल डॉक्यूमेंट नहीं होने के कारण वे बेचारों का ना नक्शा पास करा पा रहे ना ही मकान बना सकते, ना ही लोन ले सकते, ना निगम का पाइप लाइन लग सकता, ना निगम की अन्य सुविधा उन्हें मिल पायेगी। यहां तक की लीगल डॉक्यूमेंट के अभाव में वे प्रधानमंत्री आवास तक नहीं बना सकते हैं। पर उन्हें घबराने की आवश्यकता नहीं जल्द उनकी लड़ाई मैं लडूंगी। महापौर ने कहा कि इसी कारण से आज 50 वर्षों तक राज करने के बाद भी आप अपने दम पर आज चुनाव नहीं लड़ पा रहे, जीवन भैया के सहारे बैतरनी पार करना चाहते। महापौर ने अंत में कहा माननीय बात निकलेगी तो दूर तलक जायेगी क्योंकि आपके तीन पुस्तो ने 50 वर्ष तक राज किया है। पहले आप अपने कार्यकाल के मात्र 5 बड़ी योजना बतायें मैं उत्सुक हूं जानने के लिए।

# स्पोर्ट्स



पूर्व आलराउंडर लांस क्लूसनर का मानना है कि रविवार को पर्थ में होने वाले टी20 विश्वकप मैच में असली मुकाबला भारतीय बल्लेबाजों और साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों के बीच होगा।

## यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय बल्लेबाज अफ्रीकी गेंदबाजों से कैसे निपटते हैं : क्लूसनर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पूर्व आलराउंडर लांस क्लूसनर का मानना है कि रविवार को पर्थ में होने वाले टी20 विश्वकप मैच में असली मुकाबला भारतीय बल्लेबाजों और साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों के बीच होगा। भारत ग्रुप दो में दो जीत से शीर्ष पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के तीन अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसका जिंबाब्वे के खिलाफ में बारिश से धुल गया



था। क्लूसनर ने वर्चुअल बातचीत में कहा, पर्थ में हम एक और तेज गेंदबाज देख सकते हैं। तबरेज शम्सी ने पिछले मैच में जिस तरह से गेंदबाजी की मैं उसे वास्तव में प्रभावित हूं। वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है।

### यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्वकप बारिश से प्रभावित

**उन्होंने कहा ड्वेन प्रिटोरियस के चोटिल होने के कारण यह टीम के संतुलन में बदलाव से जुड़ा है। इस मैच में यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय बल्लेबाज साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाजों से कैसे निपटते हैं। क्लूसनर ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्वकप बारिश से प्रभावित है। यह बेमौसम की बरसात है इसलिए मैं वास्तव में थोड़ा निराश हूं। इस विश्व कप को उलटफेर के लिए भी जाना जाएगा। छोटी टीमों ने कुछ बड़ी टीमों को हराया है।**

## भारत ने सुलतान जोहोर कप में ब्रिटेन से 5-5 से ड्रा खेला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जोहोर।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को यहां सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूनार्मेंट के अपने आखिरी राउंड रोबिन लीग मैच में ग्रेट ब्रिटेन से 5-5 से ड्रॉ खेला और खुद को फाइनल की दौड़ में बनाये रखा। भारत की तरफ से पूवन्ना सीबी (सातवें मिनट), अमनदीप (50वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंदल (53वें मिनट) और शारदा नंद तिवारी (56वें और 58वें मिनट) ने, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के लिये मैक्स एंडरसन (पहले और 40वें), हैरिसन स्टोन (42वें मिनट) और जामी गोल्डन (54वें और



56वें) ने गोल किये। भारत ने राउंड रोबिन के अपने अभियान का अंत पांच मैचों में आठ अंकों के साथ किया और वह अभी ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया चार मैचों में 10 अंक लेकर पहले फाइनल के लिये क्वालीफाई कर चुका है। मौजूदा चैंपियन ग्रेट ब्रिटेन पहले ही फाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है। उसके पांच मैचों में सात अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका के चार मैच में छह अंक हैं और यदि वह ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो फाइनल में पहुंच जायेगा। ऐसी स्थिति में भारत फाइनल की दौड़ से बाहर हो जायेगा। दक्षिण अफ्रीका का गोल अंतर भारत से बेहतर है। ब्रिटेन के खिलाफ मैच में भारत ने शुरू में ही गोल खा दिया था लेकिन वह पहले क्वार्टर तक 1-1 से बराबरी करने में सफल रहा। मध्यांतर के बाद भी स्कोर में कोई बदलाव नहीं हुआ। ब्रिटेन ने जल्द बढ़त हासिल कर दी लेकिन भारत ने आखिरी क्वार्टर में अच्छी वापसी की। चौथे और आखिरी क्वार्टर में जमकर गोल वर्षा हुई। इस क्वार्टर में कुल छह गोल दागे गये जिसमें भारत के आठ मिनट के अंदर किये गये चार गोल भी शामिल हैं।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 29 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



### लुगूबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ धार्मिक महासम्मेलन सह महोत्सव 2022 की तैयारियों को लेकर डीसी व एसपी ने की बैठक

# समन्वय स्थापित कर काम करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी कुलदीप चौधरी ने शुक्रवार को लुगूबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ धार्मिक महासम्मेलन सह महोत्सव 2022 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक चंदन झा, अपर समाहर्ता सादात अनवर समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण एवं पूजा समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में डीसी ने पूजा समिति के अध्यक्ष के साथ



अधिकारियों-पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी व एसपी।

समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कहा कि समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संभावित कार्यक्रम प्रस्तावित है। ऐसे में जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण होगा। सभी पदाधिकारी अपने- अपने विभाग के लाभुकों को चिन्हित कर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार को लेकर भी संबंधित क्षेत्र के अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदि के साथ चर्चा करते हुए चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समारोह स्थल/मंच एवं आस झ्र पास सीसीटीवी कैमरा इंस्टाल करने, दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी आदि को लेकर प्रतिनियुक्ति करने संबंधित पदाधिकारी व सिविल सर्जन को मेडिकल टीम/एबुलेंस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयोजन समिति से समन्वय कर वोलेंटियर चिन्हित कर उन्हें सूचिबद्ध करने एवं परिचय पत्र उपलब्ध कराने को कहा।

बैठक में उपस्थित जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं डिस्पले बोर्ड/ एलईडी टीवी इंस्टाल करने समेत कई अन्य दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर डीसी ने चर्चा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। पूजा समिति की ओर से लुगुबुरु पहाड़ी के ऊपर भी धर्मावलाम्बियों को दिक्कत न हो इसके लिए एक मेडिकल टीम की मांग की गई। इसपर डीसी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि पहाड़ी के ऊपर भी पवित्र पूजन स्थल समीप एक मेडिकल टीम की तैनाती करें। बैठक में जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी व विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए फ्री कोचिंग से गरीब बच्चों को मिलेगी मदद : संतोष



**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा स्थित सिंगड़ा पंचायत का एक युवा आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहा हैं। उसके द्वारा क्षेत्र के कई जगहों पर निःशुल्क कोचिंग के जरिये ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब तबके के बच्चों को एक नई राह दिख रही हैं। वहीं गांव के सैकड़ों बच्चे इनसे शिक्षा ले रहे हैं। बतातें चले कि लखनपुर निवासी विष्णु रजक (23) सुपर - 30 नामक संस्थान के जरिये आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क कोचिंग दे रहे हैं। इनके हौसले को बढ़ाने के लिए महुदा के पूर्व 1 परिषद सदस्य सह भाजपा महुदा मंडल के युवा नेता संतोष कुमार महतो के आर्थिक सहयोग से राधानगर सहित लगभग 4 स्थानों पर निःशुल्क कोचिंग शुरू की गई है। वे बच्चों में आगे बढ़ने का जज्बा पैदा कर रहे, ताकि पैसे के अभाव में कोई भी बच्चा अशिक्षित न रहे। उनका कहना है कि उनका मकसद गरीब बच्चों को हर हाल में शिक्षित करना है। ताकि वे भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर बेहतर प्रदर्शन कर अपने जीवन को सरल कर पाये। इन्हें हमसे जिस प्रकार की सहायता चाहिये हम देंगे। वहीं, अनीता देवी ने कहा कि गरीब बच्चों को अब प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सोचना नहीं पड़ेगा। क्योंकि वैसे बच्चों के लिये हम निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दे रहे हैं। शिक्षक विष्णु रजक का कहना है कि उनका मकसद गरीब बच्चों को हर हाल में शिक्षित करना है। ताकि वे भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर बेहतर प्रदर्शन कर अपने जीवन कों सरल कर पाये। उन्होंने कहा कई रुकावटें आईं लेकिन हौसला नहीं खोया।

## राजगंज मैरा कुल्ही में भगवती जागरण का आयोजन



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** काली पूजा पर काली पूजा सेवा समिति मैरा कुल्ही राजगंज की ओर से गुरुवार की रात काली मंदिर परिसर में भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य के मशहूर तपस्या म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक भक्ति गीत प्रसतुत कर रातभर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं जागरण के दौरान बंगाल से आये झांकी कलाकारों ने मां काली का तांडव, शिव तांडव, मां दुर्गा द्वारा महिसासुर का वध आदि कि प्रस्तुति दी। जागरण का शुभारंभ गायक कृपांशु द्वारा गणेश वंदना के साथ किया गया तत्पश्चात गायक कृपांशु ने जय मां काली, जय काली जय काली, शेर पे सवार होकर आजा शेरेवालिये, जय जय शिव शंकर कांटा लगे न कंकड़ आदि भजन गाकर किया। वहीं, गायिका सुनीता सिंह ने हर हर शंभू, छुम छुम छनन न बाजे पांव पे जानिया आदि भजन प्रस्तुत कर उपस्थित महिलाओं को खूब झुमाया। जबकि रजनी कौर व गायक दिलीप पांडेय ने भी एक से बढ़ कर एक खोरठा, हिंदी, भोजपुरी भजन गाकर खूब तालियां बटोरी। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष ऋषिकेश झा, सचिव राजू मोदक, अमित मोदक, सागर मोदक, टिंकू ठाकुर, आकाश हरि, राहुल अग्रवाल, चंदन अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, सोमेन मोदक, अंकित अग्रवाल, विक्की अग्रवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/झरिया।** नहाए खाए के साथ शुक्रवार को छठ महापर्व की शुरूआत हो गई है। पूरे धनबाद जिले के साथ झरिया शहर से लेकर गांव तक लोगों में उत्साह का माहौल है। नहाए खाए में छठ व्रतियों ने अरवा चावल का भात, चने की दाल के साथ कद्दू की सब्जी का प्रसाद बनाया। नहाए खाय को लेकर वार्ड 48 के पार्षद प्रत्याशी गणेश साव की धर्मपत्नी रूबी देवी ने अपने आवास अरवा चावल का भात,चने की दाल के साथ कद्दू की सब्जी का प्रसाद बनाया। पारंपरिक छठ गीतों के साथ कद्दू भात प्रसाद का निर्माण हुआ। ऐसी मान्यता है कि नहाय-खाय के दिन भगवान सूर्य को कद्दू भात का पहला भोग अर्पित किया जाता है। इसके बाद व्रती खरना के साथ 36 घंटों का महानिर्जला व्रत



करती हैं। शनिवार 29 अक्टूबर को छठव्रती खरना करेंगी। खरना में दोपहर को विधि विधान के साथ अपने घर पर सूर्य देव को पहला अर्घ अर्पित किया जाता है।और संध्या में छठी मैया की पूजा की जाती है। समाज के लोग खरना का प्रसाद खाने छठ व्रतियों के घर पहुंचते हैं। ऐसी मान्यता है कि जिस वक्त छठव्रती खरना का प्रसाद ग्रहण कर रही होती है, किसी तरह की आवाज नहीं होनी चाहिए। खरना के शाम को कुछ समय के लिए सारे लाउडस्पीकर आदि बंद कर दिए जाते हैं।

### पुलिस कर्मियों ने निभायी भागीदारी

धनबाद पुलिस ने सामूदायिक पुलिसिंग के तहत मिशाल पेश करते हुए झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब की सफाई की। सिंदरी अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारियों ने छठ महापर्व को देखते हुए सफाई का बीड़ा उठाया। डीएसपी अभिषेक कुमार के साथ झरिया, जोरापोखर, पाथरडीह, अलकडीहा, तिसरा थाना के अलावा सभी ओपी के पुलिसकर्मियों ने राजा तालाब में भरे कचरे और गंदगी की सफाई की। सिंदरी डीएसपी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि छठ महापर्व आस्था का प्रतीक है, जिसमें हम पुलिस वालों की भी सहभागिता होनी चाहिए। सामूदायिक पुलिसिंग के तहत तालाब की सफाई की गई। तालाब काफी गंदा था हालांकि पूरी मेहनत से सफाई का काम पूरा कर लिया गया। कहा कि इससे आम लोगों में भी साफ-सफाई को लेकर मैसेज जाएगा, उन्होंने कहा कि छठ के मौके पर सुरक्षा और विधि व्यवस्था की पूरी तैयारी की गई है। सभी घाटों और सड़कों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे।

## गैस लदे वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो नया रोड में गैस सिलेंडर लदे वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान विकास रजवार के रूप में हुई है। वह करगली बाजार का रहने वाला है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज कर उसे बेहतर इलाज के लिए चास रेफर कर दिया। वहीं दुर्घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे वाहन चालक को लोगों ने पकड़ने की कोशिश की, तो हिंदुस्तान पूल स्थित पेट्रोल पंप में वाहन खड़ा कर चालक भाग खड़ा हुआ। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## जीर्णोद्धार के बाद महाप्रबंधक ने किया जेलगोड़ा केंद्रीय अस्पताल का उद्घाटन



**जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के जेलगोड़ा केंद्रीय अस्पताल का जीर्णोद्वार के बाद शुक्रवार को लोदना महाप्रबंधक अपूर्वा दत्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कर्मियों से कहा कि यह अस्पताल कर्मचारियों के अलावा क्षेत्र की जनता को लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हुआ है। वित्तीय वर्ष में लोदना के मजदूरों ने बेहतर कोयले का उत्पादन किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जल्द ही दो ईसीजी, एक्सरे की एक मशीन के अलावे अस्पताल का रंगरोगन किया गया है। अस्पताल के सीएमएस आर के शर्मा ने कहा कि अस्पताल को इस तरह ही पोजेटिव सोचने वाले अधिकारियों की जरूरत है, ताकि डॉक्टर द्वारा समूचित उपचार किया जा सके। इस मौके पर बीके सिन्हा, दिलीप भगत, प्रसांत कुमार, मंतोष कुंडी के अलावा यूनियन प्रतिनिधि में बिहारी लाल चौहान,अनिल सिंह, रामनाथ गोप, इस्माइल मल्लिक थे।

## बीएसएल के अधिशासी निदेशक ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवाएं) बीएस पोपली सहित नगर प्रशासन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस त्योहार को सुरक्षित बनाने के लिए बीएसएल प्रबंधन की ओर से हर वर्ष की तरह सभी जनवृत्तों में जलाशयों की सफाई और घाटों का पूरा अनुरक्षण किया गया है, ताकि लोग छठ का त्योहार सुरक्षित तरीके से मना सके। बीएसएल द्वारा सेक्टर-4 एफ के सूर्य सरोवर, सेक्टर-3 के 2-टैंक गार्डन और सिटी पार्क, सेक्टर-4 डी के जगन्नाथ सरोवर, सेक्टर-5 ए के अय्यप्पा सरोवर आदि जलाशयों एवं छठ घाटों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुरूचिपूर्ण बनाया गया है। छठ घाटों की साफ-सफाई के साथ ही यहां समूचित प्रकाश, घाटों में आकस्मिक चिकित्सा सहायता केंद्र और सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। छठ को ध्यान में रखते हुए बोकारो जेनरल अस्पताल और अग्निशमन सेवा विभाग की टीमें भी इस दौरान अधिक सतर्क रहती हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरत अपनी सेवा दे सकें। इस्पात परिवार को आशा है कि सभी का छठ व्रत सुरक्षित एवं आनंदमय होगा। इस्पात मंत्रालय के निर्देशानुसार सेल द्वारा अपने विभिन्न संयंत्रों व इकाइयों में विगत दो अक्टूबर से चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बोकारो स्टील प्लांट, झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस और कोलियरीज डिविजन में रिकार्ड मैनेजमेंट, स्वच्छता अभियान, स्क्रैप का डिस्पोजल एवं व्यवस्थीकरण और नियमों का सरलीकरण आदि जैसे कार्य बड़े पैमाने पर किये जा रहे है। इस सिलसिले में संयंत्र के सिंटर प्लांट, एसएमएस-2 एवं सीसीएस, सीआरएम-1,2, सीआरएम-3, आरएमपी, आई एवं ए, टीबीएस, सामग्री प्रबंधन, बोकारो जनरल अस्पताल, कार्मिक, आरईडी आदि विभागों सहित माइंस एवं कोलियरीज डिवीजन में स्वच्छता एवं हाउसकीपिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। स्वच्छता एवं हाउसकीपिंग अभियान के अंतर्गत बीएसएल समूह द्वारा 10 हजार फाइलों के डिस्पोजल का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य से आगे बढ़ते हुए टीम बीएसएल ने अब तक 16,500 से अधिक फिजिकल फाइलों तथा 550 से अधिक ई-फाइलों का डिस्पोजल कर लिया है।

## आश्वासन के बाद सेल चासनाला डीप माइन खदान में जारी ठेका मजदूरों का आंदोलन समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** सेल चासनाला डीप माइन खदान में कार्यरत ठेका मजदूरों ने शुक्रवार की प्रथम पाली में खदान के अंदर ही धरने पर बैठ गए। संवेदक दुर्गा माता इंजीनियरिंग वर्क्स अंतर्गत कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि खदान में तीन शिफ्ट पर कार्य करने का ऑर्डर पास हो चुका है, जो लागू भी है पर ठेका मजदूरों से एक शिफ्ट में ही कार्य लिया जा रहा है। जिससे मजदूरों में आक्रोश है। इसी को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। उधर, अचानक खदान के अंदर मजदूरों के आंदोलन की सूचना पाकरर सेल चासनाला प्रबंधन के बीच हड़कंप मच गया। प्रबंधन किसी तरह मजदूरों का मान मन्नौवल कर ऊपर लाने में जुट गए। मजदूरों के साथ वार्ता में सकारात्मक आश्वासन पर कई घंटो के बाद



आंदोलन समाप्त हो गया। वहीं, धरना की खबर पाकर पाथरडीह पुलिस भी कोलियरी पहुंची और मामले की जानकारी ली। चासनाला कोलियरी प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि मजदूर बिना कोई सूचना के ही अंदर खदान में धरना पर बैठ गए हैं जानकारी होने पर मजदूरों को वार्ता का आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराया गया।

### प्रबंधन सुधार लाये नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

जनता मजदूर संघ (जमसं) कुंती गुट के चासनाला अध्यक्ष रंजय सिंह ने कहा कि सेल चासनाला प्रबंधन की ओर से डिप माइन खदान में पंपिंग कार्य कर रहे दुर्गा माता इंजीनियरिंग वर्क के ठेका मजदूरों को प्रताड़ित किया जा रहा है। प्रबंधन समय रहते हुए चेत जाए नहीं तो सेल प्रबंधन को उग्र आंदोलन का सामना करना पड़ेगा। तीन नवंबर को वार्ता के लिए बुलाया गया हैं अगर प्रबंधन सहमत नहीं होता है तो उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## विधायक अनूप सिंह ने छठ घाट का किया निरीक्षण



**फुसरो/बोरमो (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर फुसरो हिंदुस्तान पुल दामोदर नदी छठ घाट का बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने यहां के व्यवस्थापक न्यू स्टार क्लब से सारी जानकारी लेते हुए हर सभंव सहयोग करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बेरमो के अंचल अधिकारी मनोज कुमार को भी व्यवस्था संबंधित निर्देश दिए। यहां नप अध्यक्ष राकेश सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, बेरमो बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण चांडक सहित विजय सिंह, घनश्याम प्रसाद आदि थे।

## तेलों तारानारी में छठ घाट की हुई सफाई

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत तेलों तारानारी में छठ घाट पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सह गिरिडीह जिला सह प्रभारी महेंद्र महतो, तेलों मंडल अध्यक्ष मेघन महतो, महामंत्री डेगलाल महतो, हुलासनारायण महतो, दिनेश यादव, धीरण पांडे की ओर से साफ सफाई की गई। चार दिन तक चलने वाले महापर्व छठ पूजा की शुरूआत नहा खाए से हुआ। शुक्रवार को विभिन्न गांव से व्रती तेलों तारानारी घाट पर पहुंची और डूबकी लगायी। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होने वाले इस महापर्व को छठ पूजा, छठी माई, सूर्य षष्ठी पूजा छठ, छठ माई पूजा, डाला छठ, आदि कई नामों से जाना जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से पहले तन और मन दोनों साफ होने चाहिए। नहाय-खाय के दिन व्रती स्नान कर नए कपड़े पहनते हैं और शुद्ध सात्विक भोजन करती हैं। इस दिन चने की दाल और लौकी की सब्जी खाने का विशेष महत्व है।

### सांसदों के पुतले को सूली पर चढ़ा कुड़मी युवा मंच ने जताया विरोध

# आदिवासी कुडमी समाज जन्मकाल से ही झेल रहा उपेक्षा का दंश: मंटू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के तोपचांची प्रखंड स्थित सुभाष चौक में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश आदिवासी कुडमी युवा मंच के तत्वधान में झारखंड, बंगाल, ओड़िशा और मध्य प्रदेश के पूर्वी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर कुडमी विरोधी सांसदों के पूतले को सूली पर चढ़ाकर कुडमी समाज के लोगों ने विरोध जताया। नेता मंटू महतो ने कहा कि आदिवासी कुडमी समाज जन्म काल से ही है। हम आदिवासी कल भी थे आज भी है और कल भी रहेंगे। यह हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। हमारी सभ्यता दुनिया की प्राचीन सभ्यताओं में से एक



विरोध प्रदर्शन करते कुरमी समाज के लोग।

और प्राचीन है। इसका यह स्पष्ट उदाहरण है कि हमारे समाज राज्यों के जिस भूभाग में गुजर-बसर रहा है वह क्षेत्र खनिज संपदाओं वन संपदाओं पहाड़ों और नदियों एवं प्राकृतिक के नजदीक है। जहां कालखंड में मानव सभ्यताओं की उत्पत्ति एवं विकास हुआ। जिसकी अपनी भाषा अपनी संस्कृति, पेशा, खान-पान रहन-सहन आदि आज भी विकसित या उन्नत समाज से भिन्न है। प्राकृतिक ही इस समाज का आराध्य रहा है। आज स्वतंत्र देश में 72 वर्षों से अपनी संवैधानिक एवं भौगोलिक अधिकारों से वंचित अपने हक अधिकार और न्याय के लिए लगातार सरकार से मांग करते आ रहे हैं। वैज्ञानिकों के राय एवं साक्षी के बाद ड्डी सरकार हमें अपने जन्मसिद्ध अधिकार एवं संवैधानिक अधिकार से वंचित रखे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन सदानंद महतो और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मुखिया प्रेमचंद महतो ने किया। इस मौके पर हलधर महतो, सरयू प्रसाद महतो, चौधरी चरण महतो, अजय सिन्हा, सौरव माथुर, दिनेश माथुर, शेखर माता, मनोहर महतो, कृष्णा महतो, प्रभु महतो, ओम प्रकाश महतो, सुरेश महतो, देवनारायण महतो, जुगल महतो, संगीता देवी, तेज नारायण महतो, ओम प्रकाश महतो आदि सैकड़ों कुडमी समाज के महिला पुरुष मौजूद थे।

## कुड़मी समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा स्थित भुरुंगिया आजसू कार्यालय में शुक्रवार को कुड़मी विकास मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नरेश महतो और संचालन संजय महतो ने किया। बैठक में कुड़मी समाज के दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया एवं अनुसूचीत जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने की मांग को लेकर 12 दिसंबर को दिल्ली संसद का घेराव करने को लेकर झारखंड, बंगाल और ओडिशा से लगभग 20 हजार लोग भाग लेंगे। वहीं दिल्ली जाने को लेकर बैठक में विशेष चर्चा की गई। बैठक में बीस सूत्री सदस्य छत्रपति महतो उपस्थित हुए।

इस बाबत नरेश महतो ने बताया कि कुड़मी (महतो) समाज अपना संवैधानीक हक की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। लेकिन अभी तक हमारा हक अधिकार नहीं मिला हैं। 25



नवंबर 2004 को झारखंड सरकार ने अपने मंत्रिमंडल में निर्णय लेकर कुड्मी (महतो) समाज को अनुसूचीत जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने की अनुसंशा कर केंद्र सरकार को भेजा था। पर 18 साल बाद भी केंद्र सरकार ने इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। एचएच रिजले के रिसर्च रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन छोटानागपुर एवं ओडिशा के कुरमी जाति को अनुसूचीत जनजाति माना गया है। जो 1891-92 में 'दि ट्रायब्स एंड कास्ट ऑफ बेंगाल नामक पुस्तक में प्रकाशीत हुआ था। इस रिपोर्ट के आधार पर कुडमी-कुरमी जाति को पूर्व काल से ही ऐतिहासीक, भौगोलिक, सांस्कृतिक समाजिक एवं अन्य अवधारनाओं के साथ आदीम जनजाति का मान्यता प्रदान किया गया। लेकिन केन्द्र सरकर इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। इसी को लेकर 12 दिसंबर को दिल्ली संसद का हुकड़ा जाम कार्यक्रम होगा, जिसमें कई राज्यों से 20 हजार लोग शामिल होंगे।

## विधायक प्रणब प्रकाश दास चुने गये ओसीए के अध्यक्ष

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कटक ओडिशा क्रिकेट संघ (ओसीए) चुनाव के नतीजे शुक्रवार को आधिकारिक रूप से घोषित किया गया। बीजू जनता दल के संगठन संपादक और विधायक प्रणब प्रकाश दास को अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही संपादक, उपाध्यक्ष और सह संपादक समेत छह कर्मकर्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, प्रणब प्रकाश दास ने अध्यक्ष चुने जाने के बाद आधिकारिक जिम्मेदारी संभाली है। इसी तरह संजय बेहेरा दूसरी बार संपादक के रूप में चुने गए हैं। पंकज लोचन महांती ने उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है। वहीं, प्रणब ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि बारबाटी स्टेडियम के नबकलेबर की बड़ी योजनाएं हैं। ओडिशा में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे में सुधार और अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटरों को तैयार करने के लिए ब्लू प्रिंट तैयार किया जा रहा है।

### कार्रवाई : छापामारी में पांच डीएसपी, 12 इंस्पेक्टर, 11 एएसआइ शामिल

# विजिलेंस के जाल में अतिरिक्त मुख्य अभियंता, छह जगहों पर छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर आरडब्ल्यूएसएस के अतिरिक्त अभियंता निहार रंजन दास के घर पर लगातार छापामारी की जा रही है। उनके छह जगहों खुर्दा, भुवनेश्वर, संबलपुर, बरगड आदि ठिकानों पर एक साथ छापामारी हो रही है। इसमें उनका आवास, कार्यालय और उनके रिश्तेदारों के घर शामिल हैं। भुवनेश्वर के विशेष सतर्कता न्यायाधीश के



आदेश पर छापामारी की जा रही है। इस छापामारी में पांच डीएसपी, 12 इंस्पेक्टर, 11 एएसआई शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक रंजन दास ने सतर्कता टीम को देखते ही घर की खिड़की से मोबाइल फोन के साथ संदिग्ध क्रिप्टो निवेश से संबंधित दस्तावेजों के एक बंडल को फेंक कर संदिग्ध क्रिप्टो मुद्रा निवेश के सबूत को नष्ट करने की कोशिश की। जिसे सतर्क विजिलेंस सर्च टीम ने बरामद किया।

क्रिप्टो निवेश से संबंधित कुल 38 दस्तावेजों को बरामद किया गया है, जिसकी ओडिशा सतर्कता और क्रिप्टो विशेषज्ञों के वित्तीय विंग द्वारा जांच की जा रही है। इसके अलावा, रंजन दास और उनके परिवार के सदस्यों के नाम अब तक निम्नलिखित संपत्ति का पता चला है। इनमें राम हवेली, खारवेल नगर यूनिट-3 भुवनेश्व में एक 3 बीएचके फ्लैट नंबर-201, मोदीपड़ा संबलपुर में दो मंजिला एक इमारत, संबलपुर शहर के प्राइम एरिया में 8 प्लॉट आदि शामिल है, जिसकी सतर्कता तकनीकी विंग द्वारा फ्लैट/भवन का माप और मूल्यांकन किया जा रहा है। इसके अलावा नकद एक लाख सात हजार 785 रुपया के अलावा चार पहिया दो वाहन, दो दोपहिया वाहन, बैंक और अन्य जमाओं/निवेशों का विवरण और सोने के आभूषणों का मूल्यांकन चल रहा है।

## भारतीय और ताइवान विवि के बीच सहयोग को आसान बनाने के लिए ताइवान उत्सुक



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ताइवान ने संयुक्त डिग्री कार्यक्रम के लिए शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के साथ सहयोग करने और छात्रों को ताइवानी कंपनियों में प्लेसमेंट के लिए अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए मांडारिन भाषा सीखने में सक्षम बनाने के लिए रुचि दिखाई है। हम सोआ के साथ सहयोग करने के इच्छुक हैं, क्योंकि यह अपने चिकित्सा और इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए प्रसिद्ध है और विश्वविद्यालय में एक ताइवान शिक्षा केंद्र स्थापित करने के लिए इच्छुक जहां छात्र मांडारिन भाषा सीख सकते हैं। उक्त बातें भारत में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र के शिक्षा विभाग के सहायक प्रतिनिधि निदेशक पीटर्स ली-यिंग चेन ने शुक्रवार को कही। उन्होंने विश्वविद्यालय कार्यालय में सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक से मुलाकात की। कहा कि ताइवान संयुक्त सहयोग और शिक्षाविदों के लिए भारतीय और ताइवान विश्वविद्यालयों (विवि) के बीच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने का इच्छुक है। उन्होंने कहा कि भारत में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र ने पहले ही आईआईटी-बॉम्बे और आईआईटी-मद्रास सहित भारतीय विश्वविद्यालयों में 25 ताइवान शिक्षा केंद्र स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि हम भारतीय छात्रों को पढ़ाने के लिए ताइवान से मांडारिन शिक्षक उपलब्ध कराएंगे जो भाषा सीख सकते हैं क्योंकि इससे उन्हें ताइवान की कंपनियों में प्लेसमेंट दिलाने में मदद मिलेगी।

## धौली शांतिस्तूप की स्वर्ण जयंती में देश विदेश से शामिल हुए सैकड़ों बौद्ध संत



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** धौली की स्वर्ण जयंती शुक्रवार को मनाई गई। इससे पहले बौद्ध साधु संत राजधानी में शांति जुलूस निकाल चुके हैं। राजभवन से धौली तक इस जुलूस में देश विदेश से सैकड़ों बौद्ध संतों ने भाग लिया। गोल्डन जुबली के लिए पिस पैगोडा को एक नया रूप में सजाया गया है। बौद्ध संत संत हाथ में ड्रम लिए मंत्र जाप कर चल रहे हैं। जुलूस राजभवन के पास स्पेशल सर्किट हाउस से शुरू हुआ था। धौली पहुंचने के बाद बौद्ध भिक्षुओं और धर्मगुरु ने शांति के लिए प्रार्थना की। अशोक के शिलालेखों का परिदर्शन करन के साथ दुनिया में शांति का संदेश फैलाया। शुक्रवार को धौली की स्वर्ण जयंती पर पिस पैगोडा को सजाया गया और कई सुधार किए गए हैं। प्रार्थना मंत्र का जाप करने से शांति प्रार्थना में धौली पहाड गूंज उठा। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। गुरुवार को स्थानीय विधायक एवं मंत्री अशोक पंडा, जिला कलेक्टर ने धौली का दौरा कर सुधार कार्यों का जायजा लिया था। स्वर्ण जयंती समारोह के लिए शुक्रवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक धौली शांतिस्तूप में पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# 26/11 आतंकी हमले को लेकर भारत ने फिर किया पाकिस्तान को बेनकाब, चलाया आतंकी का ऑडियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान का आतंकी समर्थक चेहरा बेनकाब किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) की बैठक में भारत ने दुनिया के सामने मुंबई में हुए 26/11 हमले में पाकिस्तानी आतंकी साजिद मीर का ऑडियो प्ले किया, जिसमें वह फोन पर आतंकियों से कह रहा है- जहां भी मूवमेंट दिखे, जहां भी लोग हों वहां फायर ठोको।



### 26/11 हमला हम पर नहीं, दुनिया पर था : जयशंकर

**जयशंकर ने कहा कि '26/11 का हमला सिर्फ मुंबई पर नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर था। हमले के गुनहगारों को सजा दिलाने का काम जारी है, लेकिन अभी भी वो चुनौती पूरी नहीं हुई है। आतंकवाद ने दुनिया के कई क्षेत्रों को त्रस्त कर दिया है। भारत दूसरों की तुलना में इसको अधिक समझता है। उन्होंने कहा कि दशकों से सीमापार आतंकवाद से लड़ने की हमारी प्रतिबद्धता कमजोर नहीं हुई है और न ही होगी। आतंकवाद को रोकने के लिए इसकी फाइनेंसिंग रोकनी होगी। आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए, मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है। हमने आज पीड़ितों की आवाज सुनी है।**

### चबाड़ हाउस में उपस्थित आतंकियों को दे रहा था निर्देश

यूएनएससी की बैठक मुंबई के ताज होटल में हो रही है, जहां 26/11 का हमला हुआ था। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर की मौजूदगी में प्ले किए गए इस ऑडियो क्लिप में आतंकी साजिद मीर फोन पर चबाड़ हाउस में मौजूद आतंकियों को कह रहा है, 'बंदा कोई छत पर चल रहा है, कोई आ रहा है, जा रहा है उस पर फायर ठोको। उसे नहीं पता है वहां क्या हो रहा है। साजिद मीर को जवाब देते हुए फोन पर दूसरा आतंकी ऐसा ही करने का भरोसा देता है।

### पाकिस्तान ने किया मीर की मौत का ड्रामा

बैठक में भारत ने कहा कि 'आतंकी साजिद मीर आइएसआइ का पूर्व अफसर है। वह सिर्फ 26/11 हमले का आरोपी नहीं है, उसने कई और भी अतंरराष्ट्रीय आतंकी घटनाओं की साजिश रची हैं। ये आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के डेनमार्क प्रोजेक्ट का मास्टरमाइंड था। इसे कोपेनहेगन में एक अखबार के एडिटर को निशाना बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन इस प्लान का खुलासा हो गया।

दुनिया की आंखों में धूल झोकने के लिए साजिद मीर को मृत घोषित कर दिया गया। उसका डीएनए टेस्ट भी कर दिया गया, लेकिन बाद में पता चला कि वो जिंदा है। अंतरराष्ट्रीय दबाव में पाकिस्तान ने उसे अरेस्ट किया और सजा भी सुनाई गई। फिलहाल वो कहां हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं है। साजिद मीर को संयुक्त राष्ट्र में आतंकी घोषित कराने की प्रक्रिया अभी भी अटकी है। बतातें चलें कि 26 नवंबर 2008 की रात को लश्कर-ए-तैयबा के 10 पाकिस्तानी आतंकियों ने मुंबई की चार जगहों पर हमले किए थे। इस हमले को ड्डारत को 4 दिन में कंट्रोल कर पाए थे। इस हमले में 160 से अधिक लोग मारे गए थे, जिसमें 26 विदेशी थे। मुंबई पुलिस ने अजमल कसाब नाम के आतंकी को अरेस्ट किया था। बाकी 9 आतंकियों को मार गिराया था। आतंकियों ने मुंबई के दो 5 स्टार होटलों, रेलवे स्टेशनों और यहूदियों के एक धार्मिक स्थल (चबाड़ हाउस) नरीमन हाउस को निशाना बनाया था।

## ट्विटर में बड़े बदलाव करेंगे नये चीफ एलन मस्क, सीइओ को हटाया

**कहा- चाहता हूं ट्विटर पर लोग फिल्में देखें, वीडियो गेम खेलें**



**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** ट्विटर अब एलन मस्क का हो गया है। विवादों के बीच 7 महीनों से चल रही यह डील गुरुवार को आखिरकार पूरी हो गई। ट्विटर का चीफ बनते ही उन्होंने सबसे पहले सीइओ पराग अग्रवाल को हटाया। इसके साथ ही उन्होंने दो और ऑफिसर्स- चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीएफओ) नेड सहगल और लीगल अफेयर्स एंड पॉलिसी चीफ विजया गड्डे को भी बर्खास्त कर दिया। दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला कंपनी के मालिक मस्क ने डील होते ही ट्वीट किया- चिड़िया आजाद हुई। इससे पहले कहा था कि 'मैं चाहता हूं टिवटर पर लोग फिल्में देखें और वीडियो गेम खेलें।' इनके अलावा, 5,600 कर्मचारियों की छंटनी हो सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क कंपनी के 7,500 एम्प्लॉइज में से 75 फीसदी यानी करीब 5,600 कर्मचारियों को नौकरी से हटा सकते हैं। उन्होंने ट्विटर डील के दौरान संभावित निवेशकों से यह बात कही थी। हालांकि, यह रिपोर्ट आने के बाद ट्विटर के जनरल काउंसल सीन एडगेट ने इससे इनकार किया है। कर्मचारियों को ईमेल भेज कर कहा कि कंपनी छंटनी को लेकर कोई प्लान नहीं बना रही है।

## 1 नवंबर से खुलेगा शिमिलीपाल बाघ संरक्षण प्रकल्प

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बारीपदा विश्व प्रसिद्ध शिमिलीपाल राष्ट्रीय उद्यान (अभ्यारण्य) और बाघ संरक्षण प्रकल्प एक नवंबर से पर्यटकों के आने और ठहरने के लिए प्रवेश द्वार खोलेगा। बाघ संरक्षण प्रकल्प क्षेत्र निदेशक एवं क्षेत्रीय मुख्य वन्य जीव संरक्षक टी अशोक कुमार ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि पर्यटक सुबह 6 से 9 बजे के बीच पीठाबट्टा और यशीपुर के पास कलियानी तनखी गेट से शिमिलीपाल में प्रवेश कर सकते हैं। 25 वाहनों को पीठाबट्टा गेट से और 35 वाहनों को कालियानी से प्रवेश की अनुमति दी जाएेगी। विभाग ने जानकारी दी है कि इन दो प्रवेश द्वारों पर ही परमिट प्राप्त कर सक्ते है। बाघ परियोजना में प्रवेश करने से




पहले पर्यटक लिखित घोषणा देंगे कि वे सभी नियमों का पालन करेंगे। सभी पर्यटकों को दोपहर तीन बजे से योरंदा ओर बरेहीपाणी जलप्रपात और शाम चार बजे से पहले चहला से निकलने का निर्देश दिया गया है। पर्यटकों को वेबसाइट डब्ल्यूडबल्यूडब्ल्यू डॉट इकोटूरओड़िशाडॉट कॉम पर कुमारी, गुडगुडिया, रामतीर्थ, बरेहीपाण और यमुआनि स्थित टाइगर रिजर्व प्रोजेक्ट के बंगलों में रात में ठहरने के लिए अग्रिम बुकिंग करनी होगी।

# नवजात शिशु के पेट की सर्जरी कर निकाला गया बड़ा ट्यूमर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 27/10, नवजात शिशु के पेट की सर्जरी के बाद एक बड़ा ट्यूमर निकाला गया। सम अल्टीमेट मेडिकेयर के सर्जन ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। सम अल्टीमेट मेडिकेयर हॉस्पिटल की ओर से यह जानकारी दी गई है। बच्ची का पेट फूला हुआ देखकर उसके माता-पिता ने तुरंत डॉक्टर को दिखाया। जन्म के समय बच्चे का वजन ढाई किलो था। अस्पताल के पीडियाट्रिक्स एंड नियोनेटोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ प्रदीप कुमार दे ने बताया कि जन्म के दूसरे दिन से ही ब्रेस्टफीडिंग में दिक्कत आ रही



नवजात शिशु के पेट की सर्जरी करने वाली चिकित्सकीय टीम।

थी। सभी परीक्षणों के बाद यह पता चला कि बच्चे के पेट में एक बड़ा अपरिपक्व ट्यूमर (अपरिपक्व टेराटोमा) था। इसलिए टेराटोमा को हटाने का निर्णय लिया गया। इन टेराटोमा कोशिकाओं से बना एक ट्यूमर आमतौर पर नहीं देखा जाता है जहां यह होता है। बाल रोग सर्जन प्रो (डॉ) अंतज्यार्मी प्रधान ने सर्जरी का नेतृत्व किया, जबकि उनकी सहायता के लिए ऑन्को सर्जन डॉ. सुदाम षड़ंगी थे। इसी तरह एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ दीपंकर पढीआरी एनेस्थिसियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ स्वरूपा देवीप्रदा, डॉ प्रशांत कुमार बेहेरा और डॉ सोनम पंडा सहित टीम इस सर्जरी में शामिल थी। प्रोफेसर प्रधान ने कहा कि सर्जरी बहुत जटिल थी, क्योंकि ट्यूमर बच्चे के पेट में प्रमुख रक्त वाहिकाओं से निकटता से संबंधित था, इसलिए सर्जरी बहुत सावधानी से की गई। सर्जरी के बाद बच्चे को वेंटिलेटर पर रखा गया और डॉ दे और जूनियर कंसल्टेंट डॉ अजय कुमार गाहाण द्वारा इलाज किया गया। उहोंने कहा कि बच्चे के स्वास्थ्य में अब काफी सुधार हुआ है और वह स्तनपान करने में सक्षम है। इस सर्जरी को अस्पताल के अनुभवी सर्जनों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और उत्कृष्ट नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) द्वारा संभव हुआ।






## सपा विधायक आजम खां की विधानसभा सदस्यता समाप्त

लखनऊ (आजाद सिपाही)। भड़काऊ भाषण देने के मामले में दोषी करार दिए गए सपा के वरिष्ठ नेता और रामपुर शहर सीट के विधायक मोहम्मद आजम खां की विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। इस मामले में गुरुवार को रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें तीन वर्ष की सजा सुनाई थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आजम खां को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित करने की सूचना सचिवालय को भेजी थी, जिस पर विधानसभा सचिवालय ने सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। बतातें चलें कि भड़काऊ भाषण मामले में रामपुर के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम/विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी-एमएलए निशांत मान ने आजम को तीन साल सजा दी थी।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**